सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 18 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 41, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 281 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। सेंसेक्स 281 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 78 अंक की गिरावट आई। } 10

बैंकिंग फॉर विकसित भारत पर गठित होगी उच्चस्तरीय समिति

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार जल्द ही बैंकिंग फॉर विकसित भारत पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करना और इसे भारत की वृद्धि के अगले चरण के अनुरूप बनाना है। } 10

एनटीए ने 50 से अधिक कर्मचारियों को हटाया

तीन विषयों के प्रश्नपत्रों में त्रुटियां पाए जाने के बाद दोबारा परीक्षा के दिये थे आदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार के तहत अपने 50 से अधिक कर्मचारियों को हटा दिया है और प्रमुख पदों के लिए पेशेवरों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एनटीए ने रविवार को यूजीसी-नेट परीक्षा के तीन विषयों के प्रश्नपत्रों में कई त्रुटियां पाए जाने के बाद दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया। इससे पहले, प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, एनटीए के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्हें हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों और समग्र परीक्षा व्यवस्था में सुधार की जानकारी दी गई। मंत्रालय ने कहा, मंत्री को हालिया घटनाक्रम, विशेष रूप से समग्र व्यवस्था में सुधार के संबंध में एनटीए द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि एनटीए से 50 से अधिक कर्मचारियों को हटा दिया गया है। मंत्रालय के अनुसार, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, मुख्य वित्त अधिकारी, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), महाप्रबंधक (परीक्षा सुरक्षा) और महाप्रबंधक (अनुसंधान एवं विकास तथा साइकोमेट्रिक्स) सहित 10 नये पेशेवर पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं और नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि साइबर सुरक्षा, साइकोमेट्रिक्स, प्रश्नपत्र तैयार करने और अन्य विशेषज्ञ क्षेत्रों के लिए निजी क्षेत्र से ...शेष पृष्ठ 10 पर

युवा शक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन है माफिया : योगी

कुख्यात बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है सरकार, संपत्तियां जब्त कर तोड़ी कमर

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया प्रवृत्ति युवा शक्ति की सबसे बड़ी दुश्मन है। शिक्षा, नकल, ड्रग, खेल या किसी भी क्षेत्र में माफिया का प्रभाव बढ़ने से सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं का होता है। युवाओं के जीवन से खिलवाड़ करने वाले माफिया के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है और उनकी संपत्तियां जब्त की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में नागपंचमी के अवसर पर खेल विभाग और जिला कुश्ती संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि पूर्व की सरकारों के एजेंडे में खेल और युवा नहीं थे। आज जो लोग युवा-युवा चिल्ला रहे हैं, सत्ता में रहते हुए उन्होंने युवाओं के हित में कुछ नहीं किया। उस समय व्यवस्था माफिया की गिरफ्त में थी। उन्होंने कहा कि नकल माफिया हो या शिक्षा माफिया, यदि किसी ने युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव के लिए 86 टीमें तैनात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बारिश के बीच शारदा और घाघरा समेत नदियों के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। लखीमपुर खीरी के पलियाकलां में शारदा और बाराबंकी के एल्गिनब्रिज के पास घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ से प्रदेश के 12 जिले और 166 गांव प्रभावित हुए हैं, जहां करीब 64,402 लोग प्रभावित हैं। स्थिति से निपटने के लिए योगी सरकार ने व्यापक राहत एवं बचाव तंत्र सक्रिय किया है। प्रदेश में 1,586 बाढ़ चौकियां और 1,263 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं, जबकि राहत-बचाव के लिए कुल 86 टीमें लगाई गई हैं। इनमें एनडीआरएफ की 18, एसडीआरएफ की 16 और पीएसी की 52 टीमें तैनात हैं। प्रभावित इलाकों में 69 मेडिकल पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

लखनऊ मेट्रो में गो स्मार्ट कार्ड को एनसीएमसी कार्ड से बदलने की सुविधा शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम (यूपीएमआरसी) ने सोमवार को लखनऊमेट्रो यात्रियों के सफर को और सुविधाजनक बनाने के लिए हाल ही में पेश किए गए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) को अब मौजूदा गो स्मार्ट कार्ड धारकों के लिए भी उपलब्ध कराने की घोषणा की है। एक बयान के मुताबिक, यात्रियों की सुविधा के लिए सोमवार से एक महीने तक विशेष कार्ड एक्सचेंज सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत लखनऊमेट्रो के मौजूदा गो स्मार्ट कार्ड धारक अपने पुराने कार्ड को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एनसीएमसी में बदल सकेंगे। बयान में कहा गया, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे पहले अपने मौजूदा गो स्मार्ट कार्ड पर उपलब्ध शेष राशि का उपयोग करें। एक बार शेष राशि समाप्त हो जाने पर, वे मेट्रो स्टेशन पर गो स्मार्ट कार्ड को जमा कर सकते हैं और 30-दिन की एक्सचेंज विंडो के दौरान अपना नया एनसीएमसी कार्ड मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को फिर दिया झटका

वाशिंगटन। (एपी) अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा झटका देते हुए लेखिका ई-जीन कैरोल से जुड़े मामले में जूरी के फैसले को रद्द करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी। जूरी अदालत ने ट्रंप को 1990 के दशक के मध्य में न्यूयॉर्क शहर के एक डिपार्टमेंट स्टोर में कैरोल का यौन शोषण करने और बाद में उन्हें बदनाम करने का दोषी करार देते हुए 50 लाख अमेरिकी डॉलर का हर्जाना देने को कहा था। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के वकीलों ने न्यायाधीशों से उनकी अपील पर सुनवाई करने से इनकार करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। अदालत का ऐसी अर्जियों को मंजूरी देना असामान्य है।

भाजपा की नयी राष्ट्रीय टीम में यूपी का दबदबा

राम माधव, स्मृति ईरानी, बिप्लब देब को मिली जगह, पीयूष गोयल कोषाध्यक्ष, वसुंधरा राजे को भी किया शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व के तहत अपनी राष्ट्रीय टीम में सोमवार को व्यापक बदलाव करते हुए कई नये चेहरों को शामिल किया वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को महासचिव तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व पदाधिकारी राम माधव को उपाध्यक्ष बनाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि उसने युवाओं और अनुभवी नेताओं के बीच सही संतुलन बनाए रखा है। पार्टी ने राष्ट्रीय टीम में, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया सहित कुछ दिग्गज नेताओं को बनाए रखा है, जिनका नाम पार्टी के 13 उपाध्यक्षों में शामिल किया गया है। सोमवार को घोषित कुल 65 पदाधिकारियों में से 51 नये हैं। इनमें से छह की उम्र 40 साल से कम है, 15 लोग 40-49 साल के आयु वर्ग में हैं और 21 लोग 50-59 साल के आयु वर्ग में हैं। पार्टी के अनुसार, पदाधिकारियों में 10 महिलाएं और अल्पसंख्यक समुदायों के छह नेता भी शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि यह फेरबदल 2029 तक होने वाले विधानसभा चुनावों और अगले आम चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि उनके पिता वेद प्रकाश गोयल, जो अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री थे, लंबे समय तक पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रहे थे। गोयल अकेले ऐसे केंद्रीय मंत्री हैं जिन्हें पार्टी की नयी टीम में शामिल किया गया है। भाजपा ने बी एल संतोष को राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के पद पर बनाए रखा है, जो पार्टी में एक महत्वपूर्ण पद है। पार्टी की ओर से जारी सूची के मुताबिक, उसने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को भी अपने आठ राष्ट्रीय महासचिवों की टीम में शामिल किया है, जिनमें से छह नये हैं। नये उपाध्यक्षों में लोकसभा सदस्य डी. पुरंदेश्वरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत शामिल हैं। महासचिव की सूची में शामिल नये चेहरों में भाजपा सांसद एवं पार्टी की राजस्थान इकाई के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, लोकसभा सदस्य गजेंद्र पटेल, राज्यसभा सदस्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

2027 चुनाव के लिए रणनीतिक संदेश

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में उत्तर प्रदेश को खास महत्व मिला है। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश से जुड़े आठ नेताओं को संगठन के अहम पदों पर जिम्मेदारी दी गई है। रेखा वर्मा और प्रो. तारिक मंसूर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, स्मृति ईरानी और हरीश द्विवेदी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। वहीं डॉ. भोला सिंह और संगीता यादव को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। नई टीम में यूपी की सामाजिक और क्षेत्रीय राजनीति का संतुलन साधने की कोशिश दिखाई देती है। रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जो कुर्मी समाज से आती हैं और संगठनात्मक काम का अनुभव रखती हैं। उनके साथ प्रो. तारिक मंसूर को भी उपाध्यक्ष पद मिला है। पार्टी के लिए यह नियुक्ति इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा ...शेष पृष्ठ 10

मोदी व योगी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि नयी टीम में संगठनात्मक अनुभव, ऊर्जा एवं जमीनी स्तर से जुड़ाव का बेहतर मेल है।

राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी और किरेन रीजीजू समेत केंद्रीय मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी टीम को बधाई दी। भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में अपनी नयी राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है। इसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

बिहार : मंदिर के पास भगदड़, सात की मौत

14 अन्य घायल, राहत व बचाव कार्य में जुटा प्रशासन

एजेंसी

लखीसराय। बिहार के लखीसराय जिले में प्रसिद्ध अशोक धाम मंदिर के पास सोमवार सुबह भगदड़ में कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, यह घटना मंदिर के समीप स्थित अशोक धाम हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण हुई। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे थे। लखीसराय के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे अशोक धाम हॉल्ट रेलवे स्टेशन के पास भगदड़ में कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि 14 अन्य घायल हो गए। भीड़ के दबाव में बैरिकेडिंग का एक हिस्सा टूट गया, जिससे लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा बचाव एवं राहत कार्य जारी है। सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सात मृतकों में से पांच की पहचान मणिमाला देवी, टिंकू देवी, हेमलता देवी, ललिता ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रयागराज : सड़क दुर्घटना में तीन कांवड़ियों की मौत

प्रयागराज। जिले के गंगा नगर में सराय इनायत थानाक्षेत्र में जल लेकर वाराणसी जा रहे तीन कांवड़ियों की मोटरसाइकिल के एक ऑटो रिक्शा से टकरा जाने से एक कांवड़िये की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो कांवड़ियों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को दी। बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में स्थित प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे एक कांवड़िये की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान गोलू कुमार (25) के रूप में हुई है। वह करीब 60 कांवड़ियों के एक समूह का हिस्सा था। पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि रविवार देर शाम एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन ...शेष पृष्ठ 10 पर

झारखण्ड में छात्रों के आगे झुकी सरकार

हेमंत सोरेने ने टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं की रद्द

एजेंसी

झारखंड में जेपीएस-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों का आंदोलन सोमवार को 24वें दिन भी जारी रहा। इस बीच छात्रों और सरकार के बीच वार्ता नहीं हो सकी। हालांकि इस बीच सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा एलान कर दिया है। सीएम सोरेन ने टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं, टीडीपीएल द्वारा जारी किए गए परिणाम तथा टीडीपीएल के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार का चयन या भागीदारी रद्द करने की बात कही है।

इस बीच अनशन कर रहे देवेन्द्र महतो ने अपना अनशन तोड़ने का एलान किया। उन्होंने कहा सरकार ने यदि लिखित में दिया तो ठीक वरना संघर्ष जारी रहेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हमने इस मामले को अंतिम रूप देने के लिए विशेष कैबिनेट बैठक की। सभी पहलुओं पर विचार करने और समस्याओं का समाधान तलाशने के बाद हमने फैसला लिया है कि टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं, टीडीपीएल द्वारा जारी किए गए परिणाम तथा टीडीपीएल के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार का चयन या भागीदारी रद्द की जाती है। इस संबंध में टीडीपीएल द्वारा की गई सभी गतिविधियां ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- शहजाद भट्टी नेटवर्क के 253 आतंकी गिरफ्तार (पृष्ठ-02)
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई (पृष्ठ-02)
- इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जा विनिर्माण के लिए 31 प्रस्ताव (पृष्ठ-10)
- जापान की आर्थिक वृद्धि दर 1.1 प्रतिशत (पृष्ठ-10)
- बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.1 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर 18 से 23 अगस्त तक यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट 2026 का आयोजन, 200 से अधिक उद्योगपति तलाशेंगे अवसर

जापान से निवेश की बड़ी छलांग लगाएगा यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जापानी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए 18 से 23 अगस्त तक यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट 2026 का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जापान के 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपति, सीईओ, कारोबारी प्रतिनिधि और नीति-निमार्ता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित इस निवेश मीट के दौरान मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, कौशल विकास और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

जापान के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यमानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी करेंगे। 18 अगस्त को नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करेंगे। कार्यक्रम के तहत दिल्ली के अलावा लखनऊ, ग्रेटर नोएडा, आगरा और वाराणसी में विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली के ताज पैलेस में 19 अगस्त को हाई-लेवल सीईओ राउंडटेबल और उद्घाटन सत्र होगा। इसमें केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा जापानी उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। निवेश, आधुनिक तकनीक, औद्योगिक सहयोग और नई परियोजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। मुख्य राज्य स्तरीय निवेश सम्मेलन 21 अगस्त को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। इसमें गवर्नमेंट-टू-बिजनेस व बिजनेस-टू-बिजनेस मैचमेकिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। जापानी कंपनियों को प्रदेश सरकार और भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। सम्मेलन में जेट्रो, एस्कॉर्ट्स कुबोटा, कुबोटा कॉरपोरेशन जापान, तोशिबा इंडिया, मदरसन ग्रुप, होंडा ट्रेडिंग कॉरपोरेशन इंडिया, डाइकिन एयरकंडीशनिंग इंडिया, सुमितोमो कॉरपोरेशन इंडिया, स्पार्क मिंडा टोयो डेंसो और पैनासोनिक समेत कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जापानी कंपनियों की बड़ी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

संघर्ष व लक्ष्य के प्रति समर्पण खिलाड़ी की पहचान : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल गतिविधि का केंद्र बनी है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी-2026 की शुरूआत के साथ देश-विदेश के खिलाड़ी बर्फीले ट्रैक पर अपनी रफ्तार और कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल में सफलता का आकलन केवल पदक और परिणाम से नहीं किया जा सकता। किसी खिलाड़ी की असली ताकत उसकी मेहनत, अनुशासन, धैर्य और असफलताओं के बाद भी दोबारा प्रयास करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

शहजाद भट्टी नेटवर्क के 253 आतंकी गिरफ्तार

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व हमलों के मंसूबे नाकाम, आईएसआई समर्थित है 'एसबीएन'

- 12 अगस्त को हिरासत में लिये गये 14 राज्यों से 253 संदिग्ध लोग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई-समर्थित शाहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी बहु-राज्यीय कार्रवाई कर इस आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सीमा-पार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 14 राज्यों में 253 लोग हिरासत में लिए गए हैं और नेटवर्क के खिलाफ 80 से अधिक एफआईआर और 200+ गिरफ्तारियां दर्ज की गई हैं। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित आतंकी समूह 'शहजाद भट्टी नेटवर्क' को खत्म कर दिया और 253 सदस्यों को गिरफ़्तार कर उसके खतरनाक हमलों के मंसूबों को नाकाम कर दिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगह पर एक साथ ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क को ध्वस्त किया, जो आतंकवाद के प्रति भारत की 'जीरो-टॉलरेंस' नीति का एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आईएसआई से फंड पाने वाले इस समूह के पास से भारी मात्रा में सामग्री बरामद की गई, जिसमें आईईडी, पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, ज़िंदा कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरे शामिल थे। यह नेटवर्क कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था। शाहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) पाकिस्तान स्थित, आईएसआई द्वारा समर्थित आतंकी सिंडिकेट है जो भारत में ग्रेनेड, आईईडी और पेट्रोल बम हमलों तथा टारगेटेड किलिंग में शामिल है।

स्वतंत्रता दिवस के आसपास एसबीएन से जुड़ी संभावित गड़बड़ियों को रोकने के लिए 12 अगस्त को राज्य पुलिस बलों के साथ रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने वाली प्रणाली के जरिए समन्वित बहु-राज्यीय अभियान चलाया गया। इसमें 14 राज्यों में 253 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसमें उत्तर प्रदेश (62), हरियाणा (52), दिल्ली (51), पंजाब (44), राजस्थान (15), महाराष्ट्र (8), उत्तराखंड (5), कर्नाटक, गुजरात और बिहार (3-3) तथा तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और केरल (2-2)। साथ ही दिल्ली और कर्नाटक में नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। अब तक एसबीएन के खिलाफ 80 से अधिक एफआईआर और 200+ गिरफ्तारियां दर्ज की जा चुकी हैं।

ये मामले यूएपीए, बीएनएस, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज हैं। आईईडी, पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की मार्किंग वाले ग्रेनेड, पिस्टल, जिंदा कारतूस और जासूसी वाले सीसीटीवी कैमरे बरामद हुए हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन ने दी नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को बधाई

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा नवनियुक्त सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी समर्पण और अपने संगठन कौशल से पार्टी को नई ऊंचाईयों तक ले जायेंगे और जन सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। पंकज चौधरी ने भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को यशस्वी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनायेंगे तथा जनकल्याण और सेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे।









2017 के पहले सपाई हड़प लेते थे गरीबों का राशन कार्ड

अब 15 करोड़ लोगों को लगातार मिल रहा निःशुल्क राशन

विशेष संवाददाता (vol)

- कोटेदारों का लाभांश 90 से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले गरीबों के राशन कार्ड तक हड़प लिए जाते थे। गरीब भूख से मरता था, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से प्रदेश के करीब 15 करोड़ लोगों को लगातार निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। निराश्रितों और दिव्यांगजनों तक राशन पहुंचाने की भी व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोकभवन में उचित दर विक्रेताओं के लिए सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि का शुभारंभ किया। अब कोटेदारों को 90 रुपये के स्थान पर 125 रुपये प्रति कुंतल लाभांश मिलेगा। योगी ने कहा कि लाभांश में 35 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। इसमें 10 रुपये केंद्र और 25 रुपये राज्य सरकार की ओर से बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोटेदारों के लाभांश में 25 रुपये और बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उचित दर विक्रेता सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु हैं। वर्ष 2017 से पहले राशन वितरण व्यवस्था में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार राशन नहीं भेजती थी, लेकिन उसकी नाराजगी और बदनामी कोटेदारों को झेलनी पड़ती थी। लोगों की निगाह में कोटेदारों की छवि खराब हो गई थी, जबकि गलती उनकी नहीं थी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2017 में जनता दर्शन में आने वाले एक हजार प्रार्थना पत्रों में करीब 300 शिकायतें राशन वितरण से जुड़ी होती थीं। अब राशन वितरण को लेकर एक भी शिकायत नहीं आती। उन्होंने कहा कि ई-पॉस मशीन और सिंगल डोर-स्टेप डिलीवरी लागू होने से व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। एफसीआई के गोदाम से सीधे उचित दर की दुकान तक राशन पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान भी कोटेदारों ने गरीबों तक राशन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उस समय दाल, नमक और तेल का भी वितरण किया गया और कहीं से कोई बड़ी शिकायत नहीं आई। योगी ने कहा कि उचित दर की दुकानों को अब केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इन दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस वर्ष इसके लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अन्नपूर्णा भवन में दुकान और गोदाम की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि उचित दर विक्रेता अब 39 प्रकार के सामान बेच सकते हैं। इनमें नशीले और ज्वलनशील पदार्थ अथवा देश और समाज के प्रतिकूल गतिविधियों से जुड़े सामान शामिल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा भवनों में ओडीओपी उत्पादों को बढ़ावा देने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दो करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन और 1.53 करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

करीब 10 हजार राशन दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया। कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों में फ्लोरिंग, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और फर्नीचर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। करीब 1.60 करोड़ बच्चों को बैग, किताबें, दो यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और स्वेटर दिए जा रहे हैं। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसानों से खरीदे जाने वाले खाद्यान्न में भी हेराफेरी होती थी और बिचौलियों के कारण किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। अब सरकार किसानों से सीधे धान, गेहूं, दलहन, तिलहन और मिलेट्स की खरीद कर रही है तथा डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले साढ़े नौ वर्षों में व्यवस्था बदली है और उत्तर प्रदेश के प्रति देश-दुनिया की धारणा में भी बदलाव आया है। यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार की ताकत का परिणाम है। लाभांश बढ़ाए जाने पर उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहरोत्रा, ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के राजेश तिवारी, आदर्श कोटेदार कमलेश कुमार मिश्र और उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र सौंपा।

बकायेदारों को ई-मेल से मिलेगी बकाये की सूचना

15 दिसंबर तक चलेगी योजना, ब्याज और सरचार्ज में छूट का प्रावधान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ क्षेत्र में लंबे समय से लंबित संपत्ति कर की वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी गई है। शासन के आदेश के तहत योजना 15 अगस्त से शुरू होकर 15 दिसंबर 2026 तक चलेगी। योजना में गृहकर, जलकर और सीवरकर के बकाये का पूरा भुगतान करने पर 1 अप्रैल 2026 तक के बकाये पर लगे ब्याज और सरचार्ज में छूट का प्रावधान किया गया है।

नगर निगम के अनुसार 15 अगस्त से 14 सितंबर तक सभी डिफाल्टरों को उनके बकाये की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए बकायेदारों को ई-मेल, एसएमएस और पत्र के माध्यम से सूचना देने की व्यवस्था की गई है। ओटीएस के लिए नगर निगम के सभी आठ जोन में हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं। यहां नागरिक योजना की जानकारी लेने के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। योजना के आवेदन, पंजीकरण और रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

ऑफलाइन आवेदन जमा करने वाले नागरिकों को हस्ताक्षर और मुहर वाली प्राप्ति रसीद देना अनिवार्य किया गया है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की प्रतियां भी सुरक्षित रखी जाएंगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में डब्लर सॉफ्टवेयर और योजना की प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। योजना के तहत सरकारी विभागों ने भी आवेदन करना शुरू कर दिया है। नगर निगम के अनुसार विद्युत विभाग ने अपने सभी भवनों के लिए एकमुश्त समाधान योजना के तहत आवेदन किया है।

नगर निगम ने योजना से संबंधित जानकारी और पत्राचार के लिए मुख्यालय तथा सभी आठ जोन के ई-मेल जारी किए हैं। नागरिक संबंधित जोन से ई-मेल के माध्यम से जानकारी ले सकते हैं। नगर निगम की ओर से प्रत्येक डिफाल्टर को बकाये की मूल धनराशि, ब्याज और अन्य देय राशि का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। यह प्रक्रिया 15 अगस्त से 14 सितंबर के बीच पूरी की जानी है। कर अधीक्षक, वार्ड लिपिक, राजस्व निरीक्षक और अन्य वसूली कर्मचारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। जोनल अधिकारियों को योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

रिपोर्ट में प्राप्त ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन, डिफाल्टरों को दी गई सूचना, निस्तारित आवेदन, प्राप्त भुगतान तथा ब्याज-सरचार्ज में दी गई छूट का विवरण शामिल होगा। योजना का लाभ अधिक से अधिक बकायेदारों तक पहुंचाने के लिए वार्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार, शिविर और गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। जोनल अधिकारियों को क्षेत्रीय पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इन गतिविधियों को संचालित करने तथा प्रतिदिन उनकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

दिव्यांग संविदा कार्मिक पेंशन योजना लागू करने की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- वर्ष 2023-24 में भी 1,120 लोगों की विद्युत दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश में विद्युत दुर्घटनाएं लगातार गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं। बरसात के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में संविदा कर्मी भी प्रभावित होते हैं और कई कर्मियों की मृत्यु होने के साथ अनेक कर्मी दिव्यांग हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012-13 में विद्युत दुर्घटनाओं में 570 लोगों की मृत्यु हुई थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 1,428 हो गई। इस प्रकार दस वर्षों में मौतों की संख्या में करीब 150.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष 2023-24 में भी 1,120 लोगों की विद्युत दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई। सरकार को संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि दिव्यांग संविदा कार्मिक पेंशन योजना लागू करने के लिए नए नियम बनाए जाएं, जिसमें विद्युत दुर्घटना के कारण दिव्यांग हुए संविदा कार्मिकों को पेंशन का लाभ दिया जाए।

साथ ही विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने वाले संविदा कर्मियों की पत्नी अथवा परिवार के एक पात्र सदस्य को भी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि मृतक संविदा कर्मी के परिवार का कोई एक सदस्य यदि इच्छुक एवं निर्धारित योग्यता पूरी करता है, तो उसे बिजली निगम में संविदा कर्मी के रूप में रोजगार देने का प्रावधान किया जाए।

इंडियन ऑयल ने लांच की विशेष इंडेन सुरक्षा कवच

पूर्वांचल में आज से शुरू हुई '2 मिनट की तैयारी, सुरक्षा बने हमारी' मुहिम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपभोक्ताओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए इंडियन ऑयल के लखनऊ इंडेन मंडलीय कार्यालय ने आगामी रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर रसोई सुरक्षा को समर्पित एक व्यापक अभियान की शुरुआत की है। इंडियन ऑयल का मानना है कि इस रक्षाबंधन घर की माताओं, बहनों और गृहिणियों के लिए इंडेन सुरक्षा कवच से अधिक उपयोगी और अनमोल उपहार कोई दूसरा नहीं हो सकता। त्योहार से पूर्व ही शुरू किया गया यह अभियान हर घर की रसोई को दुर्घटनामुक्त बनाने और गृहिणियों को बेफिक्र सुरक्षा का अहसास कराने का एक ठोस संकल्प है। इस विशेष अभियान का आधिकारिक शुभारंभ भोद्रो लाकड़ा, स्टेट एलपीजी हैड, यूपीएसओ-1 इंडियन ऑयल द्वारा विशाल भरत मण्डल एलपीजी प्रमुख, लखनऊ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों चैनल पाटनर्स की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस रक्षाबंधन दें इंडेन सुरक्षा का वचन, बनाएं सुरक्षित कल का जीवन संदेश के साथ लांच की गई इस विशेष पहल के तहत उपभोक्ता अपनी आवश्यकतानुसार उपकरणों का चयन या मनपसंद कॉम्बिनेशन चुन सकते हैं, पूरी किट एक साथ खरीदना अनिवार्य नहीं है। ग्राहक अपने नजदीकी इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर 'इंडेन सुरक्षा कवच' प्राप्त कर सकते हैं। इस विशेष योजना का लाभ कोई भी व्यक्ति उठा सकता है। इसके लिए इंडेन का उपभोक्ता होना अनिवार्य नहीं है, अन्य गैर-इंडेन ग्राहक भी इसे आसानी से खरीद सकते हैं।

सुरक्षा को हर रसोई तक पहुंचाने के लिए इंडियन ऑयल के पूर्वांचल (पूर्वी उत्तर प्रदेश) क्षेत्र से आज से एक विशेष ऑन-स्पॉट जांच मुहिम की शुरूआत की गई है।

इसके तहत सिलेंडर की डिलीवरी करते समय प्रत्येक डिलीवरी बॉय ग्राहक के परिसर पर 2 मिनट का समय देगा। इस दौरान डिलीवरी बॉय रसोई में जाकर अनिवार्य सुरक्षा मानकों की जांच करेगा, ओ-रिंग का मुआयना व परिवर्तन करेगा और लीकेज चेक सुनिश्चित करेगा। समारोह को संबोधित करते हुए भोद्रो लाकड़ा ने कहा, इंडियनऑयल के लिए ग्राहक सुरक्षा सर्वोपरि है। रक्षाबंधन पर लॉन्च 'सुरक्षा कवच किट' और '2 मिनट की डिलीवरी सुरक्षा जांच' मुहिम हर घर की रसोई को दुर्घटनामुक्त बनाने का हमारा संकल्प है।

निजी अस्पताल में प्रसूता और नवजात की मौत

लखनऊ। गुडंबा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता और एक जुड़वा नवजात की मौत हो गई। दूसरा नवजात गंभीर हालत में एनआईसीयू में भर्ती है। बाराबंकी निवासी रिंकी को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार पहले निजी अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने जांच में जुड़वा बच्चे और पीलिया की शिकायत बताकर केजीएमयू के क्वीनमेरी में दिखाने की सलाह दी। परिवार रिंकी को एंबुलेंस से केजीएमयू ले जा रहा था। इसी दौरान एंबुलेंस के दलालों ने बेहतर इलाज का झांसा देकर रविवार शाम 4 बजे उन्हें गुडंबा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। पति बलवंत के अनुसार, यहां ऑपरेशन से प्रसव हुआ। प्रसव के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई। दूसरे बच्चे की हालत नाजुक होने पर उसे एनआईसीयू में भर्ती किया गया। कुछ देर बाद रिंकी की तबीयत बिगड़ी और 24 घंटे के भीतर उसकी भी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि समय पर केजीएमयू न पहुंचने और विशेषज्ञ सुविधा न मिलने से यह हादसा हुआ।

उज्जैन की तर्ज पर चांदी की पालकी में महादेव ने किया नगर भ्रमण

लखनऊ। सावन के तीसरे सोमवार पर चौक कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर मंदिर से महादेव चांदी की पालकी में नगर भ्रमण यात्रा पर निकलें। मंदिर से कोतवालेश्वर बाबा को चांदी पालकी में बैठाया गया। उसके बाद बाबा जी की आरती मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने की। मंदिर से निकलते ही गॉड ऑफ ऑनर प्रशासन द्वारा दिया गया। प्रशासन से आये होमगार्ड बैण्ड बजा कर बाबा को प्रस्थान कराया। नगर भ्रमण यात्रा श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर खुनखुन जी रोड़ कोनेश्वर मंदिर पहुंचेगी जहां विराजमान विष्णु जी से हरि से हर का अद्भुत मिलन होगा। तत्पश्चात यात्रा कोणेश्वर चौराहा घूमकर चौक चौराहा कंचन मार्केट चरक चौराहा कमला नेहरू मार्ग होते हुए बैंड बाजे के साथ मंदिर में पुनः वापस आने पर भव्य आतिशबाजी के बाद यात्रा संपन्न हुई।

18 आईएएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 18 आईएएस अधिकारियों के तबादले करते हुए उन्हें विभिन्न जिलों में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर नई तैनाती दी है। ये अधिकारी अब तक अलग-अलग जिलों में सहायक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थे। तबादला आदेश के अनुसार आदित्य श्रीवास्तव को मुरादाबाद से शाहजहांपुर, मोनिका को फतेहपुर से बस्ती, शौर्य अरोड़ा को उन्नाव से बदायूं, कुनाल रस्तोगी को बिजनौर से गोरखपुर, अयान जैन को गाजियाबाद से आजमगढ़ और शिवम कुमार को आगरा से महराजगंज का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। अनिमेष वर्मा को प्रयागराज से देवरिया, अंशुल हिंडोल को मिजार्पुर से सुल्तानपुर, शुभांशु कटियार को अलीगढ़ से जौनपुर, विनोद कुमार मीना को सहारनपुर से औरैया, अर्पित कुमार को कन्नौज से प्रयागराज और रिम आनंद को सुल्तानपुर से कानपुर देहात भेजा गया है। रमेश चंद्र वर्मा को लखनऊ से बलिया, अक्षय दीपक को झांसी से कुशीनगर, तेजस के. को बाराबंकी से मैनपुरी, मनीषा धायें को लखीमपुर खीरी से झांसी, आयुष अग्रवाल को सिद्धार्थनगर से रायबरेली और अपराजिता आर्यन को मुजफ्फरनगर से लखनऊ का संयुक्त मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नए पद पर तैनाती के साथ इन अधिकारियों को संबंधित जिलों में प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालनी होगी।

बिजली चोरी पर 10 घरों में कार्रवाई 25 उपभोक्ताओं की जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर सोमवार को राजधानी के विभिन्न बिजली क्षेत्रों में चेकिंग, मेगा कैंप और अनुरक्षण अभियान चलाया गया। अमौसी क्षेत्र में विभागीय और विजिलेंस टीम ने सुबह के समय 87 विद्युत कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान 10 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते मिले। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई। गोमतीनगर क्षेत्र में सेक्टर-25 और सर्वोदय नगर उपकेंद्र के तहत रेड टीम ने 25 परिसरों की जांच की।

हालांकि किसी भी उपभोक्ता के यहां बिजली का अनधिकृत या अवैध इस्तेमाल नहीं मिला। वहीं सेक्टर-14 ओल्ड, चिनहट, एचएएल, विश्वास खंड, सेक्टर-5 और विभूतिखंड उपकेंद्रों पर आयोजित मेगा कैंप में 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 15 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एक से 17 अगस्त तक इन कैंपों में कुल 455 शिकायतें आईं, जिनमें 447 का समाधान किया जा चुका है। जानकीपुरम क्षेत्र में बारिश को देखते हुए बिजली पोल, स्टे वायर और फेंसिंग में करंट की जांच की गई। विभिन्न उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मर अनुरक्षण, स्विचयार्ड की सफाई, प्रीवेंटिव मेंटेनेंस और पेड़ों की टहनियों की छंटाई कराई गई। जीपीआरए में आयोजित वाणिज्यिक मेगा कैंप में 27 शिकायतें मिलीं, जिनमें 13 का तत्काल समाधान हुआ। लखनऊ मध्य क्षेत्र में भी बारिश के कारण लाइनों के पास आ रही पेड़ों की डालियां हटाई गईं और आरडीएसओ उपकेंद्र पर खराब लाइटनिंग अरेस्टर बदला गया। 1912 पर 47 मीटर, 58 सप्लाई और 40 बिल संबंधी शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकारियों के अनुसार वर्टिकल व्यवस्था के तहत शिकायतों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है और बिजली आपूर्ति को सुरक्षित व निर्बाध बनाए रखने के लिए अभियान जारी रहेगा।

बारिश के जलते अस्पतालों में हुआ कई जगह जलभराव

लखनऊ। जोरदार बारिश के चलते अस्पतालों में जलराभव हो गया। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सर्जरी विभाग के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। बेसमेंट में बने डाक्टरों के चैम्बर तक पानी पहुंच गया। सोमवार को कई डॉक्टर ड्यूटी के लिए अस्पताल पहुंचे, लेकिन चैम्बर के आसपास पानी भरा होने के कारण वह अपने कमरों तक नहीं पहुंच सके। बलरामपुर अस्पताल में न्यू बिल्डिंग के पास जलभराव हो गया। इसके चलते लोगों को जलभराव के गुजर आवागमन करना पड़ा। कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य हो पायी। सिविल अस्पताल के कई हिस्सों में निर्माण चल रहा है। इसके चलते जलभराव हो गया। जलभराव के कारण लोगों को अपने दो पहुहिया वाहन पैदल चलाकर निकालने पड़े। केजीएमयू में सर्जरी विभाग के अलावा केजीएमयू परिसर स्थित कई अन्य विभागों के बेसमेंट में भी बारिश का पानी भर गया।

लोहिया संस्थान में राष्ट्रीय फार्माकोलॉजी दिवस मना

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के औषधि विज्ञान विभाग की ओर से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से सोमवार को राष्ट्रीय फार्माकोलॉजी दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष के राष्ट्रीय फार्मॉकोलॉजी दिवस का विषय बेहतर स्वास्थ्य के लिए औषधि खोज को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्देश्य औषधि विज्ञान एवं नवीन औषधि खोज की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना था। इसके पश्चात डॉ. गौतम पालित, पूर्व वैज्ञानिक, सीडीआरआई, लखनऊ द्वारा दवा की खोजः पेप्टिक अल्सर की बीमारी के लिए भारतीय औषधीय पौधों से 'लीड्स' (संभावित दवाएं) विकसित करने के वैज्ञानिक तरीके विषय पर अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

दो पहिया वाहन में साइड शीशा और बैक शीशा लगवाना जरूरी

लखनऊ। दो पहिया वाहन चालकों के लिए साइड मिरर और पीछे देखने वाला मिरर लगवाना जरूरी है। सड़क पर वाहन चलाते समय पीछे से आने वाले वाहनों की जानकारी नहीं होने के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की ओर से दो पहिया वाहनों में दोनों तरफ साइड मिरर और रियर व्यू मिरर की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक कई वाहन चालक स्टाइल या सुविधा के नाम पर साइड मिरर निकलवा देते हैं। कुछ नए वाहन चालक भी मिरर को ठीक से समायोजित नहीं करते। इससे लेन बदलते समय पीछे से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते और हादसे की आशंका बनी रहती है। विशेषकर व्यस्त चौराहों और हाईवे पर यह लापरवाही ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ का कहना है कि गाड़ी में सीसा लगकर आता है लेकिन वाहनस्वामी उसे निकाल देता है जबकी यह नियमो के खिलाफ है। यातायात नियमों के अनुसार वाहन में निर्धारित सुरक्षा उपकरणों का होना जरूरी है। वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे दोनों साइड मिरर और रियर व्यू मिरर को सही स्थिति में रखें। मिरर टूटने या खराब होने पर तत्काल नया मिरर लगवाएं। परिवहन विभाग की ओर से वाहन चेकिंग के दौरान मिरर की भी जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि चालान से बचने के बजाय अपनी और सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए वाहन में मिरर जरूर लगवाएं।

अधिकारियों का कहना है कि दो पहिया वाहन में मिरर महज औपचारिकता नहीं, बल्कि दुर्घटना रोकने वाला महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है। पीछे देखने के लिए बार-बार गर्दन घुमाने के बजाय मिरर से यातायात की स्थिति देखकर सुरक्षित तरीके से लेन बदली जा सकती है। इसलिए प्रत्येक दो पहिया वाहन चालक को यात्रा शुरू करने से पहले मिरर की स्थिति जरूर जांचनी चाहिए।

नगर निगम ने अवैध बने 53 रैंप तोड़े

लखनऊ। शहर में अतिक्रमण और यातायात अवरोधों के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार को सघन अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-7 में हुई कार्रवाई के दौरान सड़क, नाली और नालों की पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। इसके साथ ही गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में पॉलिटेक्निक चौराहे से चिनहट तक सड़क के दोनों ओर अभियान चलाया गया। नाली और नालों की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नगर निगम के अनुसार कार्रवाई का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कराना है। अभियान के दौरान पॉलिटेक्निक चौराहे के आसपास बनाए गए 53 रैंप तोड़े गए। इसके अलावा 8 लोहे के काउंटर, 10 ठेले, 9 ठेलियां और 6 गुमटियां हटाई गईं।

गृह विभाग ने दी फाइनल एसआईटी रिपोर्ट

लखनऊ। अयोध्या चढ़ावा प्रकरण में उत्तर प्रदेश के गृह विभाग ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आवश्यक कार्रवाई के साथ विशेष जांच दल (एसआईटी) की फाइनल रिपोर्ट सौंप दी है। यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के इस मामले में हस्तक्षेप से पहले बनी एसआईटी ने तैयार कर शासन को सौंपी थी। एसआईटी का गठन गत 13 जून को ट्रस्ट के अनुरोध पर राज्य सरकार ने किया था। लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में बनी इस तीन सदस्यीय एसआईटी में आईजी रेंज किरण एस. तथा विशेष सचिव (वित्त) नील रतन कुमार को सदस्य बनाया गया था। एसआईटी ने 23 जून को शासन को अपना प्रारंभिक प्रतिवेदन सौंपा था, जिसमें कई कठोर संस्तुतियां की गई थीं।

माल में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

हजारों व्यापारी व नागरिक हुए शामिल

लखनऊ। माल उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में सोमवार को विशाल तिरंगा ध्वज यात्रा निकाली गई। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा का संचालन उमाशंकर त्रिपाठी ने किया। तिरंगा यात्रा में हजारों व्यापारी, नागरिक और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयघोष के बीच लोग पैदल और सैकड़ों वाहनों के साथ पूरे माल बाजार एवं कस्बे में भ्रमण करते रहे। यात्रा के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने यात्रा की भव्यता बढ़ाई।

यात्रा माल ब्लॉक मुख्यालय स्थित शहीद प्रतीक स्तंभ पहुंची, जहां स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद यात्रा प्राचीन श्री नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए अमरनाथ मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूरे होने के बाद देश 80वां स्वतंत्रता दिवस मना चुका है। यह गर्व और गौरव का अवसर है, लेकिन साथ ही समाज को आत्ममंथन भी करना चाहिए। जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव से ऊपर उठकर भारतीयता की भावना को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूजा-पद्धतियां और परंपराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन सभी की सबसे बड़ी पहचान भारतीय होना है। उन्होंने लोगों से अपने नाम के साथ भारतीय शब्द जोड़ने की नई परंपरा शुरू करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लेने का दिन है। मलिहाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा से पूरे माल क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का वातावरण बना। तिरंगा राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और एकता का प्रतीक है। व्यापारियों और नागरिकों की बड़ी भागीदारी राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूकता को दशार्ती है। यात्रा में संरक्षक विजय कुमार सिंह चौहान, अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, महामंत्री राजेश रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, मो. असलम, आशुतोष चौरसिया, रवि चौरसिया, विनय गुप्ता, मो. इस्राइल, रजनीश सिंह, कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ मंत्री महिपाल यादव, संगठन मंत्री दिलीप शुक्ला, प्रचार मंत्री सुरेश यादव, वीरेंद्र शुक्ला, ओमप्रकाश, राम कुमार राही सहित व्यापार मंडल एवं स्थानीय निकाय के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं ने किये श्रीरामलला के दर्शन

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल से ग्राम भागुखेड़ा, पोस्ट जैतीखेड़ा, मंडल सरोजनीनगर से 62वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन किए।

डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में संचालित इस पहल के तहत अब तक 8,750 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निःशुल्क अयोध्या धाम ले जाने की व्यवस्था की जाती है। रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा की शुरूआत 27 सितंबर 2022 को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपनी माताजी स्वर्गीय श्रीमती तारा सिंह की स्मृति में की थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंद और वरिष्ठ श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम की यात्रा कराकर रामलला, हनुमानगढ़ी और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कराना है।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जलपान, भोजन और चिकित्सा सहायता समेत आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। उन्हें रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता और प्रसाद भी भेंट किया गया। आयोजकों के अनुसार, रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का उद्देश्य केवल तीर्थ दर्शन तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से भगवान श्रीराम के मयार्दा, त्याग, सेवा, कर्तव्य और राष्ट्रधर्म के आदर्शों को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

यात्रा में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। आयोजकों ने कहा कि यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का माध्यम बन रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल के तहत जारी इस अभियान का संकल्प सरोजनीनगर में रामभक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता की भावना को निरंतर मजबूत करना है।

चंदन हॉस्पिटल के सामने अवैध पार्किंग पर कार्रवाई

लखनऊ। शहर में अवैध पार्किंग और यातायात व्यवस्था में बाधा डालने वाले वाहनों के खिलाफ नगर निगम लखनऊ ने कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार शाम जोन-4 क्षेत्र में चंदन हॉस्पिटल के सामने संचालित हो रही अवैध पार्किंग के खिलाफ नगर निगम की टीम ने अभियान चलाया। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित पार्किंग को हटाया। अभियान के दौरान सड़क और आसपास के क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े पाए गए वाहनों को भी जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद मौके से अवैध पार्किंग हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया गया। अभियान के दौरान जोन-4 की जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी, पार्किंग प्रभारी विनीत सिंह और पार्किंग नोडल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह समेत नगर निगम की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से पार्किंग संचालित करने अथवा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

केजीएमयू का सर्वर ठप होने से मरीज-तीमारदार परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- फीस, भर्ती, डिस्चार्ज और रिपोर्ट सब अटके

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में सर्वर की दिक्कत थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को सर्वर ने मरीज व तीमारदार भी परेशान हो गये। सुबह से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने लगे लेकिन पर्चा काउंटर की लाइन घटने के बजाए सिर्फ बढ़ती जा रही थी। पता चला कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। फीस जमा करने से लेकर मरीज की भर्ती, डिस्चार्ज समेत दूसरे जरूरी कामकाज अटक गए। जांच रिपोर्ट तक मरीजों को मिलने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इलाज के बाद घर जाने की तैयारी कर रहे मरीजों को भी सिस्टम ठीक होने का इंतजार करना पड़ा।

केजीएमयू में चार हजार बेड हैं, ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। लगभग सात से आठ हजार मरीज प्रतिदिन ओपीडी में आ रहे हैं। बीते कई दिनों दिल्ली एनआईसी से सर्वर में खराबी चल रही है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। केजीएमयू में सोमवार को सर्वर ठप हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी उन मरीजों और तीमारदारों को हुई, जिन्हें जांच रिपोर्ट की जरूरत थी। सर्वर ठप होने से रिपोर्ट मिलने में दिक्कत आई। कई मरीज रिपोर्ट के लिए इधर-उधर भटकते रहे। इलाज की अगली प्रक्रिया जांच रिपोर्ट पर निर्भर होने के कारण उनकी चिंता और बढ़ गयी।

सुबह पहुंचने वाले मरीजों को उम्मीद थी कि रोज की तरह पंजीकरण, फीस जमा और दूसरी औपचारिकताएं जल्द पूरी हो जाएंगी, लेकिन सर्वर ने पूरी व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। फीस जमा करने में दिक्कत आने से मरीजों और तीमारदारों को इंतजार करना पड़ा। भर्ती की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई। आनलाइन सिस्टम पर निर्भर जरूरी सेवाओं के रुकने का सीधा असर मरीजों पर पड़ा।

महत्वपूर्ण नंबर		फायर स्टेशन	एम्बुलेंस	
वूमेन पावर लाइन	1090	हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642	मेडिकल सेवा-	102, 108
पुलिस	100, 2629999	गोमती नगर-9454418657		
पुलिस स्टेशन गंज	2622556			

अव्यवस्थाओं से आक्रोशित छात्राओं का विरोध प्रदर्शन

पारा क्षेत्र के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय स्कूल की छात्राओं ने दुबग्गा बाईपास चौराहे पर किया रोड जाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा क्षेत्र स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय स्कूल में शिक्षकों की कमी, खराब भोजन व आचार्य-व्यवहार में कमी समेत अनेक मामलों को लेकर स्कूल में व्याप्त तमाम अव्यवस्थाओं से आक्रोशित छात्राओं ने सुबह स्कूल से निकलकर 5 किलोमीटर पैदल चलकर दुबग्गा बाईपास चौराहे पर रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। बारिश के बीच यहां पहुंची करीब 150 से अधिक छात्राएं मांगों को पूरी करने के लिए मौके पर जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। पुलिस प्रशासन ने शिक्षकों की मदद से आक्रोशित छात्राओं को शांत कराया और वापस भेजा। करीब डेढ़ घण्टे चले विरोध प्रदर्शन से क्षेत्र में यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई, जिसे पुलिस ने घंटों की कोशिा के बाद सामान्य कराया।

छात्राओं के मुताबिक मोहान रोड पारा स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय स्कूल में काफी समय शिक्षकों की भारी कमी हैं, जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भोजन की गुणवत्ता भी खराब है। छात्राओं ने इसकी शिकायत स्कूल प्रशासन की, लेकिन सुधार नही हुआ। शिक्षकों पर छात्राओं से अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने का भी आरोप है। इन्हीं सब व स्कूल में व्याप्त तमाम व्यवस्थाओं को लेकर आक्रोशित छात्राओं ने सोमवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया।

बारिश के बीच करीब 150 से अधिक छात्राएं स्कूल से निकल कर करीब ढाई किलोमीटर पैदल चलकर दुबग्गा कानपुर बाईपास चौराहे पर पहुंच कर सड़क पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन के चलते चौराहे पर यातायात बाधित हो गया। आक्रोशित छात्राएं समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर जिलाधकारी बुलाने की मांग पर अड़ी थीं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि बीमारी की समय उचित इलाज भी नहीं मिलता है। पढ़ाई का शेड्यूल भी ठीक नहीं है। विरोध करने पर हम लोगों की आवाज को दबाया जाता है। शिक्षकों की कमी चलते पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। आक्रोशित छात्राओं ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए।

पुलिस प्रशासन आक्रोशित छात्राओं को समझाने में जुटा रहा। करीब डेढ़ घण्टे बाद शिक्षकों की मदद से कार्रवाई के आश्वासन पर पुलिस प्रशासन आक्रोशित छात्राओं को शांत करा वापस स्कूल भेजा। प्रर्दशन के चलते चौराहे पर अव्यवस्था फैल गई यातायात प्रभावित हो गया।

पूर्व में भी अव्यस्थाओ को लेकर छात्राएं कर चुकी है विरोध प्रदर्शन : जय प्रकाश नारायण सर्वोदय स्कूल में अव्यस्थाओं को लेकर इससे पूर्व में भी छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। बुधेश्वर चौराहे पर हुए विरोध प्रदर्शन में भी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में लगी आग कंप्यूटर और फर्नीचर जलकर राख

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में सोमवार को आग लगने की घटना से खलबली मच गई।15 दिन पहले जवाहर भवन में आग लगने की घटना के बाद से हजरतगंज क्षेत्र में सरकारी भवन में आग लगने का यह दूसरा मामला है।

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय सप्रू मार्ग के भूतल पर सोमवार सुबह आग लग गई।इसकी जानकारी पर सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से कार्यालय के कंप्यूटर, कीबोर्ड और अन्य विद्युत उपकरणों के साथ ही फर्नीचर भी जल गया। अंदर मौजूद लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने बताया कि आग भूतल पर बने जनसंपर्क कक्ष के पंखे में शार्ट सर्किट से शुरू हुई थी। कुछ ही देर में आसपास रखा फर्नीचर भी आग की चपेट में आ गया। अंदर मौजूद लोगों ने सुबह 10:30 बजे इसकी सूचना कंट्रोल रूम पर दी। मौके पर हजरतगंज फायर स्टेशन से दो गाड़ियां भेजी गई। भवन में अंदर पूरी तरह धुआं भरा हुआ था। टीम ने अग्निशमन उपकरणों की मदद से धुआं बाहर निकाला फिर हौज पाइप की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच के अनुसार शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

शोर मचाते हुए भागे लोग : सीएफओ के मुताबिक आग लगी तो तीन चार कर्मचारी अंदर ही थे। धुआं और लपटें देख शोर मचाते हुए बाहर निकले। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। प्रथम दृष्टया कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलने की बात सामने नहीं आई है।

दबंगों ने दुकानों का किराया मांगने पर अधिवक्ता को रिवॉल्वर दिखाकर दी धमकी

- कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता ने मस्जिद की दुकानों का किराया मांगने पर दबंगों द्वारा रिवॉल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आलमबाग कोतवाली इलाके के पुराना सरदारी खेड़ा निवासी रफी खान के अनुसार वह पेशे से अधिवक्ता हैं और समाज सेवा करने के साथ वर्तमान मे वक्फ नम्बर 2198 छोटी मस्जिद पुराना सरदारी खेड़ा आलमबाग में मुतवल्ली पद पर काम कर रहे है।

आरोप है कि पुराना सरदारी खेड़ा में रहने वाल मोहम्मद इरफान खान उर्फ भोलू, अफाक अहमद खान, नफीस घोसी, मंसूर अली और रफीक अहमद ने मस्जिद की दुकानों पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और वर्ष 2017 से दुकानों का किराया भी नहीं दिया गया है। इसके अलावा आसपास की जगह और रास्ते पर भी निर्माण करा रखा है। उनके खिलाफ आवाज नही उठाता है, क्योंकि उसके खिलाफ गम्भीर धाराओं में लगभग एक दर्जन मुकदमें चल रहे है और तीन बार गुण्डा एक्ट के तहत जिलाबदर किया जा चुके है, जिसके चलते उनके आंतक से मोहल्ले में डर बना हुआ है।

वहीं पीड़ित अधिवक्ता का कहना था मस्जिद की दुकान का किराया मांगने और नोटिस भेजवाने से नाराज हो उक्त दबंगों ने बीते 21 मई की रात करीब 8:45 बजे उसके घर चैंबर पहुंचे गाली-गलौज करते हुए उसे रिवॉल्वर दिखा जान से मारने की धमकी दे दोबारा किराया मांगने या दुकान खाली करने को कहने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। समिति के सदस्यों को धमकाकर नसे से इस्तीफा देने के लिये दबाव बनाया और विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी है। जिसके चलते उन्होंने कोर्ट की शरण ले मदद की गुहार लगाई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के तीन वर्ष पूर्ण होने पर बांटी मिठाई

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अध्यक्ष पद पर सफलतापूर्वक तीन वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में मौजूद कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनायी और प्रदेश अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उत्साह से लबरेज कांग्रेसियों ने कहा कि अजय राय के नेतृत्व में पार्टी का उत्तर प्रदेश में लगातार संगठन मजबूत हुआ है और आम जनता के मुद्दों पर पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ती रही, जिसका परिणाम आज पूरे प्रदेश में दिख रहा है। पेपर लीक के मामले में प्रदेश में छात्रों, युवाओं की आवाज उठाने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रवक्ता सचिन रावत, अब्दुल्ला शेर खान, सुबोध श्रीवास्तव, डॉ. रेहान अहमद खान, विकास श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, अनीस अख्तर मोदी, शहनवाज खान, प्रनव त्रिपाठी, मसूद खान, एसएफए चर्चिल, अख्तर मलिक, रवीन्द्र पटेल, अजीत मौर्य सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

एलडीए की खुदाई से बने गहरे गड्ढे में डूबकर छात्र की मौत

- नागपंचमी के दिन खुशियां मातम में बदली, मचा कोहराम

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को नागपंचमी के पर्व के बीच एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रकीबाबाद और भवानी खेड़ा गांव के बीच सड़क निर्माण के लिए एलडीए द्वारा की गई खुदाई के बाद सड़क किनारे बने तालाबनुमा गहरे गड्ढे में नहाते समय 16 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को गहरे पानी से बाहर निकलवाया और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान आदर्श (16) पुत्र विजय कुमार निवासी बखारी, गोसाईगंज, लखनऊ के रूप में हुई है। बताया गया कि आदर्श बचपन से ही अपने ननिहाल रकीबाबाद गांव में अपने नाना नंद कुमार के यहां रह रहा था। वह यहीं रहकर पढ़ाई करता था। लोगों के मुताबिक सोमवार को नागपंचमी का पर्व होने के कारण गांव और आसपास के क्षेत्र में उत्सव का माहौल था।

बताया जा रहा है कि रकीबाबाद और भवानी खेड़ा गांव के बीच एलडीए द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए सड़क के दोनों ओर काफी दूर तक मिट्टी की खुदाई की गई है। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे कई स्थानों पर ये गड्ढे तालाबनुमा दिखाई देने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इनमें कुछ स्थानों पर गड्ढा काफी गहरा है। बताया गया कि सोमवार को आदर्श अपने कुछ दोस्तों के साथ नहाने गया था।

नहाते समय आदर्श गहरे पानी की तरफ चला गया और देखते ही देखते पानी में डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल की तरफ बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने अपने स्तर से किशोर को तलाशने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कराया। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आदर्श को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे सिविल अस्पताल भेजा गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, ऑटो चालक की मौत

लखनऊ। चौक क्षेत्र में बाइक फिसलकर गिरने से ऑटो चालक कीमौत हो गयी, जबकि महिला घायल हो गयी। चौक पुलिस के मुताबिक ठाकुरगंज स्थित बाबा हजारा बाग के रहने वाला सुहैल(24) ऑटो चलाता था। बहनोई मोहम्मद फरीद ने बताया कि उनका साला सुहैल रविवार रात अपने एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था, जहां से देर रात घर वापस लौटते समय चौक क्षेत्र में दरिया वाली मस्जिद के पास अचानक मोटरसाइकल अनियंत्रित होकर फिसल गई और मोटरसाइकल चला रहा सुहैल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पीछे बैठे युवती भी घायल हो गई। पीछे से आ रहे दोस्त सलमान ने देखा तो दोस्तों को बुलवाकर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचा और घर वालों को घटना की सूचना दी। ट्रामा सेंटर में सुहैल की मौत हो गई। उसके साथ गई युवती प्राथमिक इलाज के बाद घर चली गई। सुहैल चार बहनों में इकलौता था। परिवार में पिता मोहम्मद शकील मां शबनम हैं। इकलौते बेटे की मौत के बाद घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल में अपनी बीमार बेटी को भर्ती कराने गए पिता की बाइक अस्पताल के बाहर पार्किंग से चोरी हो गई। बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित मुल्लाही खेड़ा नटकुर निवासी अमर सिंह पुत्र स्व. महादेव के अनुसार वह बीते 6 अगस्त गुरूवार की रात अपनी बीमार बेटी को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे थे और उन्होंने अपनी बाइक संख्या यूपी 32 एल डी 3028 अस्पताल के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। जो करीब 11:30 बजे जब वह दवा लेने के लिए अस्पताल के बाहर आने पर वहां से गायब थी। जिसकी खोजबीन के बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है।

फर्जी बैनामा कराने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। वजीरगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस काकहना है कि 27 अम्टूबर 2024 को पूनम पुत्री श्याम सुन्दरलाल वर्तमान पता विशाल खण्ड गोमतीनगर, स्थायी पता-02 डीएमआर विक्रमादित्य मार्ग हजरतगंज ने कृषियुक्त भूमि को फर्जी तरीके (फर्जी व्यक्ति खड़ा कर) फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी बैनामा किया जाने का मामला दर्ज कराते हुए कुछ लोगों को नामजद किया था। इसमें रमेश पुत्र स्व.जंगली प्रसाद नामजद था। विवेचना से अभियुक्त के विरूद्ध लगाये गये आरोप प्रमाणित होने पर अभियुक्त आदित्य कुमार वर्मा उर्फ सोनू (37) पुत्र स्व. राम स्वरुप वर्मा निवासी ग्राम मल्हपुर थाना ठाकुरगंज का नाम प्रकाश में आया था। मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त आदित्य कुमार वर्मा उर्फ सोनू (37) को मुखबिर खास की सूचना पर आशियाना से गिरफ्तार किया गया है।

महिला का बैग छीनने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। मानकनगर पुलिस ने महिला से झपटमारी कर बैग छीनने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस काकहना है कि थाना मानकनगर में बाइक सवार महिला से मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों द्वारा 03 जुलाई को झपटमारी कर बैग छीनने की घटना दर्जकराई गई थी। दोनों अभियुक्त की पहचान विशाल यादव व प्रमोद वर्मा पुत्र प्रदीप वर्मा निवासी 233/255 न्यू इन्द्रपुरी भोला खेड़ा कृष्णानगर थाना कृष्णानगर के रूप में की गयी।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र शिवम पाण्डे को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। नीरज पाण्डे पुत्र श्री गया दत्त पाण्डे नि.- ग्रा. व पो. भरावन ब्लाक भरावन जनपद हरदोई।

सुग्रीव किला मंदिर की जमीन का 1.21 करोड़ रुपये आठ प्रतिशत ब्याज संग जमा करे सरकार : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अयोध्या स्थित सुग्रीव किला मंदिर की भूमि के विक्रय की बकाया राशि 1.20 करोड़ रुपये आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ जमा करने का उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मंदिर की जमीन पर कब्जा लेने के बाद तय रकम का भुगतान नहीं करना और बाद में जमीन को नजूल/सरकारी संपत्ति बताना अधिकारियों का ऐसा आचरण है, जिसे निष्पक्ष, उचित और तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अब्धेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने यह आदेश श्री ठाकुर राम जानकी सुग्रीव जी विराजमान मंदिर, अयोध्या की याचिका पर पारित किया। मामला सुग्रीव किला स्थित मंदिर की 1512 वर्गमीटर भूमि, खसरा संख्या 246 और खाता संख्या 44/2 से जुड़ा है। यह भूमि राम जन्मभूमि मंदिर के समीप स्थित है। मंदिर का दावा है कि 1858 से लगातार हुए राजस्व बंदोबस्तों में उसका स्वामित्व दर्ज रहा है।

याची के अनुसार, 22 दिसंबर 2023 को भूमि के संबंध में पंजीकृत विक्रय विलेख हुआ था। कुल विक्रय मूल्य 1,38,44,559 रुपये तय हुआ था। इसमें 1,20,96,000 रुपये भूमि की कीमत और 17,48,559 रुपये निर्माण की लागत थी। निर्माण की राशि का भुगतान कर दिया गया, लेकिन भूमि की कीमत का भुगतान नहीं हुआ। मंदिर का कहना था कि अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 15 दिन के भीतर आरटीजीएस के माध्यम से रकम खाते में भेज दी जाएगी। इस भरोसे पर मंदिर ने तत्काल भूमि का कब्जा सौंप दिया। हालांकि, भुगतान नहीं किया गया और उसे हाई कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 22 दिसंबर 2023 के विक्रय विलेख के 15 दिन पूरे होने के बाद की अवधि से आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित बकाया राशिचार सप्ताह के भीतर जमा करे। रकम संबंधित सिविल कोर्ट के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में ब्याज वाले फिक्स्ड डिपॉजिट में रखी जाएगी। यह राशि लंबित वाद में पारित होने वाले आदेश के अधीन रहेगी। पीठ ने 2024 में दायर लंबित स्वामित्व वाद की सुनवाई भी तेज करने और अधिमानतः एक वर्ष के भीतर उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने स्वामित्व और कानून से जुड़े सभी प्रश्नों को सिविल कोर्ट के निर्णय के लिए खुला रखा।

जलापूर्ति परियोजनाओं में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं : स्वतंत्रदेव सिंह

लखनऊ। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न पेयजल योजनाओं की मंडलवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल योजनाओं में किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जलशक्ति मंत्री ने मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को प्रत्येक सप्ताह दो-दो जलार्पण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द लोगों तक पहुंचना चाहिए। आवश्यकता के अनुसार मैनपावर बढ़ाई जाए, लेकिन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर देरी नहीं होनी चाहिए। स्वतंत्रदेव सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और फर्म के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से सीधा संवाद किया तथा पिछले एक माह में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

डिवाइडर से टकरा कर अधेड़ घायल

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र में बीते चार दिन पूर्व रामनगर निवासी अभिषेक शुक्ला पुत्र किरण कुमार शुक्ला बीते 11 अगस्त की सुबह आरके ज्वैलर्स व जेपी हैंडलूम के पास सड़क के डिवाइडर में बने कट खुले स्थान से सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान एक अज्ञात ऑटो रिक्शा चालक ने उनके पिता को टक्कर मार मौके से फरार हो गया। जिन्हे राहगीरों की मदद से एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहाँ उसके पिता की स्थित नाजुक बनी हुई है, जिसके चलते उसने कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है।

वाहन चोर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जेसे दो बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि 13 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मोटरसाइकिल चोरी करते हुए अज्ञात व्यक्ति दिख रहा था। इस प्रकरण में पुलिस ने मामला पंजीकृत कराया। वायरल वीडियो के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान एवं बरामदगी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा टैक्निकल एवं मैनुअल साक्ष्यों एवं स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से सोमवार को अभियुक्त अवधेश उर्फ बउवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 मोटरसाइकिल बरामद की गयीं।

न्यायालय सूचना

न्यायालय उपजिलाधिकारी पुरवा उन्नाव।
मुकदमा संख्याः T20261069021443З
अधिनियम धारा- 117 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
तारीख पेशीः 24-08-2026
सुल्तान बेग
बनाम
मो0 फसीउद्दीन
सुल्तान बेग पुत्र मासूम बेग निवासी मो पटे बाजार कस्बा व परगना मौरावा तहसील पुरवा उन्नाव।
1 मो0 फसीउद्दीन बनाम पुत्र मो0 समीउद्दीन
2 मो0 समीर पुत्र मो0 इलियास
3 श्रीमती फातिमा पत्नी अब्दुल हमीद
निवासी- नेवल गंज मजरा पाराखुर्द तहसील महराजगंज जिला रायबरेली।

चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 24 माह 8 सन 2026 ई को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुष्दिट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज तारीख 11.08.2026 को निकाली गई।

न्यायालय

होटल में घुसकर धमकी व दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। गोमतीनगर पुलिस ने होटल में घुसकर गाली-गलौज, धमकी व दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 478 फर्जी आईडी कार्ड विदेश मंत्रालाय भारत सरकार, 01 चेक, 03 फर्जी आधार, एक आईडी कार्ड , एक आईकार्ड विदेश मत्रांलय, 14 क्रेडिट/डेबिट कार्ड व 02 चेक बुक व 03 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस काकहना है कि 16 अगस्त को श्रीकुमार सर्वोत्तम पाठक पुत्र अजय कुमार पाठक निवासी साहबगंज स्टेशन रोड गोंडा, हालपता-होटल क्रिस्टेलिया मकान नं0 3/214 विकासखण्ड-3 गोमतीनगर द्वारा होटल क्रिस्टेलिया मकान नं0 3/214 विकासखण्ड-3 में घुसकर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने, वादी पीड़िता का गला पकड़ने, दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ करने विषयक मामला दर्ज कराया गया था।

विवेचना के बाद गोमतीनगर पुलिस ने 16 अगस्त को होटल क्रिस्टेलिया मकान नं0 3/214 विकासखण्ड-3 से अभियुक्तगण अभिनव सिंह पुत्र प्रदीप कुमार सिंह निवासी सी 1408 प्रतीक लोरेन सेक्टर 120 थाना परथला नोएडा स्थायी पता एस 17/331 ओ विजय नगर थाना मलदईया वाराणासी व शिवम चौहान पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी बी 108 कोरल स्प्रिंग किला रोड थाना भावनपुर जिला मेरठ को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने उनके पास से 478 अदद फर्जी आईडी कार्ड विदेश मंत्रालय भारत सरकार, 01 चेक, 03 अदद फर्जी आधार कार्ड, एक आईडी कार्ड (विदेशी), एक अदद आईकार्ड विदेश मत्रांलय (प्लास्टिक कवर मे नीली पट्टी सहित), 14 अदद क्रेडिट/डेबिट कार्ड, 02 अदद चेक बुक व 03 अदद मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया।

कैम्ब्रिज इंटरनेशनल परीक्षा में छात्रों का परचम

लखनऊ। सीएमएस के गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के मेधावी छात्रों ने जून-2026 की कैम्ब्रिज इंटरनेशनल परीक्षाओं में शानदार परीक्षाफल देकर विश्व पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है।

कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एसेसमेंट एजूकेशन (सी.ए.आई.ई.) द्वारा आयोजित ए-लेवल (कक्षा-12) परीक्षा में सीएमएस कैम्ब्रिज सेक्शन के 18 छात्रों ने विभिन्न विषयों में ए अथवा ए ग्रेड अर्जित किये, तो वहीं दूसरी ओर ए.एस. लेवल (कक्षा-11) परीक्षा में 7 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में ए-ग्रेड अर्जित कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। इसी प्रकार, कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल प्रोजेक्ट क्वालीफिकेशन (सी.आई.पी.क्यू.) में भी सी.एम.एस. कैम्ब्रिज सेक्शन के छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की है। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इन सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

हर घर तिरंगा अभियान के समापन समारोह में वितरित हुए पुरस्कार

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान का समापन समारोह पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का संयोजन हर घर तिरंगा अभियान की नोडल अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने सभी को तिरंगे की गरिमा एवं सम्मान के प्रति सदैव निष्ठावान रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। साथ ही देश की एकता एवं अखंडता को प्रभावित करने वाले सावधान रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. आभा दुबे, डॉ. मनीषा बरौनिया, डॉ. चंदन मौर्य एवं दीक्षा समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती, 5453 चालान, 127 वाहन सीज

लखनऊ। 12 से 16 अगस्त तक लखनऊ पुलिस ने दो व चार-पहिया वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 5453 चालान, 127 वाहन सीज किए गए। इस अभियान के दौरान बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, तेज गति, ट्रिपल राइडिंग, बिना नंबर प्लेट, शराब पीकर, हूटर लगाकर, ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने वाले व अन्य यातायात नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। कई वाहनों को वैध दस्तावेज न होने, बिना नंबर प्लेट होने अथवा अवैध परिवर्तन के चलते सीज किया गया। अभियान कैसरबाग, हुसैनगंज, नखास, अटल चौक, तेलीबाग चौराहा, 1090 चौराहा, आईटी चौराहा, निशातगंज क्रासिंग, अवध चौराहा और अन्य व्यस्त चौराहों पर सभी जोनों में सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया गया।

महिला से मारपीट, पांच पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में एक महिला ने बांदा कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली तीन महिलाओं समेत दो युवकों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मूलरूप से प्रयागराज के मीरकोट निवासी सैयद सहनाज पत्नी जीसन अहमद वर्तमान में राम आसरे महाराजपुरम, केसरीखेड़ा फाटक के पास रहती हैं। 9 जुलाई की सुबह करीब छह बजे वह प्रयागराज जाने के लिए घर से निकली थीं। आरोप है कि घर के पास ही बांदा कोतवाली क्षेत्र निवासी निधि साहू पत्नी राजकुमार साहू, बिनीता साहू पत्नी दिनेश सोनी और सोनिया सोनी पत्नी दीपु सोनी ने उन्हें घेर लिया और तीनों महिलाओं ने पति को अपने कब्जे में रखने का आरोप लगाते हुए उसके संग गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक लात-घूंसों से पिटाई करना शुरू कर दिया शोर सुनकर सलमान और अहमद भी मौके पर पहुंच गए। भीड़ जुटती देख सभी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसकी शिकायत उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से की है।

शिव पंचाक्षर मंत्र से गूंजे शिवालय, बाबा का हुआ विशेष श्रृंगार

सावन के तीसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन के साथ किया जलाभिषेक

लखनऊ। श्रावण के तीसरे सोमवार पर सुरक्षा इंतजामों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। राजधानी के ऐतिहासिक सिद्धपीठ मनकामेश्वर मंदिर में महंत देव्या गिरि ने भोर आरती के साथ ही मंदिर के कपाट खोल दिए थे। सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं की कतार लंबी हो गई। सावन सोमवार के कारण शहर के शिवालयों में भगवान शिव के भजन सुबह-सुबह ले शिव का नाम, शिव आयेंगे तेरे काम..., मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी शंभु नाथ रे..., ओम नमः शिवाय जैसे भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था। सुबह से शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। भोर से ही शिवालयों में बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। देर रात से ही भक्तों की कतार लग गई। सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भालेनाथ ने बाबा बफार्नी रूप में दर्शन दिए। रंगीन बर्फ से बाबा बफार्नी का श्रृंगार हुआ। वहीं डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मन्दिर में देर रात से भक्तों की कतार लग गई। भोर चार बजे हुई आरती के साथ कपाट खुले। कपाट खुलते ही शिव शम्भू के जयकारे से मन्दिर परिसर गूंज उठा। 51 लीटर दुग्ध और पांच नदियों के जल से भोलेनाथ का अभिषेक हुआ।

हुआ भव्य श्रृंगार: राजधानी के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में तड़के महाआरती के बाद मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गये। जहां भोले को जल चढ़ाने के लिए भक्त अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये। इस दौरान हर.हर महादेव और बोल बम से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा। भोले को जल चढ़ाने के बाद भक्तों के चेहरों की रौनक देखते ही बन रही थी। दूसरी ओर चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर में भोले का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया।

श्री बालकेश्वर हनुमान मन्दिर पर हुआ भोलेनाथ का बर्फ श्रृंगार: निरालानगर स्थित श्री बालेश्वर हनुमान मंदिर में सावन माह के तीसरे सोमवार को पर शिवलिंग बनाकर भोले बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया कार्यक्रम में श्री गणेश वंदना, बोल बम, ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ नृत्य प्रस्तुत कर भोले बाबा की महाआरती का किया गया।

हुई भस्म आरती: राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में तड़के उज्जैन की तर्ज पर भस्म आरती का आयोजन किया गयाए जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। इसके बाद मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोल दिए गये। भोले के भक्त अपने आराध्य के दर्शन पाकर खुद को भाग्यशाली मान रहे थे।

घरों में हुआ पूजन: महादेव के भक्तों द्वारा घरों में भी पूजन.अर्चन किया गया। भक्तों द्वारा घरों में रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। साथ हीए भोलेनाथ से मन की मुरादें भी मांगी।

छोटा व बड़ा शिवाला में बाबा का किया श्रृंगार: चौक के छोटा व बड़ा शिवाला के साथ ही कल्याण गिरि मंदिर में पुजारी ने बाबा का श्रृंगार किया और श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। कोनेश्वर मंदिर और कोतवालेश्वर मंदिर में केवल पुजारी ने ही बाबा का श्रृंगार किया। हनुमान सेतु मंदिर परिसर के शिव लिंग के दर्शन किए गए। गुलाचिन मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, तुलसी मानस मंदिर और इंद्रेश्वर मंदिर समेत राजधानी के सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा बंदोबस्त के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की।

108 कमल के फूलों से बाबा का श्रृंगार: चौक स्थित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में भोर में जलाभिषेक के साथ भोलेनाथ का पूजन शुरू हुआ। बाबा ने पगड़ी पहन कर राजा स्वरूप में दर्शन दिए। बाबा का मेवे, राजमा और फूलों से श्रृंगार हुआ। महंत विशाला गौड़ ने बताया कि पूरे सावन भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन की होग। ठाकुरगंज स्थित कल्याण गिरि मंदिर में 108 कमल के फूलों से बाबा का श्रृंगार हुआ। मन्दिर परिसर दीपों से जगमगा उठा। भोलेनाथ को 56 भोग अर्पित किए गए।

सावन का तीसरा मंगला गौरी व्रत आज : लखनऊ। सावन के मंगलवार को मंगला गौरी व्रत किया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मनचाहे वर पाने के लिए व्रत भी किया जाता है।

मंगला गौरी व्रत की पूजा विधि : सावन में मंगला गौरी व्रत किया जाता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इसके बाद स्नान कर सूर्य देव को जल अर्पित करें। मंदिर की सफाई कर चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर शिव जी और माता पार्वती की प्रतिमा को विराजमान करें। अभिषेक कर अक्षत, कुमकुम, फूल, फल समेत आदि चीजें अर्पित करें और माता पार्वती को सोलह श्रृंगार की चीजें चढ़ाएं। दीपक जलाकर आरती करें और पति की दीघार्यु के लिए प्रार्थना करें। व्रत कथा का पाठ कर भोग लगाएं और लोगों में प्रसाद का वितरण करें। इस दिन श्रद्धा अनुसार का दान करना भी फलदायी होता है।

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर लखनऊ मेट्रो बनेगी जीवंत फोटो कैनवास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● 19 को मेट्रो ट्रेन के भीतर विशेष फोटो वॉक कार्यशाला एवं हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी

लखनऊ। फोटोग्राफी केवल किसी क्षण को कैमरे में रोक लेने की कला नहीं, बल्कि उस क्षण के भीतर छिपी कहानी, संवेदना, गति, प्रकाश और समय को देखने की विशिष्ट दृष्टि है। इसी दृष्टि को शहर की गतिशीलता से जोड़ते हुए आगामी 19 अगस्त विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर लखनऊ मेट्रो में एक अनूठी फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं चलती हुई मेट्रो ट्रेन के भीतर विशेष फोटो वॉक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। इस आयोजन में 40 फोटोग्राफर भाग लेंगे।

यह आयोजन क्यूरेशन प्रदेश के चित्रकार एवं कला समीक्षक भूपेंद्र कुमार अस्थाना द्वारा किया जा रहा है। कला एवं फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय अस्थाना ने इस आयोजन की संकल्पना को पारंपरिक प्रदर्शनी स्थलों से बाहर निकालकर चलती हुई मेट्रो को एक जीवंत फोटोग्राफिक स्पेस के रूप में देखने का प्रयास किया है। मेट्रो ट्रेन बनेगी फोटोग्राफी की चलती हुई प्रयोगशाला- इस अवसर पर मेट्रो ट्रेन फोटोग्राफी की एक चलती हुई प्रयोगशाला के रूप में सामने आएगी।

मुंशी पुलिया से एयरपोर्ट तक खोजे गए फोटोग्राफिक फ्रेम- आयोजन की तैयारियों के क्रम में मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक महत्वपूर्ण स्थलों एवं संभावित फोटोग्राफी स्पॉट्स का विस्तृत सर्वे किया गया। इस विशेष सर्वे टीम में क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना, युवा फोटोग्राफर एवं कार्यशाला के मेंटर कुंवर तथा लखनऊ मेट्रो की ओर से फोटोग्राफर सौरभ उपस्थित रहे। इस आयोजन का व्यापक उद्देश्य यह संदेश देना भी है कि कला और फोटोग्राफी के लिए किसी पारंपरिक गैलरी की सीमाएं आवश्यक नहीं हैं। जहां जीवन है, वहीं कला है; जहां गति है, वहीं फ्रेम है; और जहां देखने वाली संवेदनशील आंख है, वहीं फोटोग्राफी का जन्म होता है।

नागपंचमी पर जलाभिषेक के साथ हुई नाग देवता की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्रावण मास की शुक्ल पंचमी को मनाया जाने वाला नागपंचमी पर्व मंगलवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह नागों की पूजा का पर्व है। श्रद्धालुओं ने सुबह शिवालयों में भोलेनाथ की आराधना की और नाग देवता का पूजन किया। पूजन के लिए डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर, चौक के कोनेश्वर मंदिर, ठाकुरगंज के कल्याण गिरि मंदिर, नादान महल रोड स्थित सिद्धनाथ मंदिर, चौपटिया के बड़ा शिवाला, छोटा शिवाला, सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जबरदस्त भीड़ रही। पूजन के बाद सभी ने घरों में बने व्यंजनों का आनंद उठाया। उदयगंज में चलने वाला पारंपरिक गुड़िया मेला आज से शुरू हुआ। तीन दिनों तक चलने वाला मेले में सैकड़ों दुकानें व झूले लगे हैं। जिसमें घर गृहस्थी से लेकर बच्चों के खिलौने तक मिल रहे हैं। इस मौके पर राजधानी में कई इलाकों में मेले और भंडारे के आयोजन भी किए गए।

डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर परिसर में नागपंचमी और गुड़िया का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह नाग देवता की पूजा की गई और दोपहर में मंदिर परिसर में गुड्डे गुड़िया का विवाह समारोह हुआ। इसके माध्यम से महंत देव्यागिरि ने बेटियों के संरक्षण का संदेश दिया।

नागपंचमी पर मंदिर परिसर में श्रावणी सामूहिक अभिषेक किया गया। बाबा मनकामेश्वर के अभिषेक पूजन के बाद विश्व शान्ति और राष्ट्र समृद्धि के लिए यज्ञ किया गया। महंत देव्यागिरि ने संदेश दिया कि बेहतर होगा कि लोग सपेरों के बच्चों की शिक्षा आदि का दायित्व उठाएं। इससे सपेरों के जीवन में सामाजिक परिवर्तन आएगा और सांप अपने वास्तविक आवासों में स्वतंत्र जीवन जी सकेंगे।

शहर में जगह-जगह पीटी गयी गुड़िया: गुड़िया मनाओं के तहत आज शहर भर में गुड़िया का पर्व मनाया गया। नागपंचमी के मौके पर डालीगंज सहित कई जगहों पर गुड़िया पीटने की परम्परा को निभाते हुये बच्चों ने मंगलवार को मस्ती के साथ गुड़िया पीटी। गुड़िया डाली तो बच्चे उनपर पीटने के लिए टूट पड़े। गुड़िया पीटने के साथ ही कोरोना को भी बच्चों ने जमकर पीटा। इससे पहले सुबह मुहूर्त के अनुसार नागपंचमी की पूजा घरों में की।

महंत ने गुड़िया पूजन के साथ की नाग देवता की पूजा: डालीगंज स्थित प्राचीन श्रीमनकामेश्वर मंदिर में नन्हीं कन्या और कपड़े की बनी गुड़ियों का पूजन हुआ। साकार और निराकार नागों का पूजन किया गया।

महंत देव्यागिरी जी महाराज ने कन्याओं का पूजन और नाग के जोड़े को दूध भी पिलाया। मंदिर के सेवादार महिलाओं ने सावन के गीत गाये। वहीं मंदिर में शाम को नागों से भगवान शिव का श्रृंगार भी किया गया। डालीगंज के प्राचीन शिवाला में सुबह श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने सुबह भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन किया। उसके बाद मंदिर में नागों के जोड़े को दूध पिलाया। दोपहर बाद महंत देव्यागिरी जी महाराज ने 9 छोटी कन्यओं को पूजन किया। पूजन के बाद उन्हें दुपट्टा, डंडी और मिठाई दी गई। इस अवसर पर किरन कपूर, ऊषा, पूजा ने सावन के गीत गाए और नृत्य किया। शाम को आरती के समय भगवान का नागों से श्रृंगार किया गया।

मंदिरों में हुई विशेष पूजा: नागपंचमी के अवसर पर गुड़िया पीटने की भी परंपरा है। इसी के तहत लोगों ने घरों में पुराने कपड़ों से गुड़िया बनाई। जिसे घरों के बाहर बच्चों ने पीटा। वहीं, नागपंचमी को लेकर मनकामेश्वर मठ मंदिर, कोनेश्वर महादेव मंदिर, द्वादश ज्योतिर्लिंग, महाकाल मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रावणी माह में नागपंचमी और गुड़िया का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह नाग देवता की पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की लंबी भीड़ रही। वहीं, मंदिरों के बाहर सपेरे नाग लिए खड़े रहे। जिसकी लोगों ने पूजा की। नागपंचमी पर मंदिर परिसर में श्रावणी सामूहिक अभिषेक किया गया। बाबा मनकामेश्वर के अभिषेक पूजन के बाद विश्व शांति और राष्ट्र समृद्धि के लिए यज्ञ किया गया। श्रीमहंत देव्यागिरि ने बताया कि हिंदू धर्म में सांपों का विशेष स्थान है। वहीं, घरों में भी लोगों ने पूजा की और मंगल कामना मांगी।

चौक में दंगल, पहलवानों ने लगाये दांव: चौक क्षेत्र के बाग महानारायण में मंगलवार को नाग पंचमी के मौके पर एक अनोखा दंगल देखने को मिला। गोमती पहलवान अखाड़े के 56वें वार्षिक महोत्सव के अवसर पर हुए इस सांप्रदायिक सौहार्द दंगल में पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने से पहले जय बजरंगबली और या अली का उद्घोष किया।

दंगल में पारंपरिक मिट्टी के मुकाबलों के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ भी आयोजित हुआ। उपस्थित दर्शक कमर ढाक, धोबी पाट और चपरास जैसे पुराने देसी दांव देखकर रोमांचित हो उठे। ओलिंपिक संघ कोषाध्यक्ष व राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. सैयद रफ्त जुबेर रिजवी ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया।

नाग पंचमी पर पहलवानों ने दिखाए शानदार दाव

लखनऊ। नाग पंचमी के पर्व पर हरदोइया गांव में सोमवार को परंपरागत दंगल का आयोजन किया गया। दिनभर हुई झमाझम बारिश के चलते मेला और दंगल कुछ देर के लिए थम गया, लेकिन शाम करीब चार बजे मौसम खुलते ही अखाड़ा पहलवानों के दांव-पेंच से गुलजार हो उठा। आसपास के जिलों से पहुंचे पहलवानों ने जोरदार कुश्तियां लड़कर अपना दमखम दिखाया। रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में महिला-पुरुष दर्शक जुटे रहे। ग्राम प्रधान एवं पदेन प्रबंधक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि बारिश के कारण आयोजन प्रभावित हुआ, लेकिन मौसम साफ होते ही कुश्तियां शुरू करा दी गईं। पहली कुश्ती बछरावां के अशोक और साईं खेड़ा के अमरेश के बीच हुई, जिसमें अशोक ने बाजी मारी। इसके बाद बछरावां के विशाल और साईं खेड़ा के अमरेश के बीच हुए मुकाबले में विशाल ने शानदार दांव लगाकर अमरेश को पटखनी दे दी। अंबवा मुर्तजापुर के चर्चित पहलवान आलोक और बछरावां के अशोक के बीच हुआ मुकाबला खासा रोमांचक रहा। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आलोक ने बेहतरीन दांव लगाकर जीत हासिल की और एक हजार रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया।

डा. अजय गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतवर्षीय श्री अयोध्यावासी वैश्य महासभा के चुनावी अधिवेशन में लखनऊ के डा. अजय गुप्ता निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

कन्नौज के गुरसहायगंज स्थित राम जानकी मंडपम में आयोजित अधिवेशन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 250 आजीवन सदस्य एवं निदेशक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने महासभा को और अधिक सशक्त एवं व्यापक बनाने का संकल्प लिया। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. एस.पी. कौशल, सह चुनाव अधिकारी अशोक राजा (भोपाल) और सिद्ध गोपाल प्रभाकर (कानपुर) की देखरेख में निर्वाचन सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले धर्मेंद्र कौशल द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद डा. अजय गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके साथ ही सुनील गुप्ता (रायबरेली) राष्ट्रीय महामंत्री, प्रो. राज कुमार गुप्ता (कटनी) राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, प्रभा गुप्ता (बांदा) राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष तथा शैलेश गुप्ता (राजनांदगांव) राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए।

अधिवेशन में संगठन को मजबूत करने, देशभर के स्वजातीय बंधुओं को जोड़ने तथा महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिवेशन में उमाशंकर गुप्ता, ओ.पी. गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, संजय एडवोकेट, कृष्णचंद्र वैश्य, मधु गुप्ता, संतोष गुप्ता (मुल्लू), महेश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, कैलाश चन्द्र, संजीव गुप्ता, जय शंकर सर्राफ, अनिकेत गुप्ता (मुख्य संगठक), माया गुप्ता, प्रीति कौशल, कृष्णा बाबू गुप्ता, सौरभ गुप्ता, लवकुश गुप्ता (अतर्रा, बांदा), अर्जुन प्रकाश गुप्ता, अजित प्रकाश गुप्ता, सुरेश कान्हा (बांदा), शिवकुमार कौशल एवं संजीत कौशल (जगदीशपुर) सहित बड़ी संख्या में प्रमुख वैश्यजन उपस्थित रहे।

धूमधाम से मना तीज उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● वंदना व नलिनी बनीं 'तीज क्वीन'

लखनऊ। विकास नगर स्थित एक होटल में सोमवार को हरियाली तीज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शैल सक्सेना, पूजा अग्रवाल, नूपुर श्रीवास्तव के संयोजन में सावन की विशेष थीम पर सजे इस रंगारंग कार्यक्रम में पारंपरिक श्रृंगार, मनमोहक संगीत, नृत्य, रोचक खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों का बेहतरीन संगम देखने को मिला। हरियाली तीज की शुरूआत पारंपरिक सावन गीतों और लोकनृत्यों के साथ हुई। रंजना, स्वाति, रोली, पूनम, रेनू, श्वेता, शिवानी, नीलम एवं वंदना की शानदार नृत्य प्रस्तुतियों ने सभागार में मौजूद सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, स्मिता और मंजू राव के सुरीले गीतों ने माहौल को पूरी तरह सावन के रंग में रंग दिया।

इस मौके पर हरियाली तीज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें वंदना व नलिनी को संयुक्त रूप से विजेता तीज क्वीन घोषित किया गया। बेस्ट हेयर स्टाइल के लिए अदिति व बेस्ट नेल आर्ट के लिए नीलम के साथ सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा गया। इस भव्य आयोजन की सफलता में शैल, नीलू, प्रीति, निष्ठा, स्वीटी, निशा, शालू एवं महिमा का विशेष योगदान रहा।

45 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान महादान

लखनऊ पुलिस मित्र परिवार व ईश वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पार्क रोड स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में लखनऊ पुलिस मित्र परिवार एवं ईश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 16वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लखनऊ पुलिस मित्र परिवार पुलिस विभाग के कर्मियों एवं आम रक्तदाताओं का एक संयुक्त समूह है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की जीवन रक्षा के लिए रक्तदान करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जनजागरूकता पैदा करना है। समूह पुलिस एवं आमजन के बीच सेवा और मानवता की भावना को मजबूत करने का निरंतर प्रयास करता है।

शिविर में 100 से अधिक समाजसेवियों, युवाओं एवं जागरूक नागरिकों ने सहभागिता की, जिनमें45 रक्तदाताओं एवं रक्त वीरांगनाओं ने रक्तदान कर राष्ट्रहित एवं मानवता की सेवा का संकल्प निभाया। हालांकि पांच रक्त दाताओं ने स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान करने में असमर्थ रहे। यह आयोजन लखनऊ पुलिस मित्र परिवार के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त आईपीएस कविंद्र प्रताप सिंह की संरक्षता तथा संस्थापक एवं आयोजक जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में में संपन्न हुआ।

शिविर की सफलता में फाउंडर मेंबर सरिता सिंह, ज्योति खरे सिविल डिफेंस, फाउंडर मेम्बर नूतन वर्मा, प्रचार जंक्शन के डायरेक्टर सत्यम पांडेय, फाउंडर मेम्बर प्रशांत बाजपेई सिविल डिफेंस (एडीसी) मनोज वर्मा, शैल वर्मा, वीरेश सिंह सहित अश्वनी कुमार, आशीष सिंह, पवन सिंह, संजय सिंह, अनुज श्रीवास्तव, एडवोकेट रिचा मिश्रा उपाध्यक्ष निर्मल एजूकेशन वेलफेयर सोसाइटी , बीके सिन्हा, दीप्ति शर्मा स्वप्निल शुक्ला सुधा टंडन एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ब्लड बैंक प्रभारी डा. संगीता टंडन का सहयोग रहा।

रालोद छात्र सभा ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के संबंध में की गई बयानबाजी के विरोध में रालोद छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे एवं रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित जीपीओ के पास अखिलेश यादव का पुतला फूंककर अपना आक्रोश दर्ज कराया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी और मयार्दाहीन बयानबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। रालोद छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे ने कहा, अखिलेश यादव को राजनीतिक विरोध करने का पूरा अधिकार है, लेकिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के खिलाफ जिस तरह की बयानबाजी की गई है, वह राजनीतिक मयार्दाओं के अनुरूप नहीं है। जयंत चौधरी किसानों, युवाओं और सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूती से उठाने वाले नेता हैं। छात्र सभा अखिलेश यादव की इस भाषा और बयानबाजी का पुरजोर विरोध करती है।

रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा, राजनीति में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत हमले और अपमानजनक भाषा भारतीय लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं के अनुरूप नहीं है। अखिलेश यादव को अपने बयान पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को भी एक-दूसरे के नेताओं के प्रति सम्मानजनक भाषा और राजनीतिक मर्यादा का पालन करना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान मनीष तिवारी, अनुपम वर्मा सहित छात्र सभा एवं रालोद के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एकेटीयू : तिरंगा कंसर्ट में देश प्रेम की बही गंगा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को तिरंगा कंसर्ट की रंग-बिरंगी छटा से परिसर गुलजार रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों की देशभक्ति की खुशबू से सजी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया।

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित तिरंगा कंसर्ट के मुख्य अतिथि बीकेटी विधानसभा के विधायक योगेश शुक्ला रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तिरंगे की शान के लिए अनेकों वीरों ने अपने आप को बलिदान कर दिया। इसलिए आज के युवाओं पर जिम्मेदारी है कि वे देश और तिरंगे की शान की रक्षा करें। युवाओं को शहीदों के बारे में भी जानना चाहिए। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गीत और उसके जरिये देश प्रेम की गाथा पर प्रकाश डाला। कहा कि युवाओं को देश के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान सेना के लेफ्टिनेंट मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद शशांक तिवारी के पिता और बहन ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर उनकी वीरता के बारे में बताया। कहा कि शशांक शुरू से ही होनहार और हर क्षेत्र में आगे थे। उन्होंने छोटी उम्र में देश के लिए कुबार्नी दी। हमें उन पर गर्व है। आज के बच्चों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने देश की अनेकता में एकता की शक्ति का दर्शन कराया। विभिन्न प्रदेशों की पहचान में सजे छात्र-छात्राओं ने उस प्रदेश के बारे में बताया। बेहद आकर्षक इस प्रस्तुति ने मन मोह लिया। तिरंगा कंसर्ट में छात्रों ने एकल गायन, एकल नृत्य, ग्रुप नृत्य से देश भक्ति का माहौल बना दिया। अपने नृत्य और गायन से प्रतिभा का भी परिचय कराया। अंत में पिरामिड के रूप में छात्रों ने तिरंगा लहराकर देश प्रेम का जज्बा दिखाया। इस मौके पर कुलसचिव रीना सिंह, उप कुलसचिव डॉ. आरके सिंह, डॉ. आकाश वेद, डॉ विनय चतुर्वेदी सहित अन्य शिक्षक अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संयोजन उपकुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने दिया।

महिलाएं आज ठोकेंगी अखाड़े में ताल

अहिमामऊमें होगा महिला दंगल

लखनऊ। अंग्रेजी हुकूमत के दौरान से अहिमामऊ गांव में चली आ रही महिला हापा की प्रथा आज भी कायम है। अहिमामऊ में हर साल की तरह नाग पंचमी के दूसरे दिन आयोजित होने वाले ऐतिहासिक हापे की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हापे की खासियत महिलाओं की कुश्ती होती हैं। परंपरा के अनुसार मंगलवार को महिलाएं हापे के दंगल में अपनी ताल ठोकेंगी।

हापा आयोजक विनय कुमारी ने बताया कि आजादी से पहले नवाबों के समय से ही नाग पंचमी के दूसरे दिन हापा (महिलाओं के दंगल) का आयोजन होता चला आ रहा है। दशकों पुरानी परंपरा को ग्रामीण आपसी सहयोग से आज भी कायम रखे हैं। ऐसे आयोजन से संस्कृति और परंपरा कायम रखने के साथ ही मेलजोल भी बढ़ता है। विनय कुमारी के अनुसार ढोल नगाड़ों के बीच विधि-विधान से मां काली की अराधना के बाद दंगल शुरू होता है। उन्होंने बताया कि पहले काफी दूर-दूर से महिला पहलवान कुश्तियां लड़ने आती थीं। हालांकि धीरे-धीरे बाहर से महिलाओं ने आना कम कर दिया। कुश्ती लड़ने से पहले आपस में गले मिला जाता है। जीतने वाली महिला को पुरस्कृत भी किया जाता है।

महिला हापे में पुरुषों को प्रवेश प्रतिबंधित : हापे में सिर्फ महिलाओं की ही कुश्तियां होती हैं। इतना ही नहीं दर्शक के रूप में भी केवल महिलाओं को ही दंगल देखने की अनुमति होती है। पुरुषों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहता है। इसके साथ ही मेले का भी आयोजन होता है।

संक्षेप

सोमवार को शिवालयों पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजमगढ़। सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों पर अलसुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जलाभिषेक कर विधि विधान से भगवान शंकर का पूजन अर्चन किये। घंटा-घड़ियाल के ध्वनि और हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय गूंज उठे। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों पर भीड़ लगी रही। रविवार की रात से नगर के भंवरनाथ मार्ग पर वाहनों का रूट डायवर्जन कर दिया गया है। सावन के तीसरे सोमवार को अलसुबह से ही जलाभिषेक के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन-अर्चन किये। घंटा-घड़ियाल के ध्वनि और हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय और मंदिर गूंज उठे थे। सुरक्षा के लिए मंदिर पर पुलिस भी तैनात रही। अराजकतत्वों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही थी। नगर के भंवरनाथ, सिधारी, मातवरगंज, रैदोपुर, गौरी शंकर घाट, हरबंशपुर शाहीपुल, नरौली, मुकेरीगंज, ब्रह्मस्थान, हर्रा की चंगी, बदरका आदि मोहल्लों में स्थित मंदिरों पर भी पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से आना-जाना लगा हुआ था। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में फूलपुर के दुवार्सा धाम, मार्टीनगंज के चितारा महमूदपुर, लालगंज के कैथी शंकरपुर, निजामाबाद के दत्तात्रेय मंदिर, रानी की सराय क्षेत्र के अवंतिकापुरी, सिलनी स्थित चंद्रमा ऋषि आश्रम, सगड़ी क्षेत्र के पातालपुरी, महराजगंज के भैरोधाम आदि मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के साथ ही पूजन-अर्चन किये।

उफान पर पहाड़ी नदियां, घरों तक पहुंचा बरसात का पानी

मीरजापुर। बाढ़ और बरसात के पानी ने जिले के अंतिम छोर पर स्थित हलिया क्षेत्र में संकट खड़े कर दिए हैं, जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी पानी के दबाव को देखते हुए अदवा बांध के पांच गेट खोल दिए गए हैं।हलिया में बरसात के पानी का तांडव जारी है। हलिया में बारिश का रौद्र रूप देख लोग सहम उठे हैं। अदवा नदी जहां उफान पर है वहीं अदवा बांध के पांच गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, ताकि बांध टूटने न पाएं। दूसरी ओर हलिया-हथेड़ा पुल के ऊपर से तेज बहाव जारी होने से आवागमन बाधित हो गया है। सड़कों पर सैलाब, चौराहा जलमग्न हो उठा है। हलिया स्थित स्टेट बैंक के अंदर तक बरसात का पानी पहुंच जाने से बैंकिंग व्यवस्था चरमरा उठी है। बता दें कि यूपी-एमपी बॉर्डर पर स्थित मिजार्पुर का हलिया विकास खंड क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र होने के नाते जंगलों और पहाड़ों से भी लगा हुआ है। पहाड़ी नदियों में मध्य प्रदेश की ओर से बरसात का पानी आने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। बाढ़ और बरसात का पानी कई गांव में प्रवेश कर जाने से जनजीवन पूरी तरह से हस्त व्यस्त हो गया है पशुओं के चारे सहित आम नागरिकों के समक्ष भी खाने-पीने की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है। दूसरी ओर बाढ़ और बरसात के पानी से उत्पन्न हुई गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मूड में आ गया है। स्थानीय पुलिस सहित तहसील प्रशासन को हर संभव मदद और नियंत्रण रखने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ और बरसात की विभिषिका को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं।

हरिशंकर मिश्र बने विहिप जिलाध्यक्ष

मीरजापुर। समाजसेवी पं. हरिशंकर मिश्र को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की जिला इकाई का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लालगंज निवासी पं. मिश्र को यह जिम्मेदारी विहिप की जिला इकाई द्वारा सौंपी गई है। इस नियुक्ति से पहले, पं. हरिशंकर मिश्र विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके हैं। वे लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके मनोनयन पर स्थानीय कार्यकताओं और उपरौध क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रीय लोगों और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद सोमवार शाम पं. हरिशंकर मिश्र ने लालगंज स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे और सनातन धर्म के ध्वज को ऊंचा कर समाज में भाईचारे का माहौल बनाने का कार्य करेंगे। पं. मिश्र ने बताया कि वे वर्तमान समय में हिंदुओं को तोड़ने और धर्मपरिवर्तन में लगे लोगों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। इसके लिए वे गांवों में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर अवांछनीय लोगों का प्रवेश वर्जित करेंगे और हिंदुओं में भेदभाव

कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क

सोनभद्र। पावन श्रावण मास में प्राचीन शिवद्वार धाम में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कांवड़ यात्री बाबा भोलेनाथ के दर्शन-पूजन एवं जलाभिषेक के लिए शिवद्वार धाम पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह सतर्क है। कांवड़ यात्रा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शिवद्वार मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल सहित श्रद्धालुओं के सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। मंदिर परिसर एवं प्रमुख मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चैबंद रखी जाएं तथा भीड़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखते हुए श्रद्धालुओं का सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने साफ-सफाई एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।पावन श्रावण मास में प्राचीन शिवद्वार धाम का वातावरण पूरी तरह शिवमय नजर आया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों ने भगवान शिव के दर्शन-पूजन कर पवित्र जल से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। हाथों में कांवड़, मन में अटूट श्रद्धा और मुख पर हर-हर महादेव एवं बोल बम के जयघोष के बीच पूरा शिवद्वार धाम आस्था, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा दिखाई दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस टीमें लगातार मुस्तैद है।जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करते हुए पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने मन्दिर परिसर के आस पास की गयी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिये और सुरक्षा व्यवस्था सुव्यवस्थितढंग से करने के निर्देश दिये, जिससे की श्रद्धालुओं/ कावरियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

निस्तारण कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहेः डीएम

जौनपुर। कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में सोमवार को जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। उन्होने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे। अधिकारी जरूरत पड़ने पर मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जांच करें और शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित करें।

संयुक्त जांच वाले मामलों में संबंधित विभागों की टीमें आपसी समन्वय से कार्रवाई करें। सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। भूमि विवाद, पैमाइश, नामांतरण और कब्जे जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। कुल 46 शिकायतें आईं, जिनमें पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि फरियादियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान एसडीएम सदर योगिता सिंह, तहसीलदार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

राशन कोटेदारों को सौगात, लाभांश रुपया 90 से बढ़ाकर 125 प्रति कुंतल

सोनभद्र। प्रदेश के राशन कोटेदारों को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने बड़ी सौगात देते हुए उनके लाभांश को रूपाया 90 प्रति कुंतल से बढ़ाकर रूपाया 125 प्रति कुंतल कर दिया है। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 78 हजार राशन कोटेदारों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री द्वारा लाभांश वृद्धि की घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं उनके संबोधन का सजीव प्रसारण जनपद सोनभद्र की चारों विधानसभा क्षेत्रोंकृरॉबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी एवं घोरावलकृमें किया गया। संबंधित सभागारों में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं राशन कोटेदारों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। कलेक्ट्रेट सभागार, रॉबर्ट्सगंज में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्षरूबी प्रसाद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में राशन कोटेदार उपस्थित रहे। इसी प्रकार अन्य विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं राशन कोटेदारों ने सहभागिता की। लाभांश में की गई इस वृद्धि का लाभ जनपद सोनभद्र के 786 राशन कोटेदारों को भी मिलेगा। अब प्रति कुंतल राशन वितरण पर मिलने वाला लाभांश ?90 के स्थान पर ?125 होगा, जिससे कोटेदारों की आय में वृद्धि होने के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

आस्था के साथ मनी नाग पंचमी

जौनपुर। नाग पंचमी का पर्व सोमवार को उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। घरों से लेकर मंदिरों में नाग देवता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। महिलाओं ने कपड़े की गुड़िया को पीटकर रस्म अदायगी की। बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया। महिलाओं ने घरों के मुख्य दरवाजों के पास गोबर से नाग देवता की आकृति बनाई और विधि-विधान से पूजा अर्चना की। नाग देवता को पकवानों का भोग लगाया गया। महिलाओं ने नाग देवता की पूजा करने के बाद शगुन के तौर पर गुड़िया की पिटाई की, ताकि कोई परेशानी उनके घर न आए। इसके अलावा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने पर्व मनाया और दूध और लावा चढाया। मंदिरों के आसपास नाग दिखाने आए सपेरों के नागों को लोगों ने दूध भी पिलाया। ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दिन श्रद्धा व भक्ति से नागदेवता का पूजन करता है, उसे व उसके परिवार को कभी भी सर्प भय नहीं होता. नाग की पूजा के बाद मंदिर में जाकर भगवान शिव की भी पूजा की जायेगी. कहा जाता है कि नाग की पूजा से सुख शांति व समृद्धि आती है। ज्ञात हो कि नाग वंश की उत्पत्ति की कथापुराणों में नाग वंश के उत्पन्न होने से लेकर और भी कई रोचक बातें बतायी गई हैं. महर्षि कश्यप की तेरह पत्नियां थीं. इनमें से कदरु भी एक थी। कदरु ने अपने पति महर्षि कश्यप की बहुत सेवा की. इससे प्रसन्न होकर महर्षि ने उसे वरदान मांगने के लिए कहा। कदरु ने कहा कि एक हजार तेजस्वी नाग मेरे पुत्र हो। महर्षि ने वरदान दे दिया। फलस्वरूप सर्पो की उत्पत्ति हुई। एक अन्य कथा प्रचलित है कि जब राजा जनमेजय ने सर्पो के विनाश के लिए सर्प यज्ञ कराया तो उस समय आस्तिक मुनि ने सर्पो को बचाया. धर्म ग्रंथों के अनुसार सर्प से भय के समय जो भी व्यक्ति आस्तिक मुनि का नाम लेता है, सांप उसे नहीं काटते।

45 प्रार्थना पत्रों में महज तीन का मौके पर निस्तारण

लालगंज, मीरजापुर। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एडीएम भू राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह व तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित का निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

फरियादी पचोखर निवासी रीता पत्नी शेषमणि ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मेरा राशन कार्ड बनवाया जाए। चरखी खुर्द निवासी राम जी मोर्य पुत्र रामगोपाल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की मेरी भूमि की पैमाइश किया जाए। कटाई निवासी सरोज देवी पत्नी रामराज ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया कि हम पात्र हैं मेरा नाम राशन कार्ड से छूट गया है जिसे जोड़ा जाए। चंद्रशगढ निवासी निशा देवी पत्नी कमलेश ने विधवा पेंशन दिए जाने की मांग की है।समाधान दिवस के अंत में तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा राजस्व एव पुलिस टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी को बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े जिसके परिपेक्ष्य में आप लोग मौके पर जाकर दो गवाहों के समक्ष फरियादी की समस्या गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, नायब तहसीलदार राजीव यादव, खंड विकास अधिकारी लालगंज व हलिया समेत संबंधित विभाग के अधिकारी और राजस्व निरीक्षक लेखपाल मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

जौनपुर। श्रावण मास के तीसरे सोमवार और नागपंचमी पर्व के अवसर पर बक्शा थाना क्षेत्र के उतरेजपुर स्थित प्रसिद्ध सायनाथ महादेव मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं।

श्रद्धालु हाथों में दूध, बेलपत्र, धतूरा, भांग, जल, फूल और माला लेकर अपनी बारी का घंटों इंतजार करते नजर आए।मंदिर परिसर के बाहर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग करीब 500 मीटर से अधिक लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहकर श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से दर्शन और जलाभिषेक करा रहा है। मंदिर परिसर में राजस्व कर्मियों समेत संबंधित अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।मंदिर संरक्षिका एवं पुजारिन माला शुक्ला ने बताया कि श्रावण मास के तीसरे सोमवार के साथ नागपंचमी पर्व होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही। भक्तों के लिए मंदिर भोर करीब चार बजे ही खोल दिया गया था। सुबह से लेकर देर शाम तक करीब बीस हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन-पूजन और जलाभिषेक कर दिए। उन्होंने बताया कि देर शाम तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा।

नागपंचमी पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

आजमगढ़। विकास खंड सठियांव क्षेत्र के लालसा कृषक इंटर कॉलेज नीबी मुहब्बतपुर के परिसर में सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर खेल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान दौड़, कबड्डी, कुश्ती सहित कई खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी तेज गति का प्रदर्शन किया। कबड्डी में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता देखने के लिए विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

440 वोल्ट के तार की चपेट में आई भैंस की मौत

मड़िहान, मीरजापुर। संतनगर थाना क्षेत्र के रैकल गांव में 440 वोल्ट का तार जमीन पर लटक रहा था। उसी की चपेट में आने से एक दुधारू भैंस की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। मृत भैंस रैकल गांव निवासी नागेश्वर उपाध्याय पुत्र रमाकांत उपाध्याय की थी। परिजनों ने बताया कि सुबह भैंस चरने के लिए घर से निकली थी। गांव में बिजली के पोल से 440 वोल्ट का तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। जैसे ही भैंस उस तार के संपर्क में आई, तेज करंट से वह तड़पकर गिर गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। नागेश्वर उपाध्याय ने बताया ये भैंस ही घर का सहारा थी। दूध बेचकर घर का खर्च चलता था बिजली विभाग कई बार शिकायत के बाद भी तार नहीं ठीक कर रहा था आज उसी लापरवाही की वजह से हमारा नुकसान हो गया। घटना की खबर मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि कई दिनों से पोल पर तार लटका था और विभाग को कई बार सूचना दी गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। एसडीओ सुमित यादव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल रैकल गांव में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में गुस्सा है और पीड़ित परिवार इंसाफ की मांग कर रहा है।

दुद्धी तहसील दिवस में पहुंची छात्रा, 10 दिनों से बिजली ठप

दुद्धी (सोनभद्र)।उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी ब्लॉक से एक अनोखा और गंभीर मामला सामने आया है, जहां जेन जी (ळमद) पीढ़ी की सजगता तहसील समाधान दिवस में देखने को मिली। क्षेत्र के ग्राम डुमरडिहा, दुद्धी, सोनभद्र की रहने वाली कक्षा 10वीं की छात्रा आकृति गुप्ता स्कूल ड्रेस में अपने गाँव में पिछले 10 दिनों से ठप पड़ी बिजली आपूर्ति की शिकायत लेकर खुद अधिकारियों के सामने पहुंच गई। हाथ में प्रार्थना पत्र थामे इस छात्रा ने अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए बताया कि बिजली न होने के कारण उसका पठन-पाठन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

सक्षम अधिकारी को संबोधित अपने लिखित प्रार्थना पत्र में छात्रा आकृति गुप्ता ने बताया कि उनके विद्युत कनेक्शन का ट्रांसफार्मर बीते 7 अगस्त 2026 से खराब पड़ा है। इसके संदर्भ में अगले ही दिन 8 अगस्त 2026 को शाम 7:17 बजे टोल-फ्री नंबर 1912 पर शिकायत (शिकायत संख्यारू न्080826083550) भी दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद बिजली विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर बदलने या ठीक करने को लेकर अब तक कोई कार्रवाई या जानकारी नहीं दी गई।छात्रा ने अत्यंत भावुक और तीखे शब्दों में अपनी समस्या को उजागर करते हुए लिखा है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण मेरा पठन-पाठन लगभग पिछले 10 दिनों से पूर्ण रूप से बाधित हो गया है, और साथ ही विद्युत आपूर्ति न होने के कारण कुएं का दूषित पानी पीना पड़ रहा है। इस स्थिति को देखकर मुझे पिछले 10 दिनों में पाषाण काल की अनुभूति हो रही है। तहसील समाधान दिवस में जब यह मामला अधिकारियों के सामने आया, तो एक स्कूली छात्रा को पढ़ाई के प्रति इस कदर चिंतित और जागरूक देखकर वहां मौजूद अधिकारी भी गंभीर हो गए। मामले का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार दुद्धी अंजनी गुप्ता ने तुरंत संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रार्थना पत्र पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिशाषी अभियंता को अग्रसारित करते हुए इस विद्युत समस्या का संपूर्ण समाधान और निस्तारण करने का समय तय किया गया है, ताकि छात्रा की पढ़ाई और ग्रामीणों की दिनचर्या पटरी पर लौट सके।

शराबी पिता की पिटाई से पुत्री की मौत

जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र मोहल्ला कालीकुत्ती परमानतपुर में एक शराबी पिता ने पहले अपनी किशोरी पुत्री को बेरहमी से पीटा फिर उसके गले में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे की कुंडी से लटका दिया। उपचार के दौरान मौत हो गई है। उक्त मोहल्ला निवासी अखिलेश कुमार बिंद शराबी किस्म का व्यक्ति है जो प्रतिदिन अपने परिवार को प्रताड़ित किया करता था। घटना 15 अगस्त रात लगभग 11 बजे उक्त शराबी ने पहले अपनी पत्नी सुनीता बिंद को बेरहमी से पीटा जिसके डर से वह पड़ोस में जाकर छिप गई। अन्य बच्चों में 17 वर्षीया खुशबू, 12 वर्षीया गुंजा इधर उधर भाग गई, लेकिन 14 वर्षीय चंदा अपने शराबी बाप के हाथों का शिकार हो गई। बताते हैं कि शराबी पिता ने पहले उसे बेरहमी से पीटा और साड़ी का फंदा बनाकर घर में लगे पंखे से लटका दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के एकत्रित हुए और लड़की को फांसी के फंदे उतारकर जिला अस्पताल ले गये। परिजन उसे कलीचाबाद चैराहे के पास स्थित एक नीजी चिकित्सक के यहां ले गयें जहां वह जीवन और मृत्यू के बीच संघर्ष कर रही थी। सोमवार को जब उसकी हालत बिगडने लगी तो चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

साष्टांग दंडवत यात्रा निकाली गयी

जौनपुर। नागपंचमी और पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बोल बम दंडवत संघ की ओर से साष्टांग दंडवत यात्रा निकाली गई। सुबह करीब 9 बजे हनुमान घाट स्थित आदि गंगा गोमती के तट से शिवभक्तों ने पवित्र जल लेकर यात्रा की शुरूआत की।

यात्रा का समापन मोहल्ला आलमगंज स्थित श्री श्री 1008 बाबा जागेश्वर नाथ धाम में जलाभिषेक के साथ हुआ। यात्रा हनुमान घाट से शुरू होकर चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा और नवाब यूसुफ रोड होते हुए बाबा जागेश्वर नाथ धाम पहुंची। श्रद्धालुओं ने करीब डेढ़ किलोमीटर तक साष्टांग दंडवत करते हुए बाबा के दरबार में पहुंचकर जलाभिषेक किया। यात्रा के दौरान पूरे नगर में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे। बाबा जागेश्वर नाथ का रथ शोभायात्रा के रूप में आगे चल रहा था। इसके पीछे गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ शिवभक्त उत्साहपूर्वक चल रहे थे। संस्थापक अध्यक्ष सत्यनारायण केसरी ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष किया जाता है और इसमें बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा पिछले 18 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। कहा कि यात्रा को व्यवस्थित बनाने में प्रशासन के साथ विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग मिलता है। उन्होंने सभी सहयोगियों और कार्यकताओं का आभार जताया।

शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

जिला संवाददाता

मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुलसी में स्थित वनराज महादेव पतीयार नाथ मंदिर में सोमवार नागपंचमी के शुभ अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की। मान्यता के अनुसार भक्तों ने भगवान शिव को कच्चा चना दूध लावा बेलपत्र धतूरा और जल अर्पित किया। ग्राम पंचायत की महिलाओं ने भी महादेव के दर्शन और पूजन किए। आपकों बता दें कि विकास खंड लालगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुलसी नदनी में वनराज महादेव पतीयार नाथ मंदिर कई दशकों पुराना है और ग्रामीणों द्वारा मिलकर यह बनवाया गया था। यह क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। ऐसी मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि पूरे सावन माह में यहां शिव भक्तों द्वारा पूजा पाठ और भंडारे का आयोजन किया जाता है, उन्होंने कहा कि जो भी भक्त यहां श्रद्धा से आता है भोले बाबा उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। ग्रामीण गुलाब सिंह, सनी सिंह, बिहारी लाल यादव और रामबाबू यादव ने बताया कि उनका बचपन से ही इस मंदिर से गहरा जुड़ाव रहा है। वे मानते हैं कि भगवान की कृपा सदैव उन पर और ग्रामसभा वासियों पर बनी रहती है।

बाल बम कांवड़ियों ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

शाहगंज (सोनभद्र)। बाल बम कांवड़ियों ने सावन मास के तीसरे सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर सुप्रसिद्द व प्राचीन गौरीशंकर धाम में आशुतोष भगवान शंकर का जलाभिषेक किये। विगत कई वर्षों से शाहगंज कस्बा और आसपास के सैकड़ों बाल बम काँवरियों द्वारा गौरीशंकर धाम में जलाभिषेक करने की परम्परा का निर्वहन निष्ठा तथा भक्ति के साथ किया जा रहा है। यह परम्परा सोमवार को भी श्रद्धालुओं ने निभाई।

डीजे के साथ बोल बम काँवरियों ने महामाया से जल भर करीब 6 किमी नंगे पाँव पैदल चलकर गेरूआ वस्त्रधारियों ने कांवड़ियों ने गौरीशंकर धाम भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किये। यात्रा के दौरान इनके मुखारबिन्द से निकल रहे बम-बम उद्घोष लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। इन कांवड़ियों के चेहरे पर उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। बाल काँवरियों के लिए उत्साही ग्रामीणों द्वारा नाश्ता तथा पीने के पानी आदि का प्रबन्ध किया गया था।

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के परानापुर स्थित एक स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र के साथ सड़क पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फुटेज में कई युवक छात्र के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि छात्र स्कूल से घर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित छात्र ने सिधारी थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शार्ट सार्किट से घर में आग लगने से लाखों का नुकसान

आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के कोट किला रोड स्थित नाला धर्मू नाला मोहल्ले में सोमवार की सुबह बिजली के शार्ट सर्किट से मकान के बेसमेंट में आग लग गई। वेसमेंट में रखा शादी के लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार में आज वलीम होना था, घटना के समय परिजन वलीमा की तैयारी में व्यस्त थे। धर्मू नाला मोहल्ला निवासी महताब आलम के घर के बेसमेंट में शादी के दहेज का लाखों का सामान रखा हुआ था। उनके घर पर सोमवार को वलीमा था। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे परिवार के लोग वलीमा की तैयारी में व्यस्त थे। परिजनों का कहना है कि उसी दौरान बेसमेंट में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बेसमेंट से धुआं निकलने लगा। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल की करीब पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। बेसमेंट में काफी संख्या में शादी का सामान रखा होने के कारण आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। काफी प्रयास के बाद आग को नियंत्रित किया गया। घटना के दौरान पूरे मोहल्ले में हड़कंप की स्थिति बनी रही। घंटों मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग से बेसमेंट में रखा शादी के दहेज का सामान समेत अन्य सामान भी जलकर खाक हो गए। अगलगी की घटना में कितने की क्षति हुई है, इसका अभी आकलन नहीं हो सका है।

संक्षेप

फर्जी पट्टों से सतर्क रहने की अपील

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद की तहसील छाता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने फर्जी पट्टा विक्रय करने वाले गिरोहों और असामाजिक तत्वों से जनता को सतर्क रहने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने अपील की कि किसी भी जमीन के लेनदेन में पूरी सावधानी बरती जाए। इसके साथ ही, भूमि विवादों को खत्म करने के लिए शासन की नई पहल की जानकारी देते हुए बताया कि अब जमीनों की सटीक नपाई रोवर (ड्रोन) तकनीक के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे सीमांकन और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकेगी।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनपद की छाता तहसील में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया, सदर तहसील में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर निस्तारण किया गया।

नागपंचमी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

चैमुंहा। बेस्ट टूरिज्म विलेज जैत में द ब्रज फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित ऐतिहासिक एवं पारंपरिक नागपंचमी मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित जयकुंड में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। कालिया नाग मंदिर में नाग देवता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए दूर-

- जैत के जयकुंड स्थित कालिया नाग मंदिर में देशभर से पहुंचे श्रद्धालु, पूजा-अर्चना कर मांगी मनौतियां

दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि की मनौतियां मांगीं। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु मेले में पहुंचे। सुबह करीब छह बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने कालिया नाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर दूध, पुष्प और प्रसाद अर्पित किया। मंदिर परिसर नाग देवता के जयकारों से गूंजता रहा।

मेले का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक के संचालक ठाकुर उमेश प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान दलबीर सिंह, मंदिर के पुजारी पंडित रितेश गौतम, हरेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रमोद सिंह, लाखन सिंह, पदम सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। मेले के संयोजक आनंद यादव ने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों तथा पुलिस-प्रशासन का आभार जताया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।जयकुंड के पानी को लेकर उठे सवालश्रद्धालुओं ने आस्था के बीच किया स्नान व आचमन, स्थायी समाधान की मांगनागपंचमी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जयकुंड में स्नान और आचमन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुंड में आसपास की नालियों का पानी पहुंचने के कारण पानी की स्वच्छता को लेकर लंबे समय से चिंता बनी हुई है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने आस्था के चलते कुंड के पानी से स्नान और आचमन किया।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जयकुंड की सफाई, नालियों के पानी की निकासी और कुंड को प्रदूषण से बचाने के लिए स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की। लोगों का कहना है कि जयकुंड धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्र की पर्यटन पहचान से भी जुड़ा है, इसलिए इसकी स्वच्छता और संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही एप्रोच रोड और नाला निर्माण की मांग भी लंबे समय से उठाई जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने बढ़ाया कोटेदारों का कमीशन

मथुरा। लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के लिए नईई-पॉस आधारित कोटेदार कमीशन प्रणाली का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में बड़ी वृद्धि करते हुए कमीशन को 90 से बढ़ाकर 125 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसके साथ ही, सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का भी शुभारंभ किया गया।

लखनऊ में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा की सभी 5 विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और उचित दर विक्रेताओं द्वारा देखा गया। स्थानीय स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि इस बढ़ी हुई व्यवस्था से जनपद मथुरा के दर विक्रेता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइक व अवैध चाकू बरामद

फिरोजाबाद। अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शिकोहाबाद पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें और एक अवैध चाकू बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर असुआ की ओर जाने वाली सड़क के मोड़ के पास घेराबंदी कर फैजान पुत्र अंशार उर्फ इन्सार अली तथा फरमान पुत्र गुड्डू उर्फ जमुद्दीन, निवासी मौहम्मदपुर, थाना शिकोहाबाद को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी थाना शिकोहाबाद में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमों में वांछित थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से काले रंग की दो एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। तलाशी के दौरान आरोपी फैजान के पास से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर फैजान के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि फैजान के विरुद्ध वाहन चोरी एवं आर्म्स एक्ट समेत तीन मुकदमे तथा फरमान के विरुद्ध वाहन चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक कपिल कुमार हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार कांस्टेबल नीतेन्द्र कुमार एवं होमगार्ड कौशल किशोर शामिल रहे।

अवैध तमंचा व 2.449 किलो गांजा सहित दो गिरफ्तार

टूंडला। अपराध एवं मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टूंडला पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया, जबकि दूसरे आरोपी के कब्जे से 2 किलो 449 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मंगल पुत्र वीरेन्द्र निवासी न्यू ओझा नगर झील की पुलिया के पास, थाना उत्तर फिरोजाबाद को पुराने बाईपास जरौली कलां कट के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना टूंडला में आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है।

वहीं दूसरी कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर अंकित कुमार पुत्र सुजीत कुमार, निवासी अमर दास बगीची के पास पीली टंकी, श्याम विहार कॉलोनी, थाना ट्रांस यमुना, आगरा को काशीराम कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 2 किलो 449 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इस मामले में थाना टूंडला पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अंकित कुमार के विरुद्ध आगरा के विभिन्न थानों में पूर्व से कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है।कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक जतिन पाल, उपनिरीक्षक सचिन राठी, हेड कांस्टेबल पूरन सिंह तथा कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

केन्द्रीय गृहमंत्री की धर्मपत्नी ने किये श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन

मथुरा। भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह की धर्मपत्नी श्रीमती सोनल शाह अपने परिजनों के साथ रविवार की सांय लगभग 5:30 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन हेतु पधारीं। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने श्रीमती सोनल शाह का स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मृदंग-मंजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य सर्वप्रथम श्रीमती सोनल शाह ने भगवान श्रीकेशवदेव जी महाराज को माल्यार्पण-चन्दन अर्पित करने के उपरान्त, अष्टभुजा माँ योगमायाजी के दर्शन-पूजन कर श्रीगर्भ गृह में प्रवेश किया। श्रीगर्भ गृह में तुलसी एवं पुष्प के साथ अनन्त लीलापुरूषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की। भागवत-भवन में श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के सन्मुख भावपूर्ण मुद्रा में विराजमान हो, श्रीमती सोनल शाह ने ठाकुरजी को माल्यार्पण, नैवेद्य अर्पण करने के उपरान्त पूजा-अर्चना की। मंदिर पूजाचार्यों ने उन्हें प्रसादी के रूप में पटका, प्रसाद एवं चुनरी प्रदान की। इस अवसर पर मथुरा-वृन्दावन के विधायक श्रीकान्त शर्मा, पार्षद नीरज वशिष्ठ, मण्डल अध्यक्ष राजू चौधरी आदि सहित अनेकों पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

समाधान दिवस में 73 शिकायतें मिलीं, 10 का निस्तारण

फिरोजाबाद। जनता की समस्याओं का पारदर्शी और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसील सदर में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादियों ने अपनी फरियाद जिलाधिकारी के समक्ष रखी, जहां जिलाधिकारी ने एक-एक कर आम जन की शिकायतों को बेहद संवेदनशीलता और गंभीरता से सुना।

इस दौरान अवैध भूमि कब्जा, स्वच्छता कानून व्यवस्था इत्यादि से संबंधित मामले सामने आए, जिसमें जिलाधिकारी ने कुछ का त्वरित समाधान किया। इस दौरान एक मामला यह भी आया कि ग्राम पंचायत लालऊ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत एक बड़ा मामला आरटीआई के माध्यम से उजागर हुआ कि ग्राम पंचायत में फेज-1,2 के तहत कागजों पर शौचालय का निर्माण 12 हजार सहायता राशि का भुगतान का दशार्या गया है, जबकि धरातल पर लाभार्थियों के खातों में 6-6 हजार की किस्त ही पहुंची है। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रूप अपनाया है और एक जांच कमेटी परियोजना निदेशक और उपायुक्त श्रम रोजगार के नेतृत्व में बनाकर जांच के कड़े निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत लालऊ में फेज-1 और फेज -2 के सभी शौचालय का मौके पर जाकर शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए, केवल सरकारी अभिलेखों के निस्तारण को अंतिम नहीं माना जाए, बल्कि संबंधित बैंकों से आरटीजीएस और यू टी आर नंबर तथा ट्रांजैक्शन हिस्ट्री निकालकर लाभार्थियों के असली खातों का मिलान कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच में यदि बिना शौचालय निर्माण के भुगतान या किसी भी स्तर पर धन के गबन की पुष्टि हुई, तो दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता के हक का पैसा सीधे लाभार्थी तक पहुंचना चाहिए। इसी तरह एक मामला ग्राम नगला मौजा जाखई की निवासिनी दिव्यांग आवेदिका रेनू द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में यह आरोप लगाए कि उनकी गाटा संख्या 1539, 1557, 1566 पर स्थानीय दबंगों द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर लिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की टीम को मौके पर जाकर जांच करने तथा दिव्यांग पीड़िता की भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भू माफिया और अवैध कब्जा धारकों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

आम जनमानस विशेष कर महिलाओं और दिव्यांगजनों के अधिकारों का हनन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी के समक्ष 73 मामले आए और 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन राम, उपलाधिकारी सुदर्शन सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

लूट में वांछित दो बाल अपचारी सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूंडला पुलिस ने 8 अगस्त को हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक बालिग आरोपी और दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, 1500 रुपये नकद, अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के सवाई माधोपुर निवासी पृथ्वीराज मीना ने 8 अगस्त को थाना टूंडला में तहरीर दी थी कि तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन और 2500 रुपये नकद जबरन छीन लिए और फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए साक्ष्य संकलित करने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के आधार पर पुलिस टीम ने 17 अगस्त को घटना में वांछित लक्की पुत्र जालिम सिंह, निवासी सती नगर, श्याम विहार कॉलोनी, थाना ट्रांस यमुना, आगरा, उम्र 22 वर्ष सहित दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से वनप्लस का सिल्वर रंग का मोबाइल फोन 1500 रुपये नकद एक अवैध देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि मामले में लूट, बरामदगी एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार बालिग आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक जतिनपाल, उपनिरीक्षक सचिन कुमार, उपनिरीक्षक विजय चौधरी हेड कांस्टेबल पूरन सिंह कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की मथुरा में हुई बैठक

मथुरा। रविार को जनपद मथुरा में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में अखंड भारत संकल्प पखवाड़ा के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सनातन और हिन्दू धर्म को सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक गांव में हनुमान चालीसा का पाठ कराने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बैठक में ब्रज प्रान्त और जनपद के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से प्रेम पाल सिंह सोलंकी (प्रान्त उपाध्यक्ष) हरिंदर सिंह (प्रान्त संगठन मंत्री) रौनक ठाकुर (प्रान्त अध्यक्ष, राष्ट्रीय बजरंग दल) वीरेन्द्र सिंह (जिला अध्यक्ष, अलीगढ़) मुरारी लाल (जिला अध्यक्ष, मथुरा) योगेश सिंह (जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय बजरंग दल) सहित कार्यक्रम में लगभग 200 कार्यकताओं ने अपनी सहभागिता दिखाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय सिंह राजपूत, अध्यक्ष मनोज बंसल, महिला परिषद की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, किसान परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश प्रधान, महानगर अध्यक्ष राजू शर्मा, मुकेश धनगर, क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष सुजान सिंह, सिया राम प्रधान और ठाकुर नरेंद्र सिंह सहित कई अन्य प्रमुख लोग भी मौजूद रहे।

राशन कोटेदारों का लाभांश बढ़कर हुआ 125 रुपये

फिरोजाबाद। सरकार ने राशन कोटेदारों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उनके लाभांश में उल्लेखनीय वृद्धि की है। लाभांश को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल किए जाने से प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं को लाभ मिलेगा। इसी क्रम में सोमवार को तहसील सदर फिरोजाबाद के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा सदर विधायक मनीष असीजा और मेयर कामिनी राठौर की मौजूदगी में लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान कोटेदारों को लाभ वितरण कार्यक्रम के साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया।सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि उचित दर दुकानों के माध्यम से राशन विक्रेताओं को अपनी आजीविका बढ़ाने तथा उपभोक्ताओं के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कोटेदारों से नियमित ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दुकानों पर बाजार दर के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धी दरों पर अन्य आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके। सदर विधायक ने राशन विक्रेताओं से घटिया उत्पाद अथवा जरूरत से अधिक सामान बेचने से बचने तथा उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार की जबरदस्ती या शोषण न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उचित दर दुकानों के सुदृढ़ीकरण से आने वाले समय में कोटेदारों की आय बढ़ाने के साथ उन्हें बेहतर विकल्प भी उपलब्ध होंगे। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार के इस कदम से सरकार और आम जनता के बीच विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि राशन विक्रेताओं की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी और सम्मान के साथ खाद्यान्न एवं गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दुकानों पर घटतौली कालाबाजारी अथवा निर्धारित दरों से अधिक वसूली किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सही ढंग से पहुंचाने के साथ-साथ राशन दुकानों के माध्यम से सुरक्षित सुदृढ़ और उपभोक्ता अनुकूल व्यवस्था स्थापित करना है।

- सरकार के फैसले से 78 हजार से अधिक विक्रेताओं को मिलेगा लाभ

चोरी गई भैंस बरामद, चोर गिरफ्तार

टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा चोरी गयी भैंस सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा तलाश वाँछित वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए विशेष अभियान के क्रम में चोरी की गयी भैंस सहित आरोपी अभियुक्त रामदास पुत्र भीकम सिंह निवासी टापाखुर्द थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सुरेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष थाना पचोखरा, उ0नि0 जाहिद अली, का0 शामिल रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से 17 साल के किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर के सराय सरूपा निवासी कार्तिक पुत्र मिठन लाल के रूप में हुई है। मृतक अपनी मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला था। काफी देर तक कार्तिक के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस को रेलवे लाइन के पास एक किशोर के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग मथुरा पहुंचे और शव की पहचान की।परिजनों के मुताबिक, कार्तिक को उसकी मां ने किसी बात को लेकर डांटा था। इसके बाद वह नाराज होकर घर से निकल गया। परिवार को उम्मीद थी कि वह कुछ देर बाद वापस आ जाएगा, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उन्हें मथुरा रेलवे लाइन के पास हादसे की जानकारी मिली। थाना हाईवे पुलिस को रेलवे लाइन के पास एक किशोर के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कार्तिक के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने बुलंदशहर में उसके परिवार को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद परिजन मथुरा पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान अपने बेटे कार्तिक के रूप में की। परिजनों ने बताया कि कार्तिक परिवार का इकलौता बेटा था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को लेकर अपने गांव के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने घटना को लेकर आवश्यक जांच की है। मौत की परिस्थितियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

बृजवासियों की मिठास पर महंगाई की मार, चीनी बनी आर्थिक बोझ

जिला संवाददाता

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ पारंपरिक मिठाइयों के लिए भी देशभर में प्रसिद्ध है। मथुरा का पेड़ा, रबड़ी, लड्डू और अन्य मिष्ठान न केवल ब्रजवासियों की पहचान हैं, बल्कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की पहली पसंद भी हैं। ऐसे में चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों के साथ-साथ मिठाई कारोबार से जुड़े व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।

पिछले तीन महीनों में चीनी के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। जून और जुलाई में चीनी का थोक भाव 4400 रुपये प्रति क्विंटल था, लेकिन अगस्त में इसमें अचानक उछाल आ गया और कीमत 5900 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई। यानी महज दो महीने में चीनी के दाम में 1500 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है।बढ़ती कीमतों का सीधा असर मथुरा के प्रसिद्ध मिठाई उद्योग पर पड़ने की आशंका है। ब्रज क्षेत्र में हजारों परिवार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दूध और मिष्ठान व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। ऐसे में चीनी के दाम बढ़ने से मिठाइयों के निर्माण की लागत लगातार बढ़ रही है। 111 साल पुरानी चीनी फर्म के मंडी समिति के वरिष्ठ व्यापारी अनुराग अग्रवाल ने चीनी की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चीनी केवल एक खाद्य पदार्थ नहीं है, बल्कि यह आम लोगों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चाय से लेकर मिठाइयों तक हर घर में चीनी का उपयोग होता है। ऐसे में इसकी कीमतों में लगातार वृद्धि आम लोगों के बजट को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का मौसम शुरू होने वाला है और आने वाले दिनों में जन्माष्टमी, राधाष्टमी, नवरात्र, दशहरा, दीपावली और अन्य धार्मिक आयोजनों के कारण मिठाइयों की मांग बढ़ जाएगी। यदि चीनी की कीमतों में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो मिठाइयों के दाम बढ़ना लगभग तय माना जा रहा है। अनुराग अग्रवाल ने मीडिया के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते आवश्यक निर्णय नहीं लिए गए तो महंगाई का असर सीधे आमजन पर पड़ेगा।

3 चोर गिरफ्तार: चोरी के केबल-तार और 2200 नकद बरामद

मथुरा। महावन पुलिस ने रविवार को तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सामान और 2200 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह गिरफ्तारी जगदीशपुर-मनोहरपुर अंडरपास के पास से की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान केशव (25), दीपक (19) और बंशी (29) के रूप में हुई है। केशव और दीपक दोनों मथुरा के महावन थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के निवासी हैं, जबकि बंशी मथुरा के बलदेव थाना क्षेत्र के रीढ़ा कस्बे का रहने वाला है।पुलिस के अनुसार, आरोपियों को 16 अगस्त 2026 को रात 9:36 बजे 119 किलोमीटर जगदीशपुर-मनोहरपुर अंडरपास से करीब 25 कदम पहले मनोहरपुर की ओर से पकड़ा गया। इनके कब्जे से चोरी के दो केबल के टुकड़े, केबल का तारबरामद हुआ।

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

टूंडला। राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहम्मद फहीम का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं।नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहीम ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने तथा उसके उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सनी राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रकाश चंद्र मौर्य चंद्रवीर यादव, अलकेश सविता उदयवीर पौनिया, वीरेश यादव प्रधान विनय यादव, माजिद खान जफर खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पीएम ने लिख दी इंडिया@2047 की पटकथा

लोकमित्र गौतम

> 2047 के विकसित भारत का सपना जितना सुखद लगता है इसे हकीकत का रूप देना उतना ही कठिन होगा। तेज जीडीपी वृद्धि तो जरूरी ही है, उससे भी जरूरी यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास का लाभ गांवों, छोटे शहरों, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और मध्यम वर्ग तक पहुंचे। साथ ही रोजगार की गुणवत्ता, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्यायिक सुधार, शहरीकरण और कृषि उत्पादकता पर समान गंभीरता जरूरी होगी।

लालकिले से अपने लगातार 13 वें संबोधन में अब तक का चौथा सबसे छोटा भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अतीत की उपलब्धियों का तो लंबा ब्योरा दिया ही पर सबसे ज्यादा देर तक देर तक 21 साल बाद आने वाली आजादी कि 100 वीं वर्षगांठ यानी साल 2047 पर बोले, जब उनके मुताबिक भारत विकासशील से विकसित देश बन जायेगा। अपने 76 मिनट के भाषण में पीएम ने तकरीबन 27 मिनट से ज्यादा 2047 पर बोले और एक तरह से देश की दिशा तय करने की कोशिश की। पीएम मोदी ने विकसित भारत के लिए विकास के लक्ष्य को एक नई संरचना–'सप्तधारा'–से जोड़ते हुए उत्पादन, कृषि-खाद्य प्रसंस्करण, तकनीक-नवाचार, गति शक्ति, रक्षा, हरित-नीली अर्थव्यवस्था और सॉफ्ट पावर को भारत की भावी ताकत के सात आधार बताया। उन्होंने आह्वान के स्वर में कहा, 'अब भारत को छोटे लक्ष्य नहीं, बड़ी छलांग के लिए तैयार होना होगा।' उनके इस संबोधन में सेमीकंडक्टर से परमाणु ऊर्जा तक, युवाओं के एआई कौशल से वैश्विक कंपनियों तक और आत्मनिर्भरता से रणनीतिक सुरक्षा तक स्पष्ट लक्ष्य दिखे। अपने भाषण के इस हिस्से में मोदी 2047 के भारत की अर्थव्यवस्था और सामर्थ्य की एक मुकम्मिल तस्वीर खींचते दिखे। उनके संबोधन में साफ लगा देश अब अपनी अगली मंजिल को 2047 की समय-सीमा में देख रहा है। हालांकि 'विकसित भारत' का लक्ष्य उनके भाषणों में पहली बार नहीं आया है, लेकिन इस बार उन्होंने इसे सात धाराओं की स्पष्ट रणनीति से जोड़ा और बकायदा इसका खाका पेश किया। हालांकि सवाल है कि क्या ये सात धाराएं भारत को अगले 21 वर्षों में उस मुकाम तक पहुंचा सकती हैं, जिसे प्रधानमंत्री ने विकसित राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया है? इसमें कोई दो राय नहीं है कि 1947 में राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल करने वाला भारत साल 2026 तक आते दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना चुका है ऐसे में 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की महत्वाकांक्षा हवा-हवाई नहीं है, लेकिन पिछले 18-19 महीनों में जिस तरह हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनते बनते फिर पांचवी पोजीशन में खिसक गये हैं, उसे देखते हुए

लक्ष्य थोड़ा परेशान भी करता है। मगर शायद उन्हें इस हिचक की आशंका थी इसीलिए उन्होंने आत्मनिर्भरता को इस यात्रा का अनिवार्य आधार बताया और कहा कि भारत 21वीं सदी में पिछली सदी के नियमों के सहारे आगे नहीं बढ़ सकता। उनके 'विकसित भारत' का नारा महज भावनात्मक भाषण नहीं रह जाता। लेकिन यह भी है कि इसकी सफलता का वास्तविक पैमाना होगा–प्रति व्यक्ति आय में तेज वृद्धि, उच्च उत्पादकता वाले रोजगार, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य, आधुनिक बुनियादी ढांचा, तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता। यह लक्ष्य इसलिए भी काल्पनिक उड़ान नहीं लगती क्योंकि विश्व बैंक भी भारत की 2047 की महत्वाकांक्षा को उच्च-मध्य आय वाले देश की दिशा में आगे बढ़ने से जोड़ता है। उसके अनुसार 2000 के बाद भारत की अर्थव्यवस्था वास्तविक अर्थों में लगभग चार गुना हुई है और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना हुई है। लेकिन यह भी याद रखना होगा कि आंकड़ों जितनी सुनहरी तस्वीर हकीकत में इसलिए नहीं है क्योंकि पिछले डेढ़ दशकों में अमीरों और गरीबों में फर्क हाल दशकों में सबसे ज्यादा बढ़ा है। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री ने कहा है कि अगले पांच से सात वर्षों में वह हासिल करने का प्रयास होगा, जो पिछली पांच-सात दशकों में नहीं हो पाया। इसका अर्थ है कि अगले पांच से सात वर्षों में ही इस लक्ष्य की नींव तैयार करनी होगी। यही वजह है कि पीएम के भाषण का एक बड़ा हिस्सा दीर्घकालिक लक्ष्य से ज्यादा तत्काल क्षमता निर्माण पर केंद्रित दिखाई दिया। विकसित भारत के लक्ष्य को साधने के लिए हमारा केवल बड़ी अर्थव्यवस्था होना पर्याप्त नहीं होगा। हमें बड़े पैमाने पर ऐसी वस्तुएं बनानी होंगी जिन्हें दुनिया खरीदे। इसलिए निर्माण क्षेत्र का मजबूत होना निर्णायक है।

विकसित भारत का संकल्प

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पहली तिमाही में 7.72 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 9.13 प्रतिशत रही। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के तहत 14 क्षेत्रों में सितंबर 2025 तक 2 लाख करोड़ से अधिक का वास्तविक निवेश आकर्षित हुआ और 12.6 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए। लेकिन असली चुनौती केवल 'मेड इन इंडिया' नहीं, बल्कि 'मेड इन इंडिया, ग्लोबल क्वालिटी' है। यदि हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना चाहते हैं तो हमें कम लागत वाले निर्माता से आगे बढ़कर उच्च गुणवत्ता, डिजाइन, ब्रांड और तकनीक का वैश्विक केंद्र बनना होगा। साथ ही दूसरा बड़ा मोर्चा चिप से रणनीतिक आत्मनिर्भरता तक की होगी। पीएम के भाषण में सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों पर जोर इस बात का संकेत है कि आत्म निर्भरता की परिभाषा बदल रही है। आज किसी देश की ताकत केवल उसके पास मौजूद कारखानों से नहीं, बल्कि उन तकनीकों और संसाधनों पर उसकी पकड़ से तय होती है जिनके बिना आधुनिक अर्थव्यवस्था चल नहीं सकती। प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों में उत्पादन शुरू हो चुका है और आने वाले वर्षों में पांच से आठ और संयंत्र आने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत सेमी कंडक्टर मिशन के तहत लगभग 1.60 लाख करोड़ के निवेश वाले 10 प्रोजेक्ट आगे बढ़ा चुका है। यह केवल औद्योगिक नीति भर नहीं है। चिप, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और रक्षा–ये चारों मिलकर भविष्य की रणनीतिक सुरक्षा तय करेंगे। लेकिन लक्ष्य व्यवहारिक तब बनेगा जब युवाओं पर हम बड़ा पूंजीगत निवेश करेंगे। क्योंकि 2047 का भारत आज के बच्चों और युवाओं का भारत होगा। इसलिए पीएम द्वारा अपने भाषण में युवाओं को 'विकसित भारत' का सबसे बड़ा चालक बताना स्वाभाविक भी है और रणनीतिक भी। प्रधानमंत्री ने अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल प्रशिक्षण देने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की घोषणा की है। लेकिन उम्मीद करें कि यह पिछली कौशल विकास योजना सरीखी साबित नहीं होगी, जिसमें ज्यादातर कौशल कागजी रहा था। प्रधानमंत्री कि एआई ट्रेनिंग संबंधी यह घोषणा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज एआई रोजगार की प्रकृति बदल रहा है। भारत के सामने चुनौती केवल करोड़ों युवाओं को रोजगार देने भर की नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे कौशल देने की है जिनकी मांग 2030 और उसके बाद भी बनी रहे। यदि 2047 का भारत ज्ञान, तकनीक और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनना चाहता है तो स्कूल से विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय से उद्योग तक पूरी कौशल-श्रृंखला को बदलना होगा। इसमें ऊर्जा सुरक्षा भी बहुत महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि विकसित अर्थव्यवस्था को लगातार और भरोसेमंद ऊर्जा चाहिए। इसलिए परमाणु ऊर्जा और वैकल्पिक ऊर्जा पर प्रधानमंत्री का जोर भी 2047 की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा क्षमता में बड़े विस्तार और नए रिएक्टरों की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही। भारत के लिए इसका महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि आर्थिक विकास के साथ बिजली की मांग बढ़ेगी। इलेक्ट्रिक वाहन, डेटा सेंटर, एआई, सेमीकंडक्टर और आधुनिक उद्योग –सबको विशाल मात्रा में भरोसेमंद ऊर्जा चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता अब केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय भी है।

बुजुर्गों की देखभाल

देश में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवा और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के बीच बुजुर्गों की बेहतर देखभाल एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय नीति बनाने का नीति आयोग का प्रस्ताव बहुत उचित है। अनुमान है कि 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के भारतीयों की संख्या 2022 में 14.9 करोड़ से बढ़कर 2050 तक 34.7 करोड़ हो जाएगी, जो जनसंख्या का 20.8 फीसदी होगा। महिला श्रम बल की बढ़ती भागीदारी, शहरीकरण, रोजगार के लिए परिवार के युवा सदस्यों का पलायन और संयुक्त परिवारों से एकल परिवारों की ओर बदलाव का चलन पारंपरिक परिवार-आधारित देखभाल प्रणालियों को कमजोर कर रहे हैं, जिससे देखभाल करने वाले पेशेवरों की भी मांग बढ़ रही है। भारत की देखभाल प्रणाली अभी भी मुख्य रूप से अनौपचारिक है और महिलाओं पर अत्यधिक निर्भर है। औपचारिक सेवाएं मुख्य रूप से शहरों में उपलब्ध हैं, जो बिखरी हैं और अक्सर किफायती नहीं हैं। इसलिए, चुनौती केवल देखभाल करने वाले पेशेवरों की संख्या बढ़ाना नहीं है, बल्कि एक ऐसी देखभाल प्रणाली का निर्माण करना है जो परिवारों के लिए सुलभ हो और साथ ही कामगारों को सम्मानजनक रोजगार प्रदान करे। सरकार इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों की घोषणा की गई है, जिनमें वृद्धावस्था संबंधी और संबद्ध सेवाओं का विस्तार और 1,50,000 बहु-कुशल देखभाल पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम शामिल हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य देखभाल

संबंधी मूलभूत कौशलों को स्वास्थ्य, योग और चिकित्सा एवं सहायक उपकरणों के संचालन जैसे कौशलों के साथ जोड़ना है। लेकिन केवल प्रशिक्षण से ही एक स्थायी देखभाल कार्यबल का निर्माण नहीं होगा। इसके लिए एक संस्थागत ढांचा आवश्यक है जो मान्यता प्राप्त योग्यताएं, गुणवत्ता मानक और बेहतर कार्य परिस्थितियां प्रदान करे। इसलिए राष्ट्रीय देखभाल परिषद का नीति आयोग का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है। यह परिषद विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करेगी और एक राष्ट्रीय देखभाल योग्यता ढांचे के माध्यम से देखभाल कर्ताओं की शिक्षा, प्रशिक्षण, मान्यता और प्रमाणन में अधिक एकरूपता लाने में मदद करेगी। एक राष्ट्रीय देखभालकर्ता रजिस्ट्री और डिजिटल प्लेटफॉर्म कार्यबल नियोजन, सत्यापन और देखभालकताओं को जरूरतमंदों से जोड़ने में और सुधार कर सकते हैं। व्यवसायीकरण का अर्थ सम्मानजनक कार्य भी होना चाहिए। श्रमिकों को आकर्षित करने और काम में बनाए रखने के लिए उचित वेतन, लिखित अनुबंध, बीमा, बीमारी की छुट्टी और व्यावसायिक सुरक्षा आवश्यक हैं। प्रौद्योगिकी-आधारित देखभाल, नवाचार और राज्यों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान सेवा वितरण को और बेहतर बना सकता है। कई देशों में देखभाल कर्मियों की लगातार कमी भारत के लिए संरचित विदेशी नियुक्ति तंत्र विकसित करने का अवसर भी प्रदान करती है। भारत अन्य देशों में देखभाल के लिए धन की व्यवस्था और संगठन के तरीकों से सीख ले सकता है। जापान की दीर्घकालिक देखभाल बीमा प्रणाली ने प्रमाणित देखभाल प्रबंधकों के माध्यम से समुदाय-आधारित देखभाल विकसित करने में मदद की है, जबकि जर्मनी औपचारिक और अनौपचारिक दोनों देखभालकर्ताओं को सहायता प्रदान करता है। दक्षिण कोरिया ने दीर्घकालिक देखभाल ढांचे के भीतर घर-आधारित, सामुदायिक और संस्थागत देखभाल को एकीकृत किया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण और नियामक मानकों पर जोर दिया है। ये अनुभव बताते हैं कि एक स्थायी देखभाल प्रणाली के लिए धन की व्यवस्था, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत समन्वय के साथ-साथ कार्यबल संरक्षण और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। दरअसल वरिष्ठजनों की बढ़ती आबादी के मद्देनजर अब यह जरूरी है कि इनकी देखभाल के लिए राष्ट्रीय नीति बने और देशभाल पेशेवर की ट्रेनिंग, नियुक्ति, बुजुर्गों की आय के मुताबिक व्ययभार और सरकार का अनुदान यह तय किया जाये।

विचार

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।

–महात्मा विदुर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

–भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।

–हाफिज.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

–जयशंकर प्रसाद.

सोशल मीडिया

स्वतंत्रता दिवस से पहले मोदी सरकार ने आईएसआई के सपोर्ट से चलने वाले टेरर ग्रुप शहजाद भट्टी नेटवर्क को खत्म कर गैंग के 200 से ज्यादा को गिरफ्तार कर लिया गया। अमित शाह.

पंजाब–हरियाणा हाई कोर्ट के कल के निर्णय के बाद गंभीर प्रश्न खड़ा हुआ है। पंजाब की सरकार ने राज्य के सर्वोच्च संवैधानिक स्थान विधानसभा में झूठ बोला। सुधांशु त्रिवेदी.

छोटी बच्चियों को डराने धमकाने व माफी मांगने पर मजबूर करना शक्ति प्रदर्शन नहीं, सरकार की कायरता है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन लाठी गैस, पैलेट गन चलाना नाकामी व कायरता है। राहुल गांधी.

मानसिक शांति

अंतर्दृष्टि

मनुष्य का मन मस्तिष्क बहुत चंचल होता है और इस कारण वह ऐसी चीजों पर प्रायः भटकता रहता है जो उसके व्यक्तित्व का क्षय करती हैं। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

विकास का उजाला फैल रहा

व्यंग्यलोक

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है। वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।

पूरन सरमा

हर पहाड़ की होती है अपनी सिग्नेचर ब्यूटी

पर्यटन

समीर चौधरी

हल्की हल्की ठंडी हवा देवदार के पेड़ों में झंकार पैदा करते हुए बह रही थी, दूधिया झरना रॉक्स व बोल्डर्स में से होता हुआ उतर रहा था, कहीं दूर बर्फीला तीतर अपने साथी को पुकार रहा था, पहाड़ी के ऊपर बने रहस्यमय मंदिर में सूरज की किरणें पड़ रही थीं, जो बर्फीली मोती जैसी चोटियों को भी चमका रही थीं। सब कुछ परियों के देश जैसा था। मैं पहाड़ों में था। यह पिछले साल 11 दिसम्बर यानी इंटरनेशनल माउंटेन डे की बात है। संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने यह दिवस इसलिए घोषित किया है ताकि हम जान सकें कि पहाड़ों में जीवन-देने की कितनी क्षमता है और उनकी गजब की बायोडाइवर्सिटी को समझकर उसके संरक्षण में जुट जायें।

हमें जो ताजा, पीने योग्य पानी मिलता है, उसका 60 से 80 प्रतिशत पहाड़ों से हासिल होता है। पहाड़ असंख्य जीव-जन्तुओं व पौधों के लिए घर हैं। पहाड़ भूमि का 24 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं और 13 प्रतिशत ग्लोबल जनसंख्या को शरण देते हैं। इसलिए मुझ जैसे पहाड़ों के आशिक के लिए यह दिवस विशेष है। इससे सुंदर पहाड़ों की सभी सुनहरी यादें मेरे मन-मंदिर में ताजा हो जाती हैं। मैंने भारत के सभी उत्तरी व दक्षिणी पहाड़ों की यात्रा की है। हर पर्वत श्रृंखला का अपना एक अलग ही आकर्षण है जो इस बात पर निर्भर करता है पहाड़ों की ऊंचाई व भूखंड कैसा है, क्योंकि इन्हीं से वहां का क्लाइमेट, वेजिटेशन और लोगों की जीवनशैली तय होती है।

पिछले साल नवम्बर में मैं जब उत्तराखंड में था तो मैंने विंटरलाइन फेनोमेनन की मंत्रमुग्ध करने वाली सुंदरता का आनंद लिया, जहां जाड़ों के महीनों में शाम के समय नारंगी-सुनहरा कृत्रिम क्षितिज बन जाता है। यह दुनिया में सिर्फ दो ही जगह दिखायी देता है- मसूरी और स्विट्ज़रलैंड में। इसी तरह जब मैं इस साल जनवरी में हिमाचल प्रदेश में था तो मैंने एल्पेनग्लो इफेक्ट देखा, जब सूर्य की किरणों के बिखरने से बर्फ से ढकी चोटियां जलती आग की तरह लाल हो जाती हैं। इन दोनों ही फेनोमेनन को विज्ञान की दृष्टि से समझाया जा चुका है, लेकिन मुझ जैसे आम आदमी के लिए यह प्रकृति का चमत्कार है, शानदार जादू है, जिसे केवल पहाड़ों में ही देखा जा सकता है। बहरहाल, अगर टिहरी में मुझे देवदार के पेड़ों की सोनी सोनी गंध ने मंत्रमुग्ध किया तो नड्डी के घने जंगलों ने मेरे होश उड़ा दिए। दक्षिण भारत में पहाड़ आमतौर से चाय बागान का घर हैं, जैसा कि ऊटी, कुनोर व मुन्नार में। लेकिन बीच बीच में ऊंचे सिल्वर ओक व यूकेलिप्टस के पेड़ भी हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है जैसे वह नीले आसमान से कुछ राज की बातें सरगोशियों में कर रहे हों। लेकिन पहाड़ केवल शानदार नजारों और इंस्टाग्राम-योग्य तस्वीरों के लिए नहीं हैं। पहाड़ों में जीवन कठिन है। चलना और बुनियादी काम जैसे कुकिंग व खेती के लिए भी जबरदस्त शारीरिक प्रयास व स्टैमिना की आवश्यकता होती है। उनका इकोसिस्टम बहुत नाजुक होता है, जिसे संभालने व सम्मान की जरूरत होती है। पहाड़ों पर जब बारिश पड़ती है या बर्फ गिरती है तो एक जगह से दूसरी जगह जाना और चीजों की उपलब्धता चिंता का विषय बन जाते हैं। प्राकृतिक आपदाएं जैसे फ्लैश फ्लड्स, भू-स्खलन, हिम-स्खलन आदि जीवन को पूरी तरह से रोक देते हैं, जिससे सुरक्षा व जीविकोपार्जन को गंभीर खतरे उत्पन्न हो जाते हैं। अक्सर ये आपदाएं मानव-निर्मित भी होती हैं। गैर-जिम्मेदाराना पर्यटन, स्वार्थी कमर्शियल लक्ष्य, बिना सोचे समझे पेड़ों को काटना, अनियोजित शहरीकरण आदि कारण हैं, जिनसे पहाड़ों और पहाड़ी जीवन को बहुत नुकसान पहुंच रहा है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व कश्मीर जैसे हिमालय राज्यों में हाल के वर्षों में जो प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिली है, वे हमसे सख्ती से कह रही हैं कि प्रकृति में असंतुलन उत्पन्न मत करो वर्ना प्रकृति का गुस्सा बर्दाश्त नहीं कर पाओगे। संभवतः यही कारण था कि पिछले साल के माउंटेन डे का थीम 'रेस्टोरिंग माउंटेन इकोसिस्टम' था। पहाड़ों की यात्रा करते समय मुझे आमतौर से सीधे, सच्चे, धर्मभीरु और मिलनसार स्थानीय लोग मिले हैं, जो पर्यटकों का खुले दिल, खुली बाहों व चैड़ी मुस्कान के साथ स्वागत करते हैं। वह अपने हैबिटैट पर गर्व करते हैं और पर्यटकों को अपनी भूमि, अपने देवताओं, अपने पशुओं और पहाड़ों के साथ अपने गहरे रिश्तों की दिल को स्पर्श करने वाली कहानियां सुनाते हुए कभी थकते नहीं हैं।

आपकी बात

गरीबों का घर

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को कम से कम 35 मीटर रखना चाहिए।

प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.

शिक्षा और सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.

संक्षेप

पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित परिजन डीएम आवास पहुंचे

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुरा निवासी पीड़ित परिवार पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर 16 अगस्त को जिलाधिकारी आवास पहुंचा और अपनी सुरक्षा व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है और शेष आरोपी खुलेआम घूमकर परिवार को धमका रहे हैं। खुरा गांव की रहने वाली नीलेश पत्नी आजाद द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार कोतवाली में अपराध संख्या 783/2026 दर्ज है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले में पुलिस ने अभी तक केवल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि त्रिलोक तनय इमरत, कृपाल तनय त्रिलोक, श्रीमती कमलेश, श्रीमती रबीना और श्रीमती रेखा सहित पांच आरोपी अभी भी गिरफ्तारी से बाहर हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों की धमकियों के कारण परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। आरोप है कि आरोपी घर के बाहर आकर गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं।

वीरांगना अवंतीबाई का बलिदान इतिहास में रहेगा अमर

गंधर्व सिंह के नेतृत्व में हजारों युवाओं व समाजबंधुओं ने लिया हिस्सा

जिला संवाददाता

ललितपुर। वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। गंधर्व सिंह बाबूजी के नेतृत्व में आयोजित शोभायात्रा में हजारों की संख्या में युवा, स्वजातीय बंधु एवं विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए।

● जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

देशभक्ति और वीरांगना अवंती बाई के जयघोष से शहर का वातावरण गुंजायमान रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ कल्याण सिंह सभागार से हुआ। यहां से यात्रा इलाइट चैराहा, जेल चैराहा, पानी की टंकी, घंटाघर, सावरकर चैक, तालाबपुरा होते हुए तुवन मंदिर तिराहा और इसके बाद वीरांगना अवंती बाई की प्रतिमा स्थल तक पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजबंधुओं एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई जगह फल, मिष्ठान और अन्य प्रसाद का वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में सांसद अनुराग शर्मा, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा तथा महरौनी विधायक मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। नेताओं ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के साहस, त्याग और देशभक्ति को नमन करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

शोभायात्रा में डीजे, पारंपरिक सैरा पार्टी और दिल-दिल घोड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समाज की बहनों ने वीरांगना अवंती बाई की वेशभूषा धारण कर घोड़ों पर सवार होकर यात्रा में हिस्सा लिया। यह दृश्य लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। वहीं डीजे की देशभक्ति एवं उत्साहपूर्ण धुनों पर युवाओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की और अनुशासन बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान सौरभ सिंह लोधी पूर्व प्रधान सतवासा की ओर से मिष्ठान आदि की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा के वीरांगना अवंती बाई प्रतिमा स्थल पर पहुंचने के बाद प्रमुख अतिथियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने वीरांगना अवंती बाई के जीवन, संघर्ष, वीरता और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। आयोजक गंधर्व सिंह बाबूजी ने शोभायात्रा में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, युवाओं, स्वजातीय बंधुओं एवं विभिन्न समाजों के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से शोभायात्रा ऐतिहासिक, भव्य, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई का बलिदान सदैव जीवंत और इतिहास में अमर रहेगा।

चलती बस में यात्री की बेरहमी से पिटाई

ललितपुर। मड़ावारा से वृंदावन जा रही महाकाल ट्रैवल्स की चलती बस में एक यात्री के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वायरल वीडियो में एक युवक दूसरे यात्री को गाली-गलौज करते हुए लगातार थप्पड़ मारता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि करीब एक मिनट के दौरान आरोपी ने पीड़ित यात्री को लगभग 12 थप्पड़ जड़ दिए। घटना ललितपुर-महरौनी मार्ग पर ग्राम खितवांसा के पास की बताई जा रही है। रविवार शाम महाकाल ट्रैवल्स की बस मड़ावारा से यात्रियों को लेकर वृंदावन के लिए रवाना हुई थी। शाम करीब सात बजे बस जब ललितपुर-महरौनी मार्ग पर ग्राम खितवांसा के पास पहुंची, तभी किसी बात को लेकर दो यात्रियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और एक युवक ने दूसरे यात्री के साथ मारपीट शुरू कर दी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में युवक पीड़ित यात्री को लगातार थप्पड़ मारता दिखाई दे रहा है। इस दौरान वह कथित तौर पर अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा है। करीब एक मिनट तक चली मारपीट में आरोपी ने पीड़ित को ताबड़तोड़ कई थप्पड़ मारे।

दर्द से कराहती मिली गाय, सभासद ब्रजेश यादव ने इलाज के लिए भेजा गौशाला

बाराबंकी। दर्द से कराहती गाय को रसूलपुर वार्ड सभासद बृजेश यादव ने तत्काल नगरपालिका से वाहन मंगवाकर इलाज हेतु गौशाला भिजवाया। बताते चले कि रसूलपुर वार्ड में चोट लगने से दोनों पैरों में फ्रैक्चर होने पर चलने मे असमर्थ दिख रही गाय की स्थानीय वार्डवासियो ने तत्काल सभासद श्री यादव को सूचना दी। सूचना पर सभासद ने वाहन मंगवाकर इलाज हेतु गौवंश को तत्काल गौशाला भिजवाया। स्थानीय वार्डवासियो ने बताया कि मालिक दूध निकालने के बाद या गाय के अनुत्पादक होने पर उन्हें सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर आवारा छोड़ देते हैं। ऐसी हालत में उनके साथ दुर्घटना होती रहती है। स्थानीय वार्डवासियो ने सभासद से ऐसे गाय मालिकों के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

थाना बार में एसपी संजीव कुमार बाजपेई का आकस्मिक निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने रविवार को थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और उनके अद्यतन की स्थिति देखी। इसके साथ ही थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा आगंतुकों और पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई एवं अभिलेखों को समय-समय पर अपडेट रखने के निर्देश दिए। एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र के रजिस्टरों का निरीक्षण कर महिला संबंधी शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने रजिस्टरों को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा महिला संबंधी अपराधों में सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों और रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया गया। एसपी ने प्राप्त साइबर शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए डेस्क पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराध के पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने तथा शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक और समस्त पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर में आने वाले प्रत्येक फरियादी और आगंतुक के साथ शिष्ट, सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। उन्होंने सीयूजी फोन को सदैव क्रियाशील रखने तथा प्राप्त होने वाली कॉल का समयबद्ध तरीके से जवाब देने के निर्देश दिए।

सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी ने सुनी जनशिकायतें

ललितपुर। जनता की विभिन्न प्रकार की शिकायतों के एक ही स्थान पर त्वरित व प्रभावी निस्तारण हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना और कई जनशिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराकर शिकायतकताओं को राहत पहुंचाई।

इसके साथ ही शेष शिकायती पत्रों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि जांच के दौरान शिकायतकर्ता की मौजूदगी में प्रभावी निस्तारण सुनिश्चत कराया जाए, ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित और पारदर्शी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अभिलेख दुरुस्त रखे जाएं, जिससे कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत (द्वितीय) और जिला सेवायोजन अधिकारी की अनुपस्थिति एवं प्रतिस्थानी भेजने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

समाज के विकास के लिए लोगों में वैज्ञानिक सोच का होना अहमः डीएम

ललितपुर। आई आई टी कानपुर द्वारा निर्मित एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हो रहे विकास के प्रति विद्यार्थियों एवं आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सचल विज्ञान बस का संचालन 17 अगस्त से 31 अगस्त तक जनपद में 15 दिनों तक विभिन्न विद्यालयों में जनपद की सभी तहसीलों में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करेगी। इस मौके पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को सचल विज्ञान प्रदर्शनी बस को अपने कैम्प कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की सचल विज्ञान बस से निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा - उत्पन्न होगी। समाज के विकास के लिए लोगों में वैज्ञानिक सोच का होना आवश्यक है। विद्यार्थियों के लिए विज्ञान के सिद्धान्तों के साथ ही उनसे सम्बन्धित प्रयोगों की जानकारी बहुत ही अहम है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि विज्ञान बस छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही शिक्षाप्रद है। जिसमें विज्ञान सम्बन्धी उच्च स्तर के मॉडल प्रस्तुत किये गये हैं। समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब राहुल जैन ने बताया कि विज्ञान बस में उज्जवल भविष्य के लिए ऊर्जा बचाए विषय पर आधारित 20 स्वचलित व हस्त चलित लगे हुए हैं, जिसको विद्यार्थी स्वयं करके सीखेंगे। इस बस में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित वैज्ञानिक व्याख्यान एवं वैज्ञानिक फिल्म दिखाई जायेगी। उन्होंने बताया कि सचल विज्ञान बस कलेक्ट्रेट से रवाना होकर पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ललितपुर के लिये भेजी गयी है। विज्ञान बस जनपद में 15 दिनों के लिए अनुमोदित हुई है,विज्ञान बस सभी तहसीलों में जाएगी, जिसका रूटचार्ज तैयार कर लिया गया है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर की प्रधानाचार्य किरन वर्मा उपस्थित रहीं।

गैंगस्टर में वांछित बदमाश गिरफ्तार

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाने पर गैंगस्टर एक्ट थाना महरौनी ललितपुर में वांछित दस हजार रुपये के इनामियां अभियुक्त ध्रुव सिंह पुत्र कौशल किशोर उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम देवरा थाना चिरगांव जनपद झांसी हाल पता मुहल्ला करइयन पुरा थाना चिरगांव जनपद झांसी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह थाना महरौनी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

तृतीय सोमवार पर हेलीकॉप्टर से की गयी पुष्पवर्षा, गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

जिला संवाददाता

बाराबंकी। श्रावण मास के तृतीय सोमवार व नागपंचमी पर जनपद के श्री लोधेश्वर महादेवा समेत प्रमुख शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन एवं जलाभिषेक किया। शासन के निर्देश पर कांवड़ यात्रियों श्रद्धालुओं के स्वागत एवं अभिनंदन हेतु प्रमुख शिवालयों परिसर में अयोध्या मंडल आयुक्त राजेश कुमार एवं अयोध्या रेंज आईजी सोमेन वर्मा ने हेलीकॉप्टर से जनपद के प्रमुख शिव मंदिर श्री लोधेश्वर महादेव मन्दिर रामनगर, श्री बुढ़वा बाबा मंदिर रामसनेहीघाट व श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर हैदरगढ़ में पुष्प वर्षा की। तो वही जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने रविवार देर रात्रि से ही श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की कमान संभाली।

● डीएम-एसपी ने देर रात्रि से संभाली व्यवस्थाओं की कमान

जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गाली-गलौज कर अनुसूचित जाति समाज को अपमानित किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

शिकायती पत्र में बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने आरोप लगाया कि एक दबंग व्यक्ति द्वारा अनुसूचित जाति समाज को अपमानित करने के आशय से कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई।

आरोप है कि उक्त कथित बयान सोशल मीडिया चैनल बुंदेली पंचायत पर ब्रेकिंग न्यूज के रूप में प्रसारित किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 17 अगस्त 2026 को जब उन्होंने तथा समाज के अन्य लोगों ने उक्त प्रसारित सामग्री को देखा और सुना तो उनमें आक्रोश एवं क्षोभ उत्पन्न हुआ।

बाढ़ चौकी पर जाने की अपील करते नजर आये एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विकासखण्ड पूरेडलई अन्तर्गत ग्राम गुनौली, कोयलावर में घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी का पानी घरों में घुसने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिससे बाढ़ पीड़ित परिवारों को भोजन और स्वच्छ पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि पहले जलस्तर कम होने से उन्हें राहत मिली थी। लेकिन अब बाढ़ का संकट फिर गहरा गया है। उनके छप्परनुमा मकान चारों ओर से पानी से घिर गए हैं और आवागमन के रास्ते बंद हो गए हैं। हालांकि नेपाल और मैदानी इलाकों में लगातार बारिश के कारण घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से फिर बढ़ रहा है। हालात की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी बृजेंद्र उपाध्याय लगातार दौरा कर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंच उनकी समस्याओ को सुन रहे तथा बाढ़ चैकी का निरीक्षण कर सभी पीड़ितों से बाढ़ चैकी पर जाने की अपील करते हुये नजर आ रहे है। इस सम्बन्ध मे एसडीएम बृजेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि घाघरा का जलस्तर बढ़ा है। बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर बाढ़ चैकी पर आने लिये सभी से अपील की है। जहा सुबह शाम भोजन की व्यवस्था करवाई जा रही है।

आठ वर्षीय बालक की हत्या के मामले में महिला गिरफ्तार

ललितपुर। थाना बानपुर पुलिस ने आठ वर्षीय बालक की हत्या के मामले में वांछित चल रही एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला पर बालक को कथित रूप से कीटनाशक दवा पिलाने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप है। गिरफ्तार अभियुक्ता को पुलिस ने नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ महरौनी अरविन्द्र कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार वादी मुकदमा ने 15 अगस्त 2026 को थाना बानपुर में सूचना दी थी कि उसकी ओर से दिए गए आरोप के अनुसार अभियुक्ता ने उसके करीब आठ वर्षीय पुत्र अभय को 4 अगस्त 2026 को कथित रूप से कीटनाशक दवा पिलाई और इसके बाद गला दबाकर उसकी मृत्यु कारित कर दी। सूचना के आधार पर थाना बानपुर पुलिस ने मामले में मु0अ0सं0 202/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया और घटना में वांछित अभियुक्ता की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने मामले में वांछित पुष्पा पत्नी हरिकिशन उर्फ हरकिशन, निवासी ग्राम बिल्ला को 16 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्ता को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष बानपुर, मय पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जनेस्मा डिग्री कॉलेज में नहीं मिला वेतन, रामनगर पीजी कॉलेज में बिगड़ा शिक्षा का माहौल

● भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने लिखा डीएम व एसपी को पत्र

बाराबंकी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने डिग्री कालेजो की समस्याओ को लेकर जिलाधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक को पत्र सौपकर कार्यवाही की मांग की है। राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने जिलाधिकारी को दिये गये पत्र मे कहा है कि जवाहरलाल नेहरु डिग्री कॉलेज के प्रबध समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी है। और वर्तमान मे कार्यरत अध्यापक और कर्मचारियो का वेतन जुलाई माह से नहीं मिला है।

जिससे कर्मचारी सहित अध्यापक आर्थिक संकट मे है। प्राचार्य द्वारा वित्त पोषित अध्यापको को 12 हजार रुपये वेतन देकर आर्थिक अपराध किया जा रहा है। जबकि शासनादेश के अनुसार उनका वेतन या मानदेय 20 हजार रुपये होता है।

तो वही पुलिस अधीक्षक को दिये गये पत्र मे उन्होने रामनगर पी0जी कालेज मे दिनांक 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा के दौरान अराजकतत्वो द्वारा कालेज मे घुसकर कालेज का बैनर हटाकर अपना बैनर लगाने तथा स्टाफ के साथ हाथापाई व गाली गलौज करते हुये अराजकता फैलाने व शैक्षिणिक माहौल को बिगाड़ने वालो के खिलाफ संज्ञान लेकर दोषियो पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की मांग की है।

संस्कृत भारती का संस्कृत सप्ताह 25 से 31 अगस्त तक

मथुरा। श्रावण मास पूर्णिमा को सम्पूर्ण देश में विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाता है। संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार और जनसाधारण में संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षण पैदा करने के उद्देश्य से संस्कृत सप्ताह मनाया जाता है।

इस संबंध में संस्कृत भारती मथुरा जनपद की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में सम्पन्न हुई। बैठक में ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने श्रावण पूर्णिमा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा प्राचीन काल में ऋषि परंपरा अनुसार गुरुकुलों व विद्यालयों में वेद, पुराणों व शास्त्रों का अध्ययन अध्यापन श्रावण पूर्णिमा से ही प्रारंभ किया जाता था। उन्होंने कहा श्रावण पूर्णिमा पर रक्षाबंधन, श्रावणी उपाकर्म, गायत्री जयंती और विश्व संस्कृत दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, पत्राचार प्रमुख गणेश शंकर पाण्डेय बृजेश शर्मा ने कहा देववाणी संस्कृत भाषा के प्रति जनसाधारण में आकर्षण पैदा करने व अपनी प्राचीन संस्कृति सभ्यता और परंपराओं को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों व बाढ़ शरणालय में पहुंचे एडीएम

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में सरयू घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुये जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर तहसील रामसनेहीघाट अन्तर्गत ग्राम टिकरी, कोईलावर, गुनौली, डेमा एवं जलालपुर तराई में अब तक 1,430 प्रभावित परिवारों को राशन एवं बाढ़ राहत किट का वितरण किया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पशुओं के लिए भूसा सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था के साथ ही आवागमन एवं बचाव कार्य के लिए नावों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व निरंकार सिंह ने तहसील रामनगर क्षेत्र के बाढ़ संभावित एवं नदी किनारे स्थित ग्रामों का निरीक्षण कर सुन्दरनगर, हेतमापुर में स्थापित स्थायी बाढ़ शरणालय सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों पहुंच ग्रामीणों से संवाद किया तथा मौके पर उपलब्ध राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एडीएम ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम रामनगर आकांक्षा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

● ग्रामीणों से किया संवाद, मौके पर उपलब्ध राहत,बचाव व्यवस्था का लिया जायजा

थाना बार में पुलिस आवासीय भवनों का हुआ भूमि पूजन

ललितपुर। जनपद ललितपुर के थाना बार में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए स्वीकृत आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति के बाद प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि पुलिसकर्मी निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के कल्याण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी कार्य कर रही है। थाना बार में आवासीय भवनों का निर्माण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ललितपुर विधानसभा सहित पूरे जनपद में विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद अनुराग शर्मा सहित राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

जाइडस ने लॉन्च किया रेवाहेले

अहमदाबाद। जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने रेवाहेले (रेवेफेनासिन) लॉन्च किया है। इसे क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज के रखरखाव उपचार के लिए भारत का पहला दिन में एक बार दिया जाने वाला नेब्युलाइज्ड लॉन्ग-एक्टिंग मस्कैरिनिक एंटागोनिस्ट बताया गया है। रेवाहेले भारत में उपलब्ध पहला और एकमात्र लामा है, जो दिन में एक बार की खुराक को नेब्युलाइज्ड प्रशासन के साथ जोड़ता है, जिससे उन सीओपीडी मरीजों के लिए एक नया उपचार विकल्प उपलब्ध होता है, जिन्हें नेब्युलाइज्ड थेरेपी की आवश्यकता होती है। एक दिन में एक खुराक के माध्यम से 24 घंटे तक लगातार ब्रोंकोडाइलेशन प्रदान करने के लिए विकसित रेवाहेले, इनहेलर-आधारित उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों को दूर करने में मदद करता है।

अवतार स्टील ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

नई दिल्ली। अवतार स्टील लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी ने फ्रेश इश्यू के जरिए रुपये585 करोड़ जुटाने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक द्वारा रुपये 10 अंकित मूल्य वाले अधिकतम 50,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी की जाएगी। कंपनी को घरेलू बाजार में स्टेनलेस स्टील लॉन्ग और वायर उत्पादों के उत्पादन एवं विकास का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। वर्ष 2010 से अवतार स्टील ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है। कंपनी स्टेनलेस स्टील लॉन्ग और वायर उत्पादों की एक विविध श्रृंखला पेश करती है।

स्वतंत्र माइक्रोफिन ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

नई दिल्ली। स्वतंत्र माइक्रोफिन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। प्रस्तावित आईपीओमें1,500 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यूऔर1,500 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इस तरह आईपीओका कुल आकार3,000 करोड़ रुपयेहोगा। फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कंपनी केटियर-कपूंजी आधार को मजबूत करने में किया जाएगा। इसका उद्देश्य कारोबार और परिसंपत्तियों के विस्तार से उत्पन्न भविष्य की पूंजी जरूरतों को पूरा करना है, जिसमें आगे ऋण वितरण भी शामिल है। स्वतंत्र माइक्रोफिन व्यक्तियों और छोटे उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता है।

21 अगस्त को जीऽ के किड्ज पर होगा द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो का प्रीमियर

नईदिल्ली।21 अगस्त से विशेष रूप से जीऽ पर किड्ज पर प्रीमियर होने वाली द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो एक दिल छूलेने वाली पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है, जो बचपन की मासूमियत और जादू, दादा-दादी और पोते-पोतियों के अनमोल रिश्ते और नामुमकिन चीजों पर यकीन करने के जबरदस्त असर का जश्न मनाती है। फिल्म में जैकी श्रॉफ, प्रतीक बब्बर, भाग्यश्री, सरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और अन्य प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मनीष सैनी द्वारा निर्देशित और जैकी श्रॉफ के बेहद प्यारे और दिल छू लेने वाले अभिनय से सजी यह फिल्म एक ऐसे हीरो की कहानी है, जो सबसे अलग है। कुछ सुपरहीरो केप पहनते हैं, कुछ के पास अद्भुत शक्तियां होती हैं। और फिर कुछ ऐसे होते हैं, जिनकी सबसे बड़ी ताकत दूसरों को बड़े सपने देखने और रोजमर्रा की जिंदगी में जादू देखने के लिए प्रेरित करना होती है। द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो हर उम्र के दर्शकों के लिए एक मनोरंजक और खुशियों से भरा अनुभव देने का वादा करती है।

मोटोरोला का मोटो जी मैक्स लॉन्च

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज ऑल-न्यू मोटो जी मैक्स के लॉन्च की घोषणा की। यह इस सेगमेंट का सबसे कम्प्लीट स्मार्टफोन है, जिसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो प्रीमियम डिजाइन प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, दमदार परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ चाहते हैं। शानदार पैंटॉन क्यूरेटेड रंगों में लक्जरी सैटिन-प्रेरित फिनिश, सेगमेंट के अग्रणी 50 एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा सिस्टम, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 6एस जेन 4 प्रोसेसर, इमर्सिव 6.72-इंच 120 हर्ट्ज फुल एचडी प्लस डिस्प्ले और विशाल 7000 एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी को मिलाकर मोटो जी मैक्स एक कम्प्लीट स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

सेंसेक्स में 281 अंकों की गिरावट

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया में तनाव जारी रहने के बीच बीएसई सेंसेक्स 281 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 78 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 281.09 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 77,728.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 555.5 अंक की गिरावट के साथ 77,453.75 अंक तक आ गया था।

इसी प्रकार, पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 78.35 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,287.65 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही निफ्टी में लगातार पांचवें दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज,



सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.11 प्रतिशत बढ़कर 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर बनी अनिश्चितता और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की दिशा में ठोस प्रगति नहीं होने से निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, कारोबार में निचले स्तर से कुछ सुधार आया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 508.12 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की थी। इससे पहले, शुक्रवार को सेंसेक्स 70.71 अंक टूटकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 29.85 अंक प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,366 अंक पर रहा था।

रुपया 19 पैसे टूटकर 95.61 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कमजोर घरेलू शेयर बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को 19 पैसे टूटकर 95.61 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते में देरी, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों तथा डॉलर की व्यापक मजबूती के दबाव से रुपये की विनिमय दर में हल्की नकारात्मक धारणा रहने के आसार हैं। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा एफसीएनआर (बी) जमा के लिए अपनी मुद्रा अदला-बदली सुविधा केवल 31 अगस्त तक जुटाई गई जमाओं के लिए उपलब्ध होने की घोषणा के बाद से भी निवेशक सतर्क हैं। इससे पहले विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) या एफसीएनआर (बी) जमाओं के लिए कट-ऑफ तारीख 30 सितंबर थी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा

विनिमय बाजार में रुपया 95.50 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.49 से 95.62 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 95.61 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को तीन पैसे मजबूत होकर 95.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कमजोर घरेलू बाजारों और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में गिरावट आई। हालांकि, डॉलर में नरमी ने रुपये की गिरावट को सीमित किया।

अमेरिका और ईरान के बीच समझौते में देरी तथा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये में हल्की नकारात्मक धारणा रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत टूटकर 99.40 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 0.99 प्रतिशत चढ़कर 89.40 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 281.09 अंक टूटकर 77,728.16 अंक पर जबकि निफ्टी 78.35 अंक की गिरावट के साथ 24,287.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 508.12 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

कमजोर डॉलर से सोना 600 रुपये मजबूत, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतों में 600 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। कमजोर डॉलर और मजबूत वैश्विक रुख ने सर्राफा की मांग में नई जान फूंक दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,56,200 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, चांदी की कीमत लगातार दूसरे सत्र में 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रही। सोमवार को सोने में तेजी आई। इसे कमजोर डॉलर और अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कमजोर रहने के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा सख्त मौद्रिक नीति अपनाने की उम्मीदों में कमी का समर्थन मिला। पिछले सप्ताह अमेरिकी महंगाई के सामान्य आंकड़े, साथ ही रोजगार और खुदरा बिक्री के कमजोर आंकड़ों ने मौद्रिक नीति को और सख्त करने की उम्मीदों को कम कर दिया और डॉलर पर दबाव बनाए रखा, जिससे कीमती धातुओं की मांग में सुधार हुआ। यह सुधार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी देखा गया, जहां हाजिर सोना 0.48 प्रतिशत बढ़कर 4,397.59 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी एक प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 65.58 डॉलर प्रति औंस हो गई।

सरकार जल्द बैंकिंग फॉर विकसित भारत पर उच्चस्तरीय समिति गठित करेगी: सीतारमण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार जल्द ही बैंकिंग फॉर विकसित भारत पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी।

वित्त मंत्री ने 2026-27 के बजट में बैंकिंग फॉर विकसित भारत पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करना और इसे भारत की वृद्धि के अगले चरण के अनुरूप बनाना है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित दो दिवसीय पीएसबी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, हमें उम्मीद है कि बैंकिंग क्षेत्र की समीक्षा के लिए

उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन की घोषणा जल्द होगी... समिति की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति सरकार को अपने विचार और सिफारिशें देगी। सीतारमण ने एक फरवरी, 2026 को अपने बजट भाषण में कहा था, मैं बैंकिंग फॉर विकसित भारत पर उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव करती हूं, ताकि क्षेत्र की व्यापक समीक्षा की जा सके और इसे भारत की वृद्धि के अगले चरण के अनुरूप बनाया जा सके। साथ ही वित्तीय स्थिरता, वित्तीय समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

अगले साल मार्च तक 97 प्रति डॉलर तक गिर सकता है रुपया

नयी दिल्ली। भारतीय रुपया अगले दो वित्त वर्षों में और कमजोर होकर 99 प्रति डॉलर तक गिर सकता है। ऊंची ऊर्जा कीमतों, वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और ब्याज दरों में कम अनुकूल अंतर से रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका है। विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए सरकार के हालिया कदम गिरावट की रफ्तार को सीमित करने में मदद कर सकते हैं। रुपया वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक कमजोर होकर 97 प्रति डॉलर और वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक 99 रुपये प्रति डॉलर तक गिर सकता है। फिलहाल यह 95.4 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर है। शोध फर्म ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से रुपया करीब चार प्रतिशत कमजोर हुआ है। ऊंची ऊर्जा कीमतों और वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने रुपये पर दबाव बढ़ाया है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का करीब 90 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आयात बिल और डॉलर की मांग बढ़ेगी। अमेरिका-ईरान संघर्ष रुपये पर असर डालेगा। हालांकि, हाल के सरकारी उपाय विदेशी मुद्रा प्रवाह को समर्थन देंगे और गिरावट की सीमा को सीमित करने में मदद करेंगे। उम्मीद है कि संघर्ष का स्थायी समाधान हो जाएगा।

बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.1 प्रतिशत पर आयी

नयी दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर जुलाई महीने में घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई, जो जून में 5.5 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक, पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत से घटकर 4.5 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह जून के 6.6 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई।

जुलाई 2025 की तुलना में कुल और ग्रामीण बेरोजगारी दर में बहुत बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, शहरी बेरोजगारी दर एक साल पहले के 7.2 प्रतिशत से घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। आंकड़ों के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में कुल

बेरोजगारी दर जून के 5.3 प्रतिशत से घटकर जुलाई में पांच प्रतिशत रह गई। जुलाई, 2025 के मुकाबले इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी दर 4.9 प्रतिशत से घटकर 4.6 प्रतिशत रही, जबकि शहरी पुरुषों में यह जून के स्तर के आसपास रही। हालांकि, जुलाई 2025 की तुलना में शहरी पुरुषों की बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत से घटकर 5.9 प्रतिशत हो गई। महिलाओं में कुल और ग्रामीण बेरोजगारी दर जुलाई में जून के मुकाबले घटी है, लेकिन दोनों एक साल पहले के स्तर से अधिक रहीं। शहरी महिलाओं में बेरोजगारी दर जून के 8.4 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई में 8.8 प्रतिशत हो गई। जुलाई 2025 में यह 8.7 प्रतिशत थी। अखिल भारतीय स्तर पर जुलाई के मासिक अनुमान 3,71,021 लोगों से जुटाई गई जानकारी पर आधारित हैं। जुलाई 2026 का मासिक बुलेटिन इस शृंखला का 16वां बुलेटिन है। सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की कुल श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जून के 54.4 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई में 55.4 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 56.6 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 50.1 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 50.4 प्रतिशत रही। एक साल पहले के समान माह के 54.9 प्रतिशत से बढ़कर कुल एलएफपीआर बढ़कर 55.4 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण एलएफपीआर 56.9 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत रही, जबकि शहरी एलएफपीआर 50.7 प्रतिशत से मामूली घटकर 50.4 प्रतिशत हो गई।

जापान की आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून में 1.1 प्रतिशत

एजेंसी

तोक्यो। जापान की अर्थव्यवस्था में अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 1.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, इस दौरान निजी खपत स्थिर रही और निर्यात वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ी।

कैबिनेट कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जापान के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2026 की दूसरी तिमाही में पहली तिमाही की तुलना में मौसमी रूप से समायोजित आधार पर 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जनवरी-मार्च तिमाही में यह दर 2.1 प्रतिशत थी। अप्रैल-जून तिमाही में निजी खर्च जनवरी-मार्च की तुलना में 1.2 प्रतिशत घटा, जबकि निर्यात में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षाधीन अवधि में निर्यात को जापानी वाहनों और सेमीकंडक्टर की वैश्विक मांग से समर्थन मिला। जापान में टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन, होंडा मोटर कंपनी समेत कई प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियां हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) में बढ़ती रुचि के कारण कंप्यूटर चिप की वैश्विक मांग बढ़ी है, जिससे जापान के निर्यात को भी समर्थन मिला। सरकारी खपत में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तिमाही आधार पर जीडीपी की वृद्धि दर विश्लेषकों के अनुमान से कम रही। ईरान में जारी युद्ध से जापान की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे ऊर्जा लागत में तेज वृद्धि हुई है। संसाधनों की कमी वाले जापान के लिए यह खास तौर पर मुश्किल है, क्योंकि वह अपने लगभग पूरे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है। फारस की खाड़ी से एशिया तक तेल के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध के कारण अवरुद्ध से कीमतों में और बढ़ोतरी हुई है। जापान ने अपने तेल भंडार से कुछ हिस्सा भी निकाला है और वैकल्पिक मार्गों पर काम कर रहा है। ब्रेंट कच्चा तेल हाल में करीब 88 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जो एक साल पहले के करीब 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक है। हालांकि, यह इस साल की शुरुआत में दर्ज स्तर से कम है जब कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थी।

पेज एक का शेष

एनटीए ने 50

भी विषय विशेषज्ञों को शामिल किया जा रहा है।

मंत्री ने स्थापित परीक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गोपनीय संचालन (कॉन्फ़िडेंशियल ऑपरेशन) ढांचे, अलग-थलग कमरों, एयर-गैप्ड प्रणालियों और उपकरण जमा करने की प्रक्रियाओं में व्यापक बदलाव को युद्धस्तर पर लागू करने का भी निर्देश दिया। मंत्रालय ने कहा कि एनटीए को सभी परीक्षा प्रक्रियाओं का गहन तरीके से ऑडिट करने और सुधारात्मक कदमों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। यह बैठक एनटीए द्वारा रविवार रात यूजीसी-नेटजून 2026 के तीन विषयों के प्रश्नपत्रों - अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र - की दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा के बाद हुई। इन प्रश्नपत्रों में कई त्रुटियों की शिकायतें सामने आई थीं।

युवा शक्ति

जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में देश और प्रदेश की खेल संस्कृति में बड़ा बदलाव आया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया, सांसद और विधायक खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा ग्रामीण लीग के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। खेल नीति के तहत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था की गई है। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में अवसर दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले एक महीने में करीब 500 और पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस तथा अन्य विभागों में नौकरी देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सीएम ने बताया कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों को छह करोड़, रजत पदक विजेता को चार करोड़ और कांस्य पदक विजेता को दो करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाती है। ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को 10 लाख तथा कॉमनवेल्थ और एशियाड में प्रतिभाग करने वालों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ समाज और निजी क्षेत्र को भी आगे आना होगा। निजी खेल अकादमियों को सरकार सहायता देगी। पुराने अखाड़ों और उस्तादों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

बाढ़ प्रभावित

टीमें और 51 एंबुलेंस भी लगाई गई हैं। लोगों तक राहत पहुंचाने के लिए 308 वितरण केंद्र बनाए गए हैं और अब तक 15,133 खाद्यान्न पैकेट व 24,266 लंच पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। प्रशासन का फोकस प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ ही उन्हें भोजन, चिकित्सा और जरूरी राहत सामग्री उपलब्ध कराने पर है। राहत आयुक्त कार्यालय की 16 अगस्त की रिपोर्ट के अनुसार लखीमपुर खीरी के पलियाकलां में शारदा नदी और बाराबंकी के एल्गिनब्रिज के पास घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। एक जून से 16 अगस्त तक प्रदेश में कुल 381 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में सामान्य बारिश 488.9 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। इस तरह अब तक प्रदेश में सामान्य से करीब 22 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में सामान्य से काफी अधिक बारिश दर्ज की गई। लखीमपुर खीरी में 92.5 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से करीब 10 गुना अधिक है। इसके अलावा बहराइच में 62.5 मिलीमीटर, शाहजहांपुर में 45.1 मिलीमीटर, संभल में 41.8 मिलीमीटर, चित्रकूट में 41.5 मिलीमीटर और लखनऊ में 40.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। फुरुखाबाद में 25.5 मिलीमीटर, बलरामपुर में 28.8 मिलीमीटर, हमीरपुर में 31.6 मिलीमीटर, श्रावस्ती में 29.9 मिलीमीटर और बिजनौर में 33.6 मिलीमीटर बारिश हुई। पिछले 24 घंटे की बारिश के आधार पर 20 जिलों में सामान्य से 60 प्रतिशत से अधिक, जबकि छह जिलों में 20 से 59 प्रतिशत तक अधिक बारिश दर्ज की गई। 10 जिलों में बारिश सामान्य रही। वहीं 17 जिलों में सामान्य से 60 प्रतिशत तक कम बारिश हुई और 22 जिलों में बारिश नहीं हुई। एक जून से 16 अगस्त तक की संचयी बारिश के आंकड़ों के मुताबिक संभल में सामान्य से 74.97 प्रतिशत, मेरठ में 73.81 प्रतिशत और मुजफ्फरनगर में 69.22 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। एटा में सामान्य से 28.14 प्रतिशत और फिरोजाबाद में 25.95 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं प्रदेश के कई जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है। लखनऊ में सामान्य की तुलना में 78.69 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 75.75 प्रतिशत और बरेली में 77.51 प्रतिशत बारिश दर्ज हुई है। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार फिलहाल बाढ़ की स्थिति में सबसे अधिक चिंता शारदा और घाघरा नदी के खतरे के निशान से ऊपर बहने को लेकर है। दोनों नदियों के जलस्तर पर संबंधित विभागों के द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में राहत-बचाव दलों की तैनाती की गई है। रिपोर्ट के अनुसार एनडीआरएफ की 18 टीमें और एसडीआरएफ की 16 टीमें प्रदेश अलग-अलग जिलों में तैनात हैं। इसके अलावा पीएसी की 52 टीमें भी राहत एवं बचाव कार्यों के लिए लगाई गई हैं। प्रत्येक एनडीआरएफ टीम में करीब 30 से 35 जवान, एसडीआरएफ की एक टीम में 25 से 30 जवान और पीएसी की एक टीम में करीब 10 से 15 जवान शामिल हैं।

भाजपा की

संजय भाटिया और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी शामिल हैं। द्विवेदी वर्तमान में, असम में पार्टी के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। पार्टी ने अमित मालवीय को आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) प्रकोष्ठ के प्रमुख पद से हटा दिया और उनकी जगह छत्तीसगढ़ के दीपक म्हस्के को नियुक्त किया। विनोद तावड़े और सुनील बंसल ही ऐसे दो राष्ट्रीय महासचिव हैं जिन्हें भाजपा ने अपनी नयी टीम में बरकरार रखा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों नेताओं को उनके शानदार संगठनात्मक काम के लिए इनाम दिया गया है। सूत्रों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत में बंसल के योगदान को भी रेखांकित किया। भाजपा के राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ को संसद के उच्च सदन के सदस्य अरुण सिंह की जगह पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय का प्रभारी बनाया गया है। नयी टीम में उपाध्यक्षों की संख्या 11 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है, जिनमें से नौ नये हैं। राष्ट्रीय महासचिवों की कुल संख्या भी पहले के सात से बढ़ाकर आठ कर दी गई है। भाजपा की नयी टीम में 16 राष्ट्रीय सचिव हैं। पिछली टीम में 11 राष्ट्रीय सचिव थे। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के अलावा, बैजयंत जय पांडा, रेखा वर्मा और तारिक मंसूर को उपाध्यक्ष बनाए रखा गया है। नवीन ने पार्टी के सभी राष्ट्रीय मोर्चा अध्यक्षों को भी बदल दिया है। भाजपा प्रमुख ने गुजरात के हेमांग जोशी को पार्टी का युवा मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिन्होंने पार्टी के लोकसभा सदस्य तेजस्वी सूर्या की जगह ली है।

2027 चुनाव

रही है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में अलग-अलग सामाजिक समूहों को साधना 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर उत्तर प्रदेश से दो बड़े नाम शामिल किए गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी से सांसद रह चुकीं स्मृति ईरानी को नई जिम्मेदारी मिली है। उनके साथ बस्ती से सांसद रह चुके हरीश द्विवेदी को भी राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। दोनों नेताओं के पास संगठन और राजनीतिक गतिविधियों का अनुभव है। राष्ट्रीय महामंत्री का पद पार्टी के केंद्रीय संगठन में महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए यूपी से दो नेताओं की नियुक्ति चर्चा में है।

राष्ट्रीय सचिवों की सूची में भी उत्तर प्रदेश को प्रतिनिधित्व मिला है। बुलंदशहर से सांसद डॉ. भोला सिंह और आजमगढ़ से जुड़ीं संगीता यादव को इस पद की जिम्मेदारी दी गई है।

मोदी व योगी

किए गए हैं, जिनमें राम माधव, लोकसभा सदस्य डी. पुरंदेश्वरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत शामिल हैं। मोदी ने एक्स पर कहा, भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों और पार्टी में विभिन्न जिम्मेदारियां पाने वाले सभी नेताओं को बधाई। नवनियुक्त टीम में संगठनात्मक अनुभव, ऊर्जा और जमीनी स्तर से जुड़ाव का बेहतर मेल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नयी टीम भाजपा को मजबूत करने और जनसेवा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी। मोदी ने कहा, मेरी उन्हें शुभकामनाएं हैं।

बिहार : मंदिर

देवी और सरिता के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने बताया कि बचाव एवं राहत कार्य जारी है और घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे में श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सोशलमीडिया मंच एक्स पर कहा कि अशोक धाम में हुई घटना दुखद और हृदयविदारक है तथा इससे वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि घायलों को उचित और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

प्रयागराज : सड़क

व्यक्ति जल लेकर वाराणसी जा रहे थे, रास्ते में सराय इनायत थानाक्षेत्र में उनकी मोटरसाइकिल एक टैंपो से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में शिव प्रकाश (20) निवासी थरवाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अशोक कुमार (32) निवासी फाफामऊ और रोहित कुमार (40) निवासी थरवाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को तत्काल एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। गुनावत ने कहा कि दुर्घटना का मुख्य कारण मोटरसाइकिल की तेज रफ्तार और बारिश के कारण सड़क पर फिसलन होना है जिससे मोटरसाइकिल फिसलकर ऑटो रिक्शा से टकरा गई। उन्होंने बताया कि मौके से ऑटो रिक्शा बरामद कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

झारखण्ड में

भी रद्द कर दी गई हैं।

जेपीएससी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र से भी मामला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो गया था। राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उनके समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही थी।

संघर्ष व लक्ष्य

की क्षमता में होती है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेलने और खेल भावना को सर्वोच्च स्थान देने का आह्वान किया।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

भारत को 178 रन की बढ़त

श्रीलंका 284 पर ऑलआउट, सुथार ने 4, जडेजा ने 3 विकेट लिए, खराब रोशनी से तीसरे दिन स्टंप्स

एजेंसी

गॉल। गॉल टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही भारत को पहली पारी में 178 रन की बढ़त मिल गई। भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए थे। खराब रोशनी के चलते दिन का खेल समय से पहले खत्म कर दिया गया। श्रीलंका से सोनल दिनूषा ने 100 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। निरोशन डिकवेला ने 80 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। भारत की ओर से मानव सुथार ने 4 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को 3 विकेट मिले। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे किए। कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। देवदत्त पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने 82 और ध्रुव जुरेल ने 51 रन बनाए।

गॉल में मौसम खराब होने के कारण तीसरे दिन का खेल समय से पहले खत्म कर दिया गया। आसमान में घने बादल छाने और तेज हवा के साथ बारिश की आशंका के बाद अंपायर्स ने स्टंप्स घोषित कर दिए। चौथे दिन खेल सुबह 9:45 बजे शुरू होगा। श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर ऑलआउट हो गई। मानव सुथार ने लाहिरू कुमारा को 10 रन पर स्टंपिंग कराकर श्रीलंका की पारी समाप्त की। कुमारा ने शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन गेंद को मिस कर गए। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कोई गलती नहीं की और गिल्लियां बिखेर दीं। यह सुथार का पारी में चौथा विकेट रहा। श्रीलंका को 78.1 ओवर में नौवां झटका लगा। रवींद्र जडेजा ने सोनल दिनूषा को 100 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। दिनूषा ने 168 गेंदों की पारी में 4 चौके और 2 छक्के लगाए। श्रीलंका को 77.5 ओवर में आठवां झटका लगा। मानव सुथार ने प्रभात जयसूर्या को 10 रन पर आउट कर दिया। जयसूर्या ने स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। डीप स्क्वायर लेग पर ध्रुव जुरेल ने आगे दौड़ते हुए कैच पकड़ा। सोनल दिनूषा ने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा कर लिया है। मानव सुथार की गेंद पर उन्होंने स्वीप शॉट खेलकर एक रन लिया और सेंचुरी पूरी की। श्रीलंका ने 59 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे, लेकिन दिनूषा ने पारी को संभाला। उन्होंने निरोशन डिकवेला के साथ 146 रन की साझेदारी की। श्रीलंका ने फॉलोऑन बचा लिया है। 73.3 ओवर में मानव सुथार की गेंद पर प्रभात जयसूर्या ने स्लॉग स्वीप खेलकर चौका लगाया। इस चौके के साथ श्रीलंका ने भारत के 462 रन के स्कोर के मुकाबले 263 रन पूरे कर लिए और फॉलोऑन के लिए जरूरी स्कोर हासिल कर लिया। रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने गॉल टेस्ट के तीसरे दिन 66.4 ओवर में केशरा नुवानथा को 2 रन पर आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। नुवानथा ने जडेजा की टर्न लेती गेंद पर शॉट खेला, लेकिन गेंद शॉर्ट लेग के पास खड़े खिलाड़ी से लगकर हवा में उछल गई।

शुभमन गिल ने पीछे की ओर दौड़ते हुए कैच लपक लिया। श्रीलंका को 61.4 ओवर में छठा झटका लगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने 146 रन की साझेदारी तोड़ते हुए निरोशन डिकवेला को 80 रन पर आउट कर दिया। गुड लेंथ गेंद ऑफ स्टंप के बाहर से बाहर की ओर गई, जिस पर डिकवेला ने ढीला शॉट खेलने की कोशिश की और गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों में चली गई। इसके साथ ही डिकवेला का पहला टेस्ट शतक लगाने का सपना भी टूट गया। उन्होंने 115 गेंदों की पारी में 7 चौके लगाए। श्रीलंका ने 58 ओवर में 5 विकेट पर 219 रन बना लिए हैं। निरोशन डिकवेला 76 रन और सोनल दिनूषा 62 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच मजबूत साझेदारी जारी है और श्रीलंका ने शुरूआती पांच विकेट गंवाने के बाद पारी को अच्छी तरह संभाल लिया है। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 10 ओवर में 40 रन दिए हैं, लेकिन उन्हें अब तक कोई विकेट नहीं मिला है।

स्वियातेक का शानदार प्रदर्शन जारी, सबालेंका भी जीती

मेसन (ओहियो)। पिछले सप्ताह टोरंटो में खिताब जीतने वाली इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में कोलंबियाई खिलाड़ी एमिलियाना अरंगो को 6-3, 6-0 से हराया। यह स्वियातेक की लगातार सातवीं जीत थी। उन्होंने पिछले साल सिनसिनाटी में खिताब जीता था। एरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी तालिया गिब्सन को 6-2, 7-6 (2) से हराया। सबालेंका का 2022 से सिनसिनाटी में रिकॉर्ड 15-3 हो गया है। टोरंटो में फाइनल में स्वियातेक से हारने वाली एलेना रायबाकिना ने अमेरिकी खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड को 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में टेलर फ्रिट्ज ने अपने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसेन को 6-3, 6-4 से जबकि विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे ने स्टेफानोस सिटसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से हराया।



सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं

सिनोद प्रजापति-(प्रधान प्रति)
पूनम प्रजापति-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड नगर मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं
बलिराम यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेमरा बलौहा, पोस्ट मेवली
जिला-मीरजापुर नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर

देश के 80 वां स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
VINDHYA OXFORD PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to BSB, Nursery, 10+2)
SAGARA VINDHYACHAL ROAD, MIRZAPUR, Mob.: 9335445512

दिलीप तिवारी

डूरंड कप : मोहन बागान सेमीफाइनल में

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जाइंट ने सोमवार को यहां जमशेदपुर एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 9-8 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। मोहन बागान की ओर से सहल अब्दुल समद जबकि जमशेदपुर एफसी की ओर से देवेंद्र मुर्गांवकर ने गोल किए। इसके बाद मोहन बागान ने लंबे चले पेनल्टी शूटआउट में बाजी मारी।

शूटआउट में रोमांच चरम पर पहुंच गया और मुकाबला सडन डेथ तक चला गया जहां शुरुआती 16 पेनल्टी किक सफल रहीं। सडन डेथ की चौथी किक पर लॉमसांगजुआला के प्रयास को मोहन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ ने नाकाम कर दिया। इसके बाद टेकचाम अभिषेक सिंह ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर मोहन बागान की जीत सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में मोहन बागान का सामना शिलॉन्ग लाजोंग एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

हॉकी विश्व कप : इंग्लैंड ने भारत को 4-2 से हराया

एम्स्टेलवीन। भारत को सोमवार को यहां पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी के दूसरे मैच में बढ़त बनाने के बावजूद दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाने के कारण इंग्लैंड के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

विश्व कप जीत, दोहराना चाहते हैं खिताब : नवनीत

एम्सटेलवीन। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पिछले साल विश्व कप में खिताबी जीत से प्रेरणा लेने वाली स्टार हॉकी खिलाड़ी नवनीत कौर का कहना है कि वह हॉकी में इस उपलब्धि को दोहराना चाहते हैं। विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच विश्व कप के पहले मैच में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और दुनिया की चौथे नंबर की टीम चीन को 2-2 से ड्रॉ पर रोककर शानदार शुरूआत की।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में आयरलैंड की नोबल को पीवी सिंधु ने हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय स्टार पीवी सिंधु ने बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत से शुरूआत की है। उन्होंने सोमवार को विमेंस सिंगल्स के पहले मैच में आयरलैंड की सोफिया नोबल को 29 मिनट में हराया। सिंधु ने मुकाबला 21-7, 21-11 से जीता। दूसरे राउंड में सिंधु का मैच कनाडा की वेन यू झांग से होगा। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन ने मेंस डबल्स में आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया और पॉल रेनॉल्ड्स को हराया। त्रिषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने विमेंस डबल्स में स्पेन की पाउला लोपेज और एल रोड्रिगेज को मात दी। मेंस सिंगल्स में आयुष शेट्टी का मैच टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन चीन खिलाड़ी शी यू ची से हो रहा है।

> पीवी सिंधु ने 29 मिनट में जीता पहला मैच

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार सिंह
जिला खान अधिकारी
मीरजापुर

विग्नेश व सारण्या ने एशियाई जूनियर ब्लिट्ज खिताब जीते

मुंबई। भारत ने एशियाई जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को यहां ओपन और बालिका ब्लिट्ज वर्ग में क्रमशः विग्नेश वर्मुला और सारण्या देवी के खिताब के साथ दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वर्मुला ने टूर्नामेंट में 23वीं वरीयता के साथ शुरुआत की थी लेकिन पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। वह शर्नार्थी वीरेश और नंदीश वी एस के साथ समान अंक पर रहे लेकिन बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर खिताब अपने नाम किया।

देश के 80वां स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
1. जनहित में अनावश्यक जल बेकार न बहने दें।
2. नहरों को साफ सुथरा रखने में सहयोग दें।
3. नहरों का कटान न करें, कानून अपराध है।
हम उत्तर प्रदेश शासन के मनसा अनुसार जनहित में सेवारत है
इं. राजाराम चौधरी- अधिशासी अभियंता
लघु डाल, नहर प्रखंड- मीरजापुर, उत्तरप्रदेश

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार पाण्डेय
जिला-मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 80 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. सी.बी. जायसवाल डॉ. मृदुला जायसवाल
एमबीबीएस एमडी (बाल रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)
* हम अपने निम्न प्रतिष्ठान के साथ जन सेवा में तत्पर हैं।
* कृष्णा हास्पिटल (ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध) स्थित मिशन कम्पाउण्ड मीरजापुर।
* नेशनल डायग्नोस्टिक सेंटर (हर प्रकार की जांच, डिजिटल एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड सुविधा युक्त) जिला चिकित्सालय के सामने कचहरी रोड मीरजापुर।

15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस

हर घर तिरंगा, हर दिल भारत।

नमन उन वीरों को, जिनके बलिदान से मिला हमें स्वाधीनता का मान

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

अनिल पाण्डेय
मण्डल मंत्री
भारतीय जनता पार्टी-मिजापुर मण्डल, महानगर गोरखपुर

15 AUGUST
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नफरत बुरी है, न पालो इसे, दिलो में खालिश है, निकालो इसे
विजय ओमर (प्रबंधक) भगवती प्रसाद बालिका इंटर कालेज बांदा

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, की हार्दिक शुभकामनाए
देश का भविष्य केवल संसद या सरकार के भवनों में नहीं, बल्कि हमारी कक्षाओं में भी तैयार होता है

राजवीर सिंह
जिला महामंत्री पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ-बांदा

15th AUGUST INDEPENDENCE DAY
मेजर मिथलेश कुमार पांडेय(प्रधानाचार्य) आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ विकाश गुप्ता
(M.B.B.S-KGMC)
बालाजी हॉस्पिटल
गोला-कौड़ीराम रोड, चंद चौराहा, गोला बाजार (गोरखपुर)

आजाद भारत के लाल है हम, आज शहीदों को सलाम करते है, युवा देश की शान है हम, अखंड भारत का संकल्प करते है
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अनमोल जड़िया
उपाध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार मंडल सदर 235 विधानसभा क्षेत्र बांदा
7275546102 Anmol jadiya

D.R. PUBLIC INTER COLLEGE
सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ता हमारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
MANAGER Mrs. Shruti Bhardwaj | CHAIRMAN Mr. Chandra Mauli Bhardwaj | PRINCIPAL Mr. Suneel Tripathi
Address : Dheeraj Nagar, Tindwari Road, Banda
Contact : 7398441433, 7800662433

सदर तहसील के सभी राजस्व कर्मियों व जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस-रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

अमित आसेरी	नवीन प्रसाद	विकास पांडेय
जिलाधिकारी	उपजिलाधिकारी	तहसीलदार
बांदा	सदर-बांदा	बांदा

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर शिक्षकों, छात्रों व जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

मेजर मिथलेश कुमार पांडेय
प्रधानाचार्य
आदर्श बजरंग इंटर कालेज-बांदा

विकास खण्ड गोला (जनपद-गोरखपुर) की समस्त सम्मानित जनता, ग्राम प्रधान/क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अधिकारी व कर्मचारियों को राष्ट्र पर्व स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

एक कदम स्वच्छता की ओर

- कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फेंककर हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करें। - सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखें। - अपने आस-पास के लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक करें।

दिवाकर सिंह	संजय कुमार
खण्ड विकास अधिकारी	सहायक विकास अधिकारी-पंचायत
विकास खण्ड गोला, गोरखपुर	विकास खण्डगोला, गोरखपुर

स्वच्छ बांदा — कार्यालय नगर पालिका परिषद बांदा — सुन्दर बांदा

15 अगस्त 2026 80वें स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पावन पर्व पर नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

नगर के स्वच्छ सुन्दर बनाए रखने एवं नगर के विकास हेतु नगरवासियों से अपील है कि :-

अपील

1. शहर को स्वच्छ बनाये रखने हेतु थैले के कपड़े का प्रयोग करें। 2. अपने पशुओं को पालिका मार्गों में न बांधे न ही उन्हें खुला छोड़ें। 3. पालिका की लाइटों को क्षतिग्रस्त न करें। 4. पालिका की संपत्ति को क्षति न पहुंचायें। 5. जल एवं मृदा को प्रदूषित समय से अवश्य कराएं। 6. झाडू लगाने के बाद कूड़ा रोड पर न फेंके। 7. घर/दुकान पर सूखे एवं गीले कचरा हेतु 2 डस्टबिन रखे एवं कचरा कुड़ेदान में ही डालें। 8. सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें एवं कचरा न फैलाएं। 9. पर्यावरण शुद्ध बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक नगर में पौधे लगाएं एवं उनकी रक्षा भी करें। 10. गृह कर समय से जमा कर पालिका का सहयोग करें।

(श्री चन्द्र) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा — सम्मानित समस्त सभासदगण एवं पालिका परिवार — (श्रीमती मालती गुप्ता बासु) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांदा

के.आर. मेमोरियल एकेडमी
अंग्रेजी माध्यम
प्रथम शाखा-भड़सड़ा
द्वितीय शाखा-सुरदापार राजा
गोला बाजार, गोरखपुर
क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों, सभी अभिभावकगण प्यारे बच्चों, अध्यापक-अध्यापिकाओं को
स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ....
शिक्षा के क्षेत्र में सतत् अग्रसर और बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए सदैव तत्पर.....
प्रबन्धक- बागेश्वरी राय

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर नगर व क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों तथा विद्यालय परिवार के सभी अभिभावक बन्धुओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षणेतर कर्मचारियों एवं नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएँ
जनपद के दक्षिणांचल में शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर अग्रसर एवं सतत् प्रयत्नशील
School Code : 70540 — Affiliation No. : 2131697
लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल
निकट तहसील चौक, गोला बाजार, गोरखपुर
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE), नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
सीनियर सेकेन्ड्री (10+2) विज्ञान (गणित व बायोलॉजी) वाणिज्य वर्ग (अंग्रेजी माध्यम, सह-शिक्षा)
सम्पर्क सूत्र- 05525-297080, 297129 — 9651986353, 9838639268

चिल्लूपार (विधान सभा क्षेत्र-328) की समस्त सम्मानित जनता को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभांगी मिश्रा
समाजसेविका/ युवा व्यवस्थापिका
मां सरयू इण्डेन गैस सर्विस
गोला बाजार गोरखपुर

भारतीय जनता पार्टी-जिन्दाबाद !
नगर पंचायत गोला बाजार की समस्त सम्मानित जनता को
श्रावण मास, स्वतंत्रता दिवस, नागपंचमी, रक्षाबंधन एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
JMD PRINTING PRESS
शत्रुघ्न कसौधन
9415244554
जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गोरखपुर — जिला योजना समिति सदस्य नगर पंचायत गोला

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NAAC Accredited — NBA
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
150000+ Alumni

ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines

Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES: Courses in Collaboration with HCL GUVI — B.TECH (CSE) Generative AI | MBA- DS & AI | IMBA- DS & AI — BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in — BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialities
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in — B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in — B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA — B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES: Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS: amazon, Google, IBM, adani, zomato, Grab, accenture, TCS, pwc, Microsoft, Infosys, HARMAN, Paytm, EY, Capgemini, NEWGEN, wipro, accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in — 0522-6196300/6196222

चिल्लूपार के समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त 2026

डॉ विजयानंद तिवारी	शार्दूल विक्रम तिवारी	साहिल विक्रम तिवारी
पूर्व प्रमुख, गोला	संरक्षक, परशुराम सेवा समिति	युवा समाजसेवी, चिल्लूपार (गोला)

जय हिंद! वंदे मातरम्!